वर्ष 68 अंक 20 पृष्ठ 12
भोपाल, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024
कार्तिक कृष्ण पक्ष 01, विक्रम संवत् 2081
महानगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
www.djmp.in/epaper

"जीवन में मां-बाप ही आपके सच्चे मित्र होते हैं, क्योंकि वो आपके लिए कभी गलत नहीं सोच सकते।




## भारत ने कनाडा को 26 प्रत्यर्पण की लिस्ट भेजी

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग के लोगों पर भी एक्शन लेने को कहा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और कनाडा के बीच जारी कूटनीतिक घमासान के बीच भारत ने एक और बड़ा आरोप कनाडा पर लगाया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि कनाडा के पास भारत के कम से कम 26 प्रत्यर्पण अनुरोध लंबित हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा कि ये पिछले एक दशक या उससे भी अधिक समय से लंबित हैं। गौरतलब है कि कनाडा में एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या से भारत को जोड़े जाने के बाद इस सप्ताह दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध और भी खराब हो गए हैं।

#### कहने के बाद भी नहीं की लॉरेंस की गिरफ्तारी



साथ ही भारत ने आरोप लगाया कि उसने लॉरेंस गैंग के गिरोह के लोगों की गिरफ्तारी का भी कनाडा से अनुरोध साझा किया था, लेकिन उसने कोई एक्शन नहीं लिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह के लोगों की गिरफ्तारी के लिए कनाडाई पक्ष से कुछ अनुरोध साझा किए थे। उन्होंने हमारी मुख्य चिंताओं पर कोई कार्रवाई नहीं की है। इसके पीछे एक राजनीतिक मकसद भी है।

### कनाडा ने नहीं दिया कोई सबूत

भारत ने गुरुवार को कहा कि कनाडा के साथ मौजूदा कूटनीतिक विवाद ट्रुडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण बढ़ा है। साथ ही भारत ने दोहराया कि नई दिल्ली के खिलाफ कनाडा के गंभीर आरोपों के समर्थन में कोई सबूत साझा नहीं किया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो द्वारा सार्वजनिक जांच के दौरान स्वीकार करना बताता है कि भारत के खिलाफ लगाए गए आरोप कितने अहम हैं।

#### भारत के रुख की पुष्टि

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि कनाडा ने भारत और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ लगाए गए गंभीर आरोपों के समर्थन में कोई सबूत पेश नहीं किया है। ब्रीफिंग के दौरान जायसवाल ने दोहराया कि अभी तक कनाडा द्वारा कोई सबूत साझा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान संकट (भारत-कनाडा संबंधों में) ट्रुडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण हुआ है।

### अमेरिका बोला- पन्नू मामले की जांच में सहयोग कर रहा भारत

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि खालिस्तानी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को लेकर हो रही जांच में भारत की तरफ से सहयोग किया जा रहा है, उससे वे संतुष्ट हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि भारतीय अधिकारी हमें अपनी जांच का अपडेट दे रहे हैं और हम अपनी जांच का अपडेट उन्हें दे रहे हैं। पन्नू मामले में जांच को लेकर भारतीय टीम वॉशिंगटन में है।



मिलर ने गुरुवार को प्रेस ब्रीफिंग में ये भी बताया कि जिस शख्स पर अमेरिका में पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था, अब वह भारत सरकार का कर्मचारी नहीं है। दरअसल अमेरिका ने पहले आरोप लगाया था कि पन्नू की हत्या की साजिश रचने में आरोपी निखिल गुप्ता भारत सरकार के एक कर्मचारी का सहयोगी है। इन्होंने मिलकर न्यूयॉर्क में पन्नू की हत्या की साजिश रचने में मदद की थी। 14 अक्टूबर को अमेरिका ने कहा था कि भारत ने पन्नू की हत्या की कोशिश करने के आरोपी खुफिया अधिकारी विक्रम यादव को गिरफ्तार किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पहली बार होमग्राउंड पर 46 रन पर सिमटा भारत

**बेंगलुरु, जेएनएन।** टीम इंडिया न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्षाबाधित पहले टेस्ट में अपनी पहली पारी में 31.2 ओवर में 46 रन पर सिमट गई, जो स्वदेश में खेले गए 293 टेस्ट में उसका न्यूनतम स्कोर है। भारत के पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। यह पहली बार है कि घरेलू टेस्ट की पारी में भारतीय टीम 50 रन भी नहीं बना सकी। घरेलू मैदान पर भारत का न्यूनतम टेस्ट स्कोर 37 साल पहले वेस्टइंडीज (75 रन) के खिलाफ ■ शेष पृष्ठ 9 पर



### एक करोड़ रुपए की इनामी महिला नक्सली गिरफ्तार

**रायपुर/सुकमा, जेएनएन।** तेलंगाना पुलिस ने एक करोड़ की इनामी महिला नक्सली कल्पना उर्फ सुजाता (60) को गिरफ्तार किया है। वो हैदराबाद के महबूब नगर में इलाज कराने आई थी। नक्सली सुजाता छत्तीसगढ़ के बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा जिलों में 100 से अधिक वारदातों में शामिल रही है। पुलिस ने बताया कि कल्पना उर्फ सुजाता पर आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में इनाम था। सुजाता ने खुंखार नक्सली ■ शेष पृष्ठ 9 पर



## उज्जैन की निकिता बनीं मिस इंडिया

### मध्यप्रदेश से पहली, मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

**जागरण, उज्जैन।** मिस इंडिया 2024 का ग्रैंड फिनाले मुंबई के वर्ली में बुधवार रात को संपन्न हुआ, जहां उज्जैन की निकिता पोरवाल ने 29 राज्यों की प्रतिभागियों को पीछे छोड़कर फेमिना मिस इंडिया-2024 का खिताब जीत लिया है। निकिता अब मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। खास बात ये है कि निकिता रामलीला में सीता और कृष्णलीला में राधा का किरदार निभाकर इस मुकाम तक पहुंची हैं। निकिता को मिस इंडिया का खिताब मिलने के बाद उज्जैन के उनके अरविंद नगर स्थित घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। करीब दो माह पहले ही शहर की निकिता पोरवाल ने 200 प्रतिभागियों के बीच फेमिना मिस इंडिया मध्यप्रदेश-2024 का खिताब जीता था। उन्होंने पहली बार किसी ब्यूटी स्पर्धा में हिस्सा लिया था, जिसमें ■ शेष पृष्ठ 9 पर



### जस्टिस संजीव खन्ना होंगे 51वें सीजेआई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** जस्टिस संजीव खन्ना सुप्रीम कोर्ट के 51वें चीफ जस्टिस होंगे। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने सरकार से उनके नाम की सिफारिश की है। दरअसल सीजेआई चंद्रचूड़ 10 नवंबर 2024 को रिटायर हो जाएंगे। परंपरा है कि मौजूदा सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तभी करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय से ऐसा करने का आग्रह किया जाता है। सीजेआई चंद्रचूड़ के बाद वरिष्ठता ■ शेष पृष्ठ 9 पर



### फ्रेंकफर्ट-मुंबई फ्लाइट में मिली बम की धमकी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बीते 4 दिनों से भारतीय विमानों में बम होने की धमकी मिल रही है। गुरुवार को विस्तारा और इंडिगो की फ्लाइट्स में बम होने की धमकी मिली। धमकी मिलने के बाद विस्तारा की फ्रैंकफर्ट-मुंबई फ्लाइट यूके 028 की मुंबई में आपात लैंडिंग कराई गई। यह धमकी सोशल मीडिया के जरिए दी गई। जब अधिकारियों ने बम की धमकी की सूचना क्रू मेंबर्स ■ शेष पृष्ठ 9 पर

**पाकिस्तान के एयर स्पेस में मिला इमरजेंसी सिग्नल**

### शेख हसीना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी


**नई दिल्ली, जेएनएन।** बांग्लादेश की एक अदालत ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अदालत ने 18 नवंबर तक शेख हसीना को पेश होने का आदेश दिया है। बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के मुख्य अभियोजक मोहम्मद तजुल इस्लाम ने इस बात की जानकारी साझा की। शेख हसीना के खिलाफ बांग्लादेश में मानवाधिकार ■ शेष पृष्ठ 9 पर



### इजराइल पर हमले के मास्टर माइंड याह्या सिनवार की मौत

#### नेतन्याहू ने कहा- हमने हिसाब चुकता कर दिया

**तेल अवीव, जेएनएन।** पिछले साल 7 अक्टूबर को इजराइल पर हमले के मास्टर माइंड हमास चीफ याह्या सिनवार की इजराइली हमले में मौत हो गई है। इजराइली के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और विदेश मंत्री काट्ज ने गुरुवार रात को सिनवार की मौत की पुष्टि की है। इजरायली डिफेंस फोर्सेस (आईडीएफ) ने एक दिन पहले बुधवार को एक रूटीन ऑपरेशन में सेंट्रल गाजा की एक इमारत पर हमला किया था। इसमें हमास के 3 सदस्यों ■ शेष पृष्ठ 9 पर



### दूसरी बार हरियाणा के सीएम बने नायब सैनी

**पंचकूला, जेएनएन।** हरियाणा में नायब सैनी ने दूसरी बार सीएम पद की शपथ ले ली है। सैनी राज्य के 19वें मुख्यमंत्री बने। हालांकि मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने वाले वे 11वें नेता हैं। शपथ ग्रहण समारोह पंचकूला के दशहरा ग्राउंड में हुआ। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पीएम नरेंद्र मोदी शामिल हुए। शपथ ग्रहण में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह, ■ शेष पृष्ठ 9 पर






E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.

MARUTI SUZUKI AUTHORIZED DEALERS: BHOPAL: SATYAM MOTORS: 9755000521, 9755000934. SRISATYASAI AUTOMOBILES: 0755-3560000, 9399022210. JEEWAN MOTORS: 4222888, 9826700574, 9826420748. RAJRUP MOTOR JUNCTION: 4063501, 9926100501. DAGA MOTORS: 09109900394, 08929495123. VIDISHA: DAGA MOTORS: 9109900201, 9109900374. RAJRUP MOTOR JUNCTION: 9399761981, 7909997515. RAISEN: RAJRUP MOTOR JUNCTION: 9993154745. BAREILLY: RAJRUP MOTOR JUNCTION: 7909902707. ICHHAWAR: RAJRUP MOTOR JUNCTION: 9926999636, 9826222501. BERASIA: RAJRUP MOTOR JUNCTION: 7909903916, 9826222501. GANJ BASODA: DAGA MOTORS: 9109900339. BEGUMGANJ: RAJRUP MOTOR JUNCTION: 7909997574, 9826222501. SIRONJ: RAJRUP MOTOR JUNCTION: 7024119947, 9826222501. GUNA: PREM MOTORS: 2268015, 9926809823. ASHOK NAGAR: PREM MOTORS: 8966907710, 9926800573. HOSHANGABAD: INFINITY CARS: 8889282222. BETUL: KAMTHI MOTORS: 9285506102, 9285506159. BEENAGANJ: PREM MOTORS: 9926809811. ITARSI: INFINITY CARS: 8889282222. PIPARIYA: INFINITY CARS: 8889285555. HARDA: INFINITY CARS: 8889282222.SAGAR: ADINATH CARS: 223491, 9009780050. NIWARI: ADINATH CARS: 6262600297, 6262600289. DAMOH: ADINATH CARS: 292249, 9009780041. TIKAMGARH: ADINATH CARS: 9009113388, 9009780134. CHHATARPUR: ADINATH CARS PVT. LTD.: 9009780021, 9009780044. BINA: ADINATH CARS PVT. LTD., INDUSTRIAL AREA: 9009133888, 9111008353. BIAORA: UNITARA MOTORS PVT. LTD.: 9770014220. MARUTI DRIVING SCHOOL: BHOPAL: JEEWAN MOTORS: 8959900117. RAJRUP MOTOR JUNCTION: 9826911953. SAGAR: ADINATH CARS: 8120230881. SEHORE: JEEWAN MOTORS: 07562-226400, 9926003574. RAISEN: JEEWAN MOTORS: 8959900104. ASHTA: JEEWAN MOTORS: 9617990998. UDAIPURA: JEEWAN MOTORS: 9826398707. NASRULLAGANJ: JEEWAN MOTORS: 9617990964. INDORE: KATHED MOTOCORP: 9109199001. RANA MOTORS: 9109975533, 9109975596. PATEL MOTORS: 4033333, 9826722675. KTL AUTOMOBILE PVT LTD: 9303861949, 9303861948. RUKMANI MOTORS: 9009577880, 8929152739. OCEAN MOTORS: 7879130505, 7389936445. DEWAS: UNITARA MOTORS:9770013840. DHAMNOD: KATHED MOTOCORP: 9109199022. MHOW: OCEAN MOTORS: 7389936422. DEPALPUR: OCEAN MOTORS: 7389936430. KHARGONE: NIMAR MOTORS: 7694011361, 9669569498. SANWER: RANA MOTORS: 9109984918. DHAR: RUKMANI MOTORS: 6262600525. DHARAMPURI: RUKMANI MOTORS: 6262600525. RAJGARH: RUKMANI MOTORS: 7471123196. MANAWAR: OCEAN MOTORS: 7389936468. HATOD: OCEAN MOTORS: 7389936420. BETMA: OCEAN MOTORS: 7389936464. GAUTAMPURA: OCEAN MOTORS: 7389933197. KUKSHI: OCEAN MOTORS: 7389919814. BADNAWAR: PATEL MOTORS: 9926287800. PETLAWAD: PATEL MOTORS: 9826670238. JHABUA: PATEL MOTORS: 98262 00241. ALIRAJPUR: RUKMANI MOTORS: 7089001752. BARWANI: NIMAR MOTORS: 9754483577, 9111023516. KHANDWA: NIMAR MOTORS: 9669569505, 9669569512. BARWAHA: NIMAR MOTORS: 8435239025, 9926304314. BURHANPUR: NIMAR MOTORS: 8225858217, 7697965714. SENDHWA: NIMAR MOTORS: 9669569515, 7694011410. THIKRI: NIMAR MOTORS: 9109203673, 9109573733. MAHESHWAR: NIMAR MOTORS: 9926304307, 9109573733. RATLAM: PATEL MOTORS: 9826670238, 9926003491. SHYAMGARH: PATEL MOTORS: 9826670235. MANASA: PATEL MOTORS: 9826670106, 9926838884. KHATEGAON: UNITARA MOTORS: 9201775168. GANDHWANI: RANA MOTORS: 9109975584. THIKRI: NIMAR MOTORS: 9109203673. MARUTI DRIVING SCHOOL: PATEL MOTORS: 4269928, 9977703162, 9009985093. OCEAN MOTORS: 7389936408. RUKMANI MOTORS: 9589883600. KTL AUTOMOBILES: 9303786490. KATHED MOTORCROP: 6262620176. NIMAR MOTORS (KHARGOAN): 7987958181, UNITARA MOTORS (DEWAS): 9303900141, SHUJALPUR: UNITARA MOTORS: 9770014211, SHAJAPUR: UNITARA MOTORS: 9770014220, BIAORA: UNITARA MOTORS: 9770014230, JIRAPUR: UNITARA MOTORS: 9303996704, AGAR: UNITARA MOTORS: 9770014220. JOBAT: RUKMANI MOTORS: 7089001752, BHAVRA: RUKMANI MOTORS: 7089001752, SIMROL: RUKMANI MOTORS: 9826026567. LOHARI: KATHED MOTOCORP: 7471111127. CHANDRAWATIGANJ: KATHED MOTOCORP: 7471111126. PITHAMPUR: KTL AUTOMOBILES: 9303861950, 9303861951. DAHI: KTL AUTOMOBILES: 9303786479. UJJAIN: YUG CARS: 2519200, 9893111175. TARANA: YUG CARS: 9893111175, 9589090827. BADNAGAR: YUG CARS: 9993566820, 9755510100. NAGDA: YUG CARS: 9752530200, 9893111175. MAHIDPUR: YUG CARS: 9755510100, 9109107176. SHAJAPUR: UNITARA MOTORS PVT. LTD.: 9770014220. SHUJALPUR: UNITARA MOTORS PVT. LTD.: 9770014220. AGAR MALWA: UNITARA MOTORS: 9770014220. KHACHROD: YUG CARS: 9584030073, 9752530200. GHATIYA: YUG CARS: 9755510100, 9752337701. RATLAM: PATEL MOTORS: 9109164818, 9926003491. BADNAWAR: PATEL MOTORS: 9926287800. PETLAWAD: PATEL MOTORS: 9977301617. SHYAMGARH: PATEL MOTORS: 9826670235. MANASA: PATEL MOTORS: 9826670106, 9111104515. ALIRAJPUR: RUKMANI MOTORS: 9109163479. SINGOLI: PATEL NEEMUCH: 9977703276, ALOTE: PATEL RATLAM: 9926483200. NEEMUCH: PATEL MOTORS: 9926203912. MANDSAUR: PATEL MOTORS: 9826670065. JHABUA: PATEL MOTORS: 9826200241. JAORA: PATEL MOTORS: 9977223417. SAGAR: ADINATH CARS: 223491, 9009780050. CHHATARPUR: ADINATH CARS: MAHOBA ROAD: 9009780021, 9009780044. BINA: ADINATH CARS: 9009133888, 9111008353. DEORI: ADINATH CARS: 6262600285. NIWARI: ADINATH CARS: 6262600297, 6262600289. MARUTI DRIVING SCHOOL: SAGAR: 8120230881. DAMOH: ADINATH CARS: SAGAR NAKA: 9009780023, 9009780041. TIKAMGARH: ADINATH CARS: NEAR BUS STAND: 9009113388, 9009780134. CHHINDWARA: KAMTHI MOTORS: 9285506100, 9285506101. MARUTI DRIVING SCHOOL: CHHINDWARA: KAMTHI MOTORS: 7723016001. PARASIA: KAMTHI MOTORS: 9285506109. BETUL: KAMTHI MOTORS: 9285506102, 9285506164. LAKHNADON: KAMTHI MOTORS: 9285506101, 9285506111. PANDURNA: KAMTHI MOTORS: 9329918420, 9285506120. BALAGHAT: KAMTHI MOTORS: 9285506101, 9285506139. SOURSAR: KAMTHI MOTORS: 9285506117, 9285506120. JABALPUR: STANDARD AUTO AGENCIES: 4040401-2, 7771014739. MAA GAYATRI AUTOMOBILES: 8817410003, 8817410004. SHUBH MOTORS: 9755592666, 9755595242 GOTEGAON: STANDARD AUTO AGENCIES: 7771014721. NARSINGPUR: STANDARD AUTO AGENCIES: 7771010065. MARUTI DRIVING SCHOOL: JABALPUR: SHUBH MOTORS: 9755595567, MAA GAYATRI AUTOMOBILES: 9285222233. KATNI: SHUBH MOTORS: 9755502206. STANDARD AUTO AGENCY: 7771014767. SEONI: KAMTHI MOTORS: 9285506101, 9285506111, 9285506157, BICHHIYA: MAA GAYATRI AUTOMOBILES: 7489901072, BALAGHAT: KAMTHI MOTORS: 9285506101, 9285506156, 9285506139. BIJURI: SHUBH SHAHDOL: 9755595564. MAHJOLI: SHUBH SHAHDOL: 9755595489. GADARWARA: STANDARD AUTO AGENCIES: 7771014735. PATAN: MAA GAYATRI AUTOMOBILES: 7489901038, 7489901044. NAINPUR: STANDARD AUTO AGENCIES: 9303788844. TENDUKHEDA: STANDARD AUTO AGENCIES: 7771014735. SHAHPURA: STANDARD AUTO AGENCIES: 9340698863. KATNI: SHUBH MOTORS: 9755595489. KOTMA: SHUBH MOTORS: 9755093752. BARHI: SHUBH MOTORS: 9755595482. UMARIA: SHUBH MOTORS: 9755595544. BIRSINGHPUR PALI: SHUBH MOTORS: 9755595542. SIHORA: SHUBH MOTORS: 9755093779. SLIMNABAD: SHUBH MOTORS: 9755093779. ANUPPUR: SHUBH MOTORS: 9755595563. BEOHARI: SHUBH MOTORS: 9755549583. SHAHDOL: SHUBH MOTORS: 9755548589. DINDORI: STANDARD AUTO AGENCIES: 7771014732. SHAHPURA MANDLA: STANDARD AUTO AGENCIES: 9303788844. GWALIOR: PREM MOTORS: A.G. OFFICE ROAD: 9826177762. PREM MOTORS: SHIVPURI LINK ROAD: 9926809832. NIKUNJ MOTORS: GOLE KA MANDIR: 9109105639, 9109198250. BHITARWAR 9109105612, 9109198250 BHADARWAS: 9109105619, 9109198250. MARUTI DRIVING SCHOOL: 9109105579, 9109198250. GUNA: PREM MOTORS: 9926809979. SHIVPURI: PREM MOTORS: 9926909983, 9926809865, 9926809866. MORENA: PREM MOTORS: 9926809850, 9926002412. DATIA: PREM MOTORS: 9826828024. GOHAD: PREM MOTORS: 8461001162. BHIND: PREM MOTORS: 8461001170. DABRA: PREM MOTORS: 8966907712. SHEOPUR: PREM MOTORS: 9926900607. ASHOK NAGAR: PREM MOTORS: 8966907710. BEENAGANJ: PREM MOTORS: 9926809979. MARUTI DRIVING SCHOOL: PREM MOTORS: GWALIOR: 9926809854.

*Terms & Conditions apply. Offers applicable on selected models. Car models and accessories shown may vary from the actual product. Images used are for illustration purposes only. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Car colour shown may vary from actual body colour due to printing on paper. **3 years or 100 000 km whichever is earlier. Applicable Terms and condition available at Maruti Suzuki Dealerships. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Offer valid for limited models and in select states only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Inclusive of offers available at the time invoicing.

# दिग्विजय का वार क्या खेल बिगाड़ेगा कार्तिकेय का!

## मध्यप्रदेश की बुधनी और विजयपुर विधानसभा में उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया हो रही शुरू

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश की बुदनी विधानसभा चुनाव में भाजपा का प्रत्याशी कौन होगा, यह निर्णय दिल्ली को लेना है, लेकिन दिग्विजय सिंह ने यहां के संभावित प्रत्याशी को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं कि उपचुनाव के प्रत्याशी से यह तय हो जाएगा कि भाजपा और उनके नेता राजनीति में परिवारवाद की पक्षधर हैं या विरोधी। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश की बुधनी और विजयपुर विधानसभा में उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो रही है। 18 अक्टूबर यानि कि शुक्रवार से नामांकन पत्र दाखिल करने का सिलसिला शुरु हो जाएगा। लेकिन इससे पहले पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के एक ट्वीट ने भाजपा को परेशान सा कर दिया है। दरअसल बुदनी से केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान भाजपा की टिकट के लिए प्रबल दावेदार माने जा रहे है। लेकिन इस बीच पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह का एक ट्वीट सामने आया है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि क्या संयोग है आज ही बुधनी उपचुनाव में बीजेपी का उम्मीदवार तय होना है। आज ही शिवराज सिंह चौहान पूरे परिवार के साथ नरेन्द्र मोदी से मिले हैं। क्या नरेन्द्र मोदी ने कार्तिकेय को आशीर्वाद दे दिया? क्या हम कार्तिकेय को बधाई दे दें। इसके साथ ही उन्होंने लिखा कि एमपी के बुधनी उपचुनाव में भाजपा का उम्मीदवार कौन होगा प्रमाणित करेगा नरेन्द्र मोदी जी, अमित शाहजी, शिवराज सिंह चौहान, जेपी नड्डा तथा आरएसएस राजनीति में परिवार वाद की पक्षधर हैं या विरोधी हैं। जय सियाराम। इस ट्वीट के बाद सियासी हलचल तेज हो गई है। दरअसल गुरुवार को केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने परिवार के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की है। इस संबंध में शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की तस्वीर साझा करते एक्स पर लिखा कि आदरणीय नरेन्द्र मोदी से अपनी धर्मपत्नी साधना और दोनों बेटे कार्तिकेय-कुणाल के साथ भेंट की। हमने प्रधानमंत्री जी को दोनों बेटों की शादी में आने का निमंत्रण दिया और उनसे आशीवार्द लिया। उन्होंने कहा स्नेह ,प्रेम,आत्मीयता और अपनेपन से भरे आदरणीय प्रधानमंत्री जी अभिभावक और बड़े भाई है। वह मानवीय संवेदनाओं से भरे अत्यंत सहज और सरल हैं। प्रधानमंत्री जी से मिलकर मन भावुक हो गया। उनके साथ देश और किसानों के लिए काम करना जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में विजयपुर में वन मंत्री रामनिवास रावत के नाम के अलावा बुधनी से चार नामों का पैनल दिल्ली भेजा गया था,इसमें शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय चौहान को संभावित उम्मीदवार के रुप में देखा जा रहा है। लेकिन दिग्विजय सिंह के ट्वीट वार ने भाजपा को सोचने पर मजबूर कर दिया है,क्योंकि भाजपा के शीर्ष से लेकर निचले स्तर के नेता कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाते रहते है।



### दूसरे नेता पुत्रों को भी नहीं मिला टिकट

उल्लेखनीय है कि सूबे के बीते विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं द्वारा अपने पुत्रों को टिकट दिलाने के प्रयास हुए थे। तब विधानसभाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के पुत्र देवेन्द्र सिंह तोमर,पं.गोपाल भार्गव के पुत्र अभिषेक भार्गव, पूर्व राज्यसभा सांसद स्व. प्रभात झा के पुत्र तुष्मुल झा सहित कुछ और नेता पुत्रों को टिकट के दावेदारों के रुप में देखा जा रहा था,किन्तु भाजपा ने इन दावों को इस लिए खारिज कर दिया था कि पार्टी पर परिवारवाद का आरोप नहीं लगे।

# मध्यप्रदेश तेजी से विकसित होता राज्य है : सीएस जैन



## दो दिवसीय माईनिंग कॉन्क्लेव का हुआ शुभारंभ

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सूबे के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का तेजी से विकसित होता राज्य है। प्रदेश मिनरल रिसोर्सेस में तो नम्बर वन है ही, यहां पानी, कोयला एवं अन्य प्राकृतिक संसाधनों की भी प्रचुरता है। जैन राजधानी के कुशाभाऊ कन्वेंशन सेंटर में गुरुवार को शुरू हुई माइनिंग कॉन्क्लेव में शुभारंभ करने के बाद अपना उद्बोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में जैसे खनिज संसाधन हैं और जिस तरह उनका दोहन हो रहा है, उससे मध्यप्रदेश के तीसरे पायदान पर पहुंचने में कोई संदेह नहीं है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के खनिज विभाग द्वारा माइनिंग कॉन्क्लेव का आयोजन इस दिशा में एक बड़ा प्रयास है। उन्होंने निवेशकों से कहा कि वे राज्य में निवेश करें और प्रदेश एवं देश की विकास यात्रा में सहभागी बनें। मुख्य सचिव ने कहा कि मध्यप्रदेश वह राज्य है जहां उद्योगों में नो मेन डे लॉस है। यहां के श्रम कानून इंडस्ट्रीज फ्रेंडली हैं। मध्यप्रदेश के सहज प्रशासनिक अधिकारियों और राजनेताओं की सोच सकरात्मक एवं सहयोगी है। यहां पर देश में सबसे पहले लोकसेवाओं के प्रदाय की गारंटी के लिए अधिनियम लागू किया गया, जिसे बाद में अन्य राज्यों ने भी अपनाया।

### माईनिंग कॉन्क्लेव तकनीकी सत्र

माईनिंग कॉन्क्लेव में प्रथम दिन के द्वितीय सत्र में तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। इसमें मध्यप्रदेश राज्य के खनिज धारी उपयुक्त क्षेत्र को चिन्हित करने के संबंध में उपयोग की जाने वाली आधुनिक तकनीक के बारे में विभिन्न संस्थाओं के विषय विशेषज्ञ द्वारा विचार व्यक्त किये गये। उनके द्वारा उपयोग की जा रही तकनीक का प्रेजेंटेशन भी दिया गया।

### देश की टॉप कंपनियां आएंगी मध्यप्रदेश

कान्क्लेव के शुभारंभ के उपरांत पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्य सचिव अनुराग जैन ने पत्रकारों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि इस कॉन्क्लेव के बाद खनन के क्षेत्र में काम करने वाली देश की टॉप कंपनियां मध्यप्रदेश आएंगी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में मध्यप्रदेश में माइनिंग के क्षेत्र का बहुत तेजी से विकास हुआ है। हमारा कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट लगभग 20 प्रतिशत है। राज्य की जीडीपी में खनन क्षेत्र का योगदान तेजी से बढ़ रहा है। मुख्य सचिव ने बताया कि अभी खनन से राजस्व आय के मामले में मध्यप्रदेश पांचवें नंबर पर है और हमें आशा है कि हम जल्द ही तीसरे नंबर पर पहुंचेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएचडी छात्रवृत्ति के लिए 18 नवंबर तक कर सकेंगे आवेदन

**एससी-एसटी और दिव्यांग श्रेणी के शोधार्थियों को मिलेगी स्कॉलर**

**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2024-25 के लिए विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/जनजाति एवं दिव्यांग श्रेणी (सभी वर्ग) के शोधार्थियों को पीएचडी शोध छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इसके अनुसार सत्र 2024-25 के लिए अनुसूचित जाति/जनजाति एवं दिव्यांग (दिव्यांग श्रेणी के सामान्य/पिछडा वर्ग /अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) के शोधार्थी, पीएचडी शोध छात्रवृत्ति के लिए 18 नवंबर 2024 तक आवेदन पत्र जमा कर सकेंगे। उक्त शोधार्थियों को अपना आवेदन पत्र, संस्था/शोध केन्द्र से अग्रेषित कराकर कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, तृतीय तल सतपुडा भवन, भोपाल में 18 नवंबर तक जमा करना/भेजना होगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाईट पर नवीन निर्देश के अंतर्गत उपलब्ध है, जो अनुसूचित जाति/जनजाति एवं दिव्यांग (दिव्यांग श्रेणी के सामान्य/पिछडा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) के शोधार्थियों को पीएच.डी. शोध छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने के बावतच्छ शीर्षक पर अंकित है।

### ध्यान समागम में पूरे प्रदेश के संन्यासी हुए शामिल

**भोपाल।** राजधानी में गुरुवार को एक दिवसीय ओशो ध्यान शिविर में प्रदेश भर से आए सन्यासियों ने भाग लिया। इस मौके पर कलाकारों द्वारा अपनी-अपनी प्रस्तुति भी दी गई। शरद पूर्णिमा पर आयोजित शिविर को ओशो सन्यासिन मां आरती राजदान ने संबोधित किया, जबकि सूफी गायक मनीष शुक्ला और गजल गायक प्रदीप-नितिन अग्रवाल ने सामूहिक गजलों की प्रस्तुतियां दी। समागम में दूसरी प्रस्तुति ओशो की जन्मस्थली नरसिंहपुर से आए सूफी गजल गायक मनीष शुक्ला ने दी है । इसी तरह दमोह के गजल गायक प्रदीप-नितिन अग्रवाल बंधु ने भी सामूहिक प्रस्तुतियां दी ं। शिविर का संयोजन ओशो सन्यासी संजय कुकरेजा, ओशो सन्यासी राजेश माधव, स्वामी मनीष, स्वामी दीपक श्रीवास्तव, स्वामी विमुखजो उज्जैन और स्वामी बोधि रजनीश ने किया। आयोजन के संबंध में चंद्रशेखर राय चंदू स्वामी और स्वामी दिग्विजय पटेल ने बताया कि जो लोग ध्यान के उत्सुक हैं, उनके लिए अपने आप को जानने और सारी दुविधाओं से ऊपर उठने का यह एक बेहतरीन मौका है।

### स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास स्थायी समिति की बैठक आज

**भोपाल।** स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास स्थायी समिति की बैठक शुक्रवार, 18 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत भोपाल में आयोजित की गई है। चंद्रेश राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समिति सदस्य, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल जीवन मिशन के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में स्वास्थ्य, महिला बाल विकास एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। समिति के पदेन सचिव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना, जननी सुरक्षा योजना, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, कुष्ठ, निक्षय पोषण योजना एवं टीबी कार्यक्रम के नोडल अधिकारियों, खंड चिकित्सा अधिकारियों, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों, महिला एवं बाल विकास के परियोजना अधिकारियों को आवश्यक जानकारियों सहित बैठक में उपस्थित रहने को कहा है।

### भोपाल में कृषि उत्पादन आयुक्त की समीक्षा बैठक आज

**भोपाल।** भोपाल में शुक्रवार 18 अक्टूबर को कृषि उत्पादन आयुक्त की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक सुबह 10 बजे से एपेक्स बैंक समन्वय भवन में प्रारंभ होगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य खरीफ 2024 की फसलों की स्थिति की समीक्षा करना और रबी 2024-25 के लिए प्रभावी तैयारी सुनिश्चित करना है।

# प्रदेश में खाद-बीज संकट पर सरकार को घेरा

## दिग्विजय बोले - नैनो यूरिया सबसे बड़ा स्कैम, कृषि विभाग पर नजर रखें पीएम

**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** प्रदेश में खाद के लिए परेशान हो रहे किसानों के मुद्दें पर कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधा है। हालांकि सरकार का दावा हैं कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह और पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए सरकार को घेरा। दिग्विजय सिंह ने कहा कि मप्र में खाद संकट को लेकर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जिम्मेदार हैं। खाद की कालाबाजारी की जा रही है। वहीं जीतू पटवारी ने बताया कि किसान विरोधी सरकार के खिलाफ कांग्रेस गांव-खेत यात्रा निकालेगी।



किसानों के खेत पर जाकर सोशल मीडिया के जरिए सरकार को जगाने का प्रयास किया जाएगा। दिग्विजय सिंह ने कहा कि 1993 से लेकर 2003 तक कांग्रेस पार्टी की सरकार थी। उस दौरान खाद के लिए किसान को परेशान नहीं होना पड़ा और एक भी बोरी खाद की कालाबाजारी नहीं हुई। आज खाद की ब्लैक मार्केटिंग और नकली खाद के मामले में बीजेपी के लोग सामने आ रहे हैं। दिग्विजय ने कहा 2004 के बाद जैसे ही शिवराज सिंह चौहान, जो किसान पुत्र कहलाते हैं, कृषि विभाग का सबसे ज्यादा सत्यानाश उनके कार्यकाल में हुआ है। अब वे केन्द्र सरकार में कृषि मंत्री हैं तो मैं मोदी जी से अनुरोध करूंगा कि वे जैसा कहते हैं कि न खाऊंगा न खाने दूंगा। तो शिवराज सिंह चौहान के कृषि मंत्रालय पर थोड़ा नजर रखें।

### किसानों से किए वादे नहीं निभाएं : पटवारी

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा- बार-बार यह बात स्थापित होती जा रही है कि भारतीय जनता पार्टी और उनकी सरकार शिवराज सिंह चौहान और मोहन यादव किसान विरोधी हैं। कमलनाथ सरकार ने जो किसानों की ऋण माफी योजना जिसमें किसानों का कर्ज माफ हो रहा था। यह सरकार किसानों का ऋण खा गई। 2900 गेहूं और 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान के दाम का वादा करके सरकार में आ गए और किसानों को बाद में धोखा दे दिया। पटवारी ने शिवपुरी, खुरई, आष्टा, इटारसी में खाद को लेकर किसानों के प्रदर्शन और परेशानी की मीडिया रिपोर्ट्स दिखाते हुए खाद संकट की जानकारी दी।

### नैनो की उर्वरक क्षमता बहुत कम

दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया कि नैनो यूरिया सबसे बड़ा स्कैम है। जिसका प्रचार पीएम मोदी कर रहे हैं। दानेदार यूरिया की अपेक्षा नैनो यूरिया की उर्वरक क्षमता बहुत कम है। किसानों के ठगने के लिए नैनो यूरिया के नाम पर साजिश की जा रही है। दिग्विजय सिंह ने कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि मप्र में 8 टेस्टिंग लैबोरेटरी हैं। सर्वदलीय कमेटी बनाकर गोदामों से खाद मंगाकर टेस्टिंग करा लीजिए। जिस खाद में गड़बडी निकले उस खाद निर्माता कंपनी पर कार्रवाई कीजिए। दिग्विजय ने कहा हमारे जमाने में ट्रांसपोर्ट विभाग बड़ा कमाऊ विभाग हुआ करता था अब कृषि विभाग ने उसे पीछे छोड़ दिया है। झूठे आंकड़े देकर हजारों करोड़ का कृषि विभाग में घोटाला हुआ है। ऑर्गेनिक खेती के नाम पर सब्सिडी देने के लिए फर्जी नामों पर पैसे ले लिए गए।

# विश्व धरोहर सूची में शामिल होना गर्व का विषयः सीएम



**विसं भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राम राजा की नगरी ओरछा (जिला निवाड़ी) को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के सूची में शामिल करने के निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब विश्वभर में मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर की गूंज सुनाई देगी। राम राजा सरकार की नगरी ओरछा मध्यप्रदेश की नई विश्व धरोहर बनने जा रही है। यूनेस्को की आधिकारिक घोषणा के पश्चात ओरछा नगरी विश्व धरोहर बन जाएगी। उन्होंने इस चयन पर यूनेस्को पदाधिकारियों का आभार मानते हुए केंद्र सरकार के संस्कृति, पर्यटन एवं पुरातत्व विभाग को बधाई दी है।

# भाजपा सरकार किसानों को बना रही आत्मनिर्भर : शर्मा



**विसं भोपाल।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बना रही है,ऐसे में जीतू पटवारी के मुंह से किसान हित की बात शोभा नहीं देती। पत्रकारों से चर्चा करते हुए शर्मा ने कहा कि दिग्विजय सिंह के शासनकाल में बैतूल जिले के मुलताई में निर्दोष किसानों को गोलियां से भूना गया था। किसानों पर गोलियां चलवाने वाले दिग्विजय सिंह अब बहरूपिया बनकर किसान हित की बात कर रहे हैं। किसान कर्ज माफी के झूठे वादे कर सत्ता में आई कांग्रेस की कमलनाथ सरकार 15 महीने तक सिर्फ किसानों को छलने का कार्य किया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने कल ही गेहूं, चना, मसूर, तिलहन अनाजों के समर्थन मूल्य को बढ़ाकर किसानों को बड़ी सौगात दी है। मध्यप्रदेश में किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने के साथ समय पर खाद, बीज, सिंचाई के लिए पानी और बिजली भरपूर मात्रा में उपलब्ध कराई जा रही है। नकारात्मक राजनीति करने की आदी हो चुकी कांग्रेस को अच्छे कार्य दिखाई ही नहीं देते हैं।

### परिवार कल्याण अंतर्गत विकल्प कार्यक्रम कार्यशाला आज

**भोपाल।** परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत विकल्प कार्यक्रम कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार, 18 अक्टूबर को दोपहर 1.00 बजे से जिला पंचायत भोपाल में किया गया है। कार्यशाला में परिवार कल्याण कार्यक्रम पर उन्मुखीकरण किया जाएगा। परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत स्थायी साधनों, अस्थाई साधनों, ईएसबी-1, ई एसबी-2, एफपीएलएमआईएस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

# अतिथि शिक्षक नवम्बर में करेंगे जेल भरो आंदोलन

## मांग को लेकर आक्रोषः अतिथि शिक्षकों को पुलिस ने निजी रेस्टोरेंट में नहीं करने दी बैठक

**जागरण, भोपाल।** अतिथि शिक्षक समन्वय समिति की प्रदेश स्तरीय बैठक भोपाल में आयोजित कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। आगामी जेल भरो आंदोलन नवंबर में किया जाएगा। संगठन में भूपेंद्र सविता को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष और वशिष्ठ यादव जिला अध्यक्ष हरदा को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। अक्टूबर माह में समस्त जिलों में बैठकें आयोजित कर संगठन का विस्तार किया जाएगा। सभी जिलों में संस्थापक, प्रदेश अध्यक्ष/सचिव सहित प्रदेश पदाधिकारियों को बैठकों में भेजा जाएगा। उसके बाद ही जेल भरो आंदोलन करेंगे। जेल भरो आंदोलन की तारीख अभी तय नहीं हो पाई है।



### प्रदेश अध्यक्ष/सचिव अभी यथावत रहेंगे

प्रदेश समिति के पदाधिकारियों के आग्रह पर प्रदेश अध्यक्ष सुनील परिहार और प्रदेश सचिव आगामी बैठक तक यथावत कार्य करेंगे। अतिथि शिक्षक समन्वय समिति के संस्थापक पीडी खैरवार द्वारा पदाधिकारियों के प्रस्ताव के आधार पर जेल भरो आंदोलन से पहले सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी।

### दीपावली से पूर्व हो मानदेय का भुगतान

वर्तमान सत्र में कार्यरत हजारों अतिथि शिक्षकों को एक भी माह का मानदेय भुगतान नहीं हुआ है। वर्षों से अतिथि शिक्षकों के साथ यही होता रहा है। कभी भी समय से मानदेय नहीं दिया जाता है। अतिथि शिक्षक संगठनों ने सरकार से मांग की है कि दीपावली से पहले अतिथि शिक्षकों को मानदेय दिया जाए।

### अतिथि खटखटाएंगे सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

बैठक में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने पर भी चर्चा की गई है। पांच सदस्यीय न्यायिक समिति सुप्रीम कोर्ट याचिका दायर करने से पहले दिल्ली जाकर वरिष्ठ अधिवक्ताओं से चर्चा कर संगठन को अवगत करवाएगी। उसी आधार पर याचिका दायर होगी।

**आरोप** | ड्रग्स पकड़े जाने पर एमपी से लेकर राजस्थान तक सियासी बवाल

# मंत्री विजयवर्गीय के खुलासे पर गरमाई राजस्थान की सियासत, विस में नेता प्रतिपक्ष ने सीएम से पूछे सवाल

**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** मध्य प्रदेश में ड्रग्स की बड़ी खेप पकड़े जाने के बाद दोनों पड़ोसी राज्यों की सियासत गरमाई हुई है। क्योंकि पिछले दिनों एमपी के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने राजस्थान पर बड़े आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा था कि राज्य के नशे के कारोबार के तार राजस्थान के प्रतापगढ़ से जुड़े हैं। इसके बाद विधानसभा में नेता विपक्ष टीकाराम जूली ने सीएम भजनलाल शर्मा से कड़े सवाल भी पूछे हैं और निशाना भी साधा है। दरअसल, इंदौर के एक कार्यक्रम में कैलाश विजयवर्गीय ने एमपी के सीएम मोहन यादव के सामने ही कहा था कि, राज्य के नशे के कारोबार के तार राजस्थान के प्रतापगढ़ से जुड़े हैं। इस कारोबार में शामिल लोगों के नाम भी उन्हें पता है। चोर ही नहीं इस कारोबार के चोरों की मां को भी पकड़ा जाए।

### टीकाराम जूली ने सीएम से पूछा सवाल



सीएम राजस्थान भजनलाल शर्मा

वहीं, राजस्थान के नेता विपक्ष टीकाराम जूली ने सीएम भजनलाल शर्मा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रदेश में ड्रग्स कारोबार पर मुख्यमंत्री स्थिति स्पष्ट करें? उन्होंने कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राज्य में अपराधों का ग्राफ गिरने का दावा कर रहे हैं। दूसरी ओर भाजपा शासित मध्य प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री कह रहे हैं कि मध्य प्रदेश में पकड़ी गई करीब दो हजार करोड़ रुपये की ड्रग्स राजस्थान के सीमावर्ती जिले से आयी है। अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को स्पष्ट करना चाहिए कि इनमें कौन सही है। यदि राजस्थान में नशे के कारोबार की जड़ें फैले होने का मध्य प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का दावा सही है तो यह बहुत गंभीर और चिंताजनक बात है। अगर मध्य प्रदेश सरकार झूठी तोहमत लगा रही है तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इसका सार्वजनिक रूप से खुलासा करें।

### जूली बोले- एमपी के मंत्री के आरोप गंभीर



टीकाराम जूली

टीकाराम जूली ने आगे कहा कि मध्यप्रदेश के भोपाल में 1814 करोड़ रुपये और झाबुआ में 168 करोड़ रुपये की ड्रग्स की दो खेप पकड़े जाने पर वहां के वरिष्ठ मंत्री जो भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव भी रहे हैं। वे राजस्थान पर तोहमत लगा रहे हैं कि ड्रग्स के कारोबार की जड़ें राजस्थान में फैली हुई हैं। जूली ने कहा कि यह आरोप बहुत गंभीर है और राज्य के मुखिया जो गृह मंत्री भी हैं। उन्हें इसका स्पष्टीकरण देना चाहिए।

# इकोनॉमिक कॉरिडोर को अपग्रेड करने 3589.4 करोड़ रु. मंजूर

## मंडला-नैनपुर मार्ग के लिए भी 592 करोड़ की स्वीकृति

**विसं भोपाल।** केन्द्र सरकार ने भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर को 4-लेन में अपग्रेड करने के लिए 3589.4 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इससे जहां इन मार्ग में यात्रा के समय में कमी आएगी, तो वहीं व्यापारिक व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी। जानकारी के अनुसार भोपाल से विदिशा, विदिशा से ग्यारसपुर, सताईघाट से चौका और चौका से कैमाहा पैकेजों के लिए 3589.4 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इसी के साथ मंडला-नैनपुर मार्ग के लिए भी 592 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के 4-लेन में अपग्रेडेशन से इस क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति मिलेगी, यातायात सुगमता के साथ ही सड़क दुर्घटना में भी कमी आयेगी। इसी तरह मंडला से नैनपुर तक 46 किलोमीटर लंबे मार्ग को अपग्रेड करने के लिए भी 592 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इस मार्ग के अपग्रेड होने से क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को मिली इस सौंगात के लिये प्रधानमंत्री और केन्द्रीय मंत्री का आभार माना है। डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश सरकार बढ़ती रोड कनेक्टिविटी के माध्यम से विकास का नया अध्याय लिख रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने अपने संकल्प पत्र के तहत बुंदेलखंड विकास पथ की घोषणा की थी, जो राज्य की राजधानी भोपाल को बुंदेलखंड के सागर और छतरपुर जिलों से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण 4-लेन सड़क परियोजना है।



राजधानी का तापमान/मौसम
अधिकतम 31.5°c | न्यूनतम 25.8°c
बादल छाये रहेंगे और रिमझिम बरसात होने के आसार है


•11• राज्य •31• संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित


## संक्षिप्त खबरें

### भोपाल के 30 इलाकों में आज बिजली कटौती



**जागरण, भोपाल।** राजधानी भोपाल के 30 से ज्यादा इलाकों में शुक्रवार को 4 से 6 घंटे तक बिजली कटौती होगी। इन इलाकों में बिजली कंपनी मेंटेनेंस करेगी। जिन इलाकों में बिजली गुल रहेगी, खजूरी, शिर्डीपुरम, ओम नगर, राजहर्ष कॉलोनी, बंजारी, हलालपुर जैसे कई बड़े रहवासी इलाके भी शामिल हैं। ऐसे में लोग अपने जरूरी काम पहले से निपटा लें। ताकि, किसी प्रकार की दिक्कत न हो। जानकारी के अनुसार सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक आनंदम, कल्याणीकुं ज, शिवलोक ग्रीन, अभिनव कैम्पस, खजूरी, गुर्जर अपार्टमेंट, पलक विहार, सांई स्पर्श फेस-1 एवं आसपास के इलाके। सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक विजय नगर, वल्लभ नगर, सावन नगर, हलालपुर, आरके रेसीडेंसी, संजीव नगर, पुलिस हाउसिंग, कम्फर्ट हाइट्स एवं आसपास के क्षेत्र। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक आकृति गार्डन, करुणाधाम एवं आसपास। सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक शिर्डीपुरम, गणपति इन्क्लेव, भूमिका रेसीडेंसी, बंजारी ए सेक्टर एवं आसपास के इलाके। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक अब्बास नगर, समृद्धि परिसर, नर्मदा परिसर, ओम नगर, राजहर्ष कॉलोनी एवं आसपास के इलाके।

### ढाई साल की बच्ची को पड़ोसी के कुत्ते ने काटा

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** शाहजहांनाबाद इलाके में घर में खेल रही ढाई साल की बच्ची को पड़ोसी के पालतू कुत्ते ने काट लिया। घायल बच्ची की मां की शिकायत शाहजहांनाबाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक वाजपेयी नगर ईदगाह हिल्स निवासी 29 वर्षीय मनीषा डुमाने गृहणी है। बुधवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे वह अपने घर पर काम कर रही थीं।उनकी ढाई साल की बच्ची नायरा घर के आंगन मे खेल रही थी। तभी उनकी पड़ोसी नेहा की कुत्ता उनके आंगन में आ गया। वह नायरा के पेट में काट लिया। बच्ची के खून निकलने लगा।

### एम्स के आउटसोर्स कर्मचारी की ट्रैक किनारे मिली लाश

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** रानी कमला पति रेलवे स्टेशन के आउटर पर बागसेवनिया पुलिस ने बुधवार दोपहर एम्स के आउटसोर्स कर्मचारी का शव बरामद किया है। शव रेलवे ट्रैक से कुछ दूरी पर झाड़ियों के पास पड़ा था। पुलिस अनुमान लगा रही कि कि उसकी मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई होगी। पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। घटनास्थल पर मिले मोबाइल से मृतक की पहचान करने के बाद पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। बागसेवनिया पुलिस ने बताया कि दीपक महोबे पिता शिवनारायण (27) मूलतः बोरधई, तहसील मुलताई, जिला बैतूल का था। दीपक एम्स में आउटसोर्स में डेढ़ साल से नौकरी कर रहा था। एन-टू सेक्टर गोविंदपुरा में अपने मामा सुरेश बिझाड़े के साथ रह रहा था। सुरेश ने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात वह अपनी ड्यूटी से घर लौटे और आठ बजे खाना खाने के बाद सो गए। घर की दो चाबी हैं। दीपक कब घर आया और निकल गया उन्हें पता नहीं है।

### घर में छिपा रखी थी 4 लाख की शराब, तस्कर गिरफ्तार

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** ईंटखेड़ी पुलिस ने ग्राम निपानिया जाट में एक घर दबिश देकर करीब 4 लाख रुपए की अवैध शराब जब्त की है। पुलिस ने घर से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है, जबकि मकान मालिक फरार है। फरार आरोपी की तलाश में टीम लगाई गई है। एसपी देहात प्रमोद कुमार सिन्हा ने इलाके में अवैध शराब और मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में एसडीओपी ईंटखेड़ी मंजू चौहान को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम निपानिया जाट निवासी संजू उर्फ संजय जाट अपने घर पर भारी मात्रा में अवैध शराब रखे हुए है, जिसे वह चोरी-पिछे बेचता है। इस सूचना के बाद एसडीओपी चौहान ने पुलिस टीम के साथ निपानिया स्थित संजू के घर पर दबिश दी, वहां भारी मात्रा में देशी और विदेशी शराब रखी मिली। मकान पर मिले युवक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अशोक कटारे (35) निवासी ग्राम रायपुर थाना ईंटखेड़ी बताया। शराब को लेकर पूछताछ करने पर बताया कि उक्त शराब संजू की है, जिसे वह फुटकर में बेचता है। उसके बाद पुलिस ने शराब जब्त कर अशोक को गिरफ्तार कर लिया।

# डीजे में डांस करते-करते सड़क पर गिरा 5वीं का छात्र, मौत

## परिजन ने पुलिस को बिना सूचना दिए कर दिया अंतिम संस्कार

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** हबीबगंज इलाके में बज रहे डीजे में डांस कर रहे 5वीं के छात्र की मौत हो गई। आशंका है कि हार्ट बीट बढ़ने से किशोर को हार्ट अकैट आ गया। जिससे उसकी सांसें थम गईं। घटना 14 अक्टूबर की है। परिवार ने बच्चे की मौत की सूचना पुलिस को नहीं दी। इससे मौत की असल वजह का खुलासा नहीं हो सका है। जानकारी के मुताबिक, सांई बाबा नगर, हबीबगंज निवासी कैलाश बिल्लौरे ड्राइवर हैं। उनका 12 साल का छोटा बेटा समर सेंट जोसफ स्कूल में 5वीं पढ़ता था। सोमवार को दुर्गा विजर्सन के समय मोहल्ले में डीजे बज रहा था। इसमें शामिल होने के लिए समर भी चला गया। वह मोहल्ले के साथियों के साथ डीजे के सामने डांस कर रहा था। अचानक वह बेसुध होकर डीजे के पास गिर गया। परिजन उसे तुरंत ही अक्षय अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### डीजे बंद कराने मां चीखती रही



घटना के समय समर की मा जमुना देवी भी थीं। वह बेटे को बेसुध होते देख तुरंत ही लोगों की मदद से बेटे को अस्पताल लेकर पहुंचीं। जमुना देवी ने आपरेटर को डीजे बंद करने के कहा, लेकिन उसने बंद नहीं किया। समर के बड़े भाई अमन बिल्लौरे ने बताया कि घटना सोमवार रात करीब 8 बजे की है। चल समारोह जब दूर था तो डीजे का साउंड कम था। हमारे इलाके में आकर डीजे वाले ने साउंड बढ़ा दिया। उसे आशंका है कि डीजे की तेज आवाज की वजह से समर बेहोश हुआ। उसकी मौत हो गई।

### पुलिस की भी नहीं सुनी

दशहरा से पहले पुलिस ने डीजे आपरेटरों को बुलाकर तेज आवाज से डीजे नहीं बजाने के लिए सख्त निर्देश दिया था। पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र ने नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई को लेकर चेताया था। बावजूद डीजे आपरेटर नहीं माने। दशहरा के दिन वह मनमानी करते रहे। पुलिस ने ऐसे 91 डीजे संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज करना पड़ा था। अब इनके डीजे जब्ती की कार्रवाई चल रही है।



### तेज आवाज से शरीर में यह खतरा

- डीजे की तेज आवाज से कान की सुनने की क्षमता कम हो सकती है। डीजे से 200-500 डेसिबल तक की आवाज निकलती है, जबकि इंसान सिर्फ 80 डेसिबल की आवाज बर्दाश्त कर सकता है।
- डीजे की तेज आवाज से दिल की धड़कन बिगड़ सकती है। इसे मेडिकल साइंस में एट्रियल फिब्रिलेशन कहते हैं। इससे शरीर में खून के थक्के बनने, स्ट्रोक, और हार्ट फेल होने की समस्या हो सकती है।
- डीजे की तेज आवाज से घबराहट, मानसिक तनाव, और ब्लड प्रेशर का उतार-चढ़ाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं।
- डीजे की तेज आवाज से ध्वनि प्रदूषण होता है। इससे पर्यावरण को भी नुकसान होता है।

### नहाकर बॉथरूम से बाहर आई 32 साल की एएनएम को आया अटैक, मौत



अयोध्या नगर इलाके में नहाकर बॉथरूम से निकली 32 साल की एएनएम (ऑग्जीलियरी नर्सिंग मिडवाइफरी ) नर्स की मौत हो गई। घटना बुधवार सुबह करीब 9 बजे उस समय हुई जब नर्स नहाकर बाथरूम से बाहर निकली। अचानक वह बेसुध होकर गिर गईं। परिजन उसे तत्काल जिंदल अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने कार्डियक अरेस्ट के चलते मौत होने का अंदेशा जताया है। जानकारी के मुताबिक, अयोध्या नगर में जिंदल अस्पताल के पास रहने वाली 32 वर्षीय शीतल बैरागी शीतल वार्ड-68 स्थित आईटीआई डिस्पेंसरी में 2021 से एएनएम नर्स के रूप में काम कर रहीं थीं। बैतूल की रहने वाली शीतल की 7 महीने पहले शादी हुई थी। शीतल के भाई दीपक ने बताया कि अस्पताल ले जाने पर पता चला कि उसे अटैक आया था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद जानकारी सामने आएगी।

# ऑनलाइन मनी ट्रांसफर ऐप की स्पीकर डिवाइस सुधारने का बहाना कर 42 व्यापारियों से ठगी

## दो गिरफ्तार: ठगी करने आरोपी खुद की चर्चित ऑनलाइन पेमेंट कंपनी का बताते थे कर्मचारी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** क्राइम ब्रांच ने यूपीआई के जरिए ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा उपलब्ध कराने वाले मोबाइल एप्लीकेशन पेटीएम, फोनपे के लिए स्पीकर डिवाइस सुधारने का बहाना कर ठगी करने वाले दो शातिर जालसाजों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने शहर के 40 ऐसे व्यापारियों से ठगी कर चुके जो फूटपाथ, रोड के किनारे दुकान चलाते हैं। पुलिस इनसे अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ कर रही है। एडिशनल डीसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि शांति नगर नरेला संकरी अयोध्या बायपास निवासी सत्तार खान ने शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि दो अज्ञात व्यक्ति उसकी पान की गुमटी पर आए। दोनों ने उन्हें खुद को पेटीएम का कर्मचारी बताया। दोनों उनकी दुकान में लगा पेटीएम साउंड बॉक्स वेरीफाई करने के लिए बोला। इसके बाद सत्तार का मोबाइल लेकर चले गए। थोड़ी देर बाद पेटीएम से लिंक उनके एसबीआई बैंक अकाउंट से 1 लाख 16 हजार 600 रूपए ट्रांसफर हो गए। पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि आरोपियों ने कियोस्क संचालक के अकाउंट में सत्तार के अकाउंट से कैश ट्रांसफर किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरप्तार किया।





### वारदात का तरीका



आरोपी छोटे व्यापारियों व सड़क किनारे गुमठी लगाने वाले लोगों को फोनपे-पेटीएम कर्मचारी बन कर साउंड बॉक्स की समस्याओं ठीक करने के नाम पर धोखाधड़ी करते थे। वह व्यापारियों से धोखाधड़ी के पैसे किसी भी ऑनलाइन क्योस्क संचालको के खाते में ट्रॉसफर कर ऑनलाइन कियोस्क के दुकानदारों से पैसे कैश लेकर धोखाधड़ी करते हैं। 10 फीसदी कमीशन कियोस्क संचालक को देते हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शाजापुर निवासी 30 वर्षीय अकरम खान, रोशनपुरा टीटी नगर निवासी सिराज खान के रूप में हुई है। अकरम एमबीए है। वह पूर्व में आनलाइन पेमेंट कंपनी में जॉब कर चुका है।

## बैंक से लोन दिलाने का झांसा देकर महिला समेत 5 व्यापारियों से की ठगी, गिरफ्तार

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के पास पान-मसाले की दुकान चलाने वाली महिला को बैंक से लोन दिलाने का झांसा देकर 25 हजार रुपए ठगने वाले जालसाज को हबीबगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पूछताछ में खुलासा हुआ कि उसने महिला समेत पांच लोगों के साथ ठगी की है। पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। दुर्गा नगर निवासी ममता वानखेड़े पीसीसी के सामने पान-मसाला की दुकान चलाती हैं। उनकी दुकान पर धर्मेन्द्र शर्मा उर्फ मयंक जोशी युवक पहुंचा। उसने ममता को झांसा दिया कि एसबीआई से 5 लाख का वह लोन करवा देगा। उसने ममता से 21 सितंबर को लोन फीस के नाम पर 15000 हजार रुपए लेकर गया। घर के फोटो और कागजों पर साईन भी कराया। 23 को सुबह 9 बजे उसने फोन करके ममता को बोला कि 12 बजे तक बैंक खाते में 5 लाख रुपए आ जाएंगे। बैंक मैनेजर को 10 हजार रुपए और देने होंगे। इसकी वजह बताई कि दुकान का गुमास्ता नहीं है। बैंक मैनेजर गुमास्ता तुरन्त बनवा देगा। ममता ने उसे 10 हजार रुपए फिर से दे दिए। जब ममता के बैंक खाते में पैसे नहीं आए तो मयंक को फोन किया। उसने फोन रिसीव करना ही बंद कर दिया।

### दुकान बंद कर जालसाजी करने लगा



आरोपी पुराने शहर में इडली-डोसा की दुकान चलाता था। दुकान में अधिक प्राफिट नहीं होने से वह उसे बंद कर दिया। इसके बाद फुटपाथी व्यापारियों को बैंक से लोन दिलाने का झांसा देकर उनसे ठगी करने लगा। उसने ममता के पहले चार अन्य व्यापारियों से 10-10 हजार रुपए की ठगी कर चुका है।

## साढ़े तीन साल की बच्ची को बैड टच करने वाला जेल गया

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र में साढ़े तीन साल की बच्ची से अश्लील हकरत (बेड) टच करने वाले 19 साल के आरोपी सोहेल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गुरुवार को कोर्ट में आरोपी को पेश किया, वहां से जेल भेज दिया है। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि वह निजी कॉलेज से बीकॉम की पढ़ाई कर रहा है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि केवल एक बार ही उसने बच्ची के साथ बैड टच किया है। इससे पूर्व उसने ऐसी कभी हरकत नहीं की है। पुलिस का कहना है कि बच्ची की तबीयत ठीक है। वह काफी डरी सहमी थी। लिहाजा उसे अस्पताल में रखा गया। अभी उसकी स्थिति सामान्य है।



### पुलिस का पहरा, बच्ची 3 दिन से जा रही थी कोचिंग

घटना के बाद से आरोपी के घर में बागसेवनिया पुलिस डेरा डाल रखा है। उसके घर के पास से गुजरने वाले बाहरी लोगों से पुलिस गुरुवार को पूछताछ करती रही। बता दें, बागसेवनिया थाना क्षेत्र में रहने वाली साढ़े तीन साल की बच्ची केजी वन में पढ़ती है। उसकी मां घरों में काम करती है। परिजन बच्ची को शाम के समय मोहल्ले में रहने वाली एक महिला के घर ट्यूशन पढ़ने के लिए भेजते हैं। ट्यूशन पढ़ाने वाली महिला निजी स्कूल में टीचर है। मंगलवार की शाम को बच्ची ट्यूशन से घर पहुंची तो वह गुमशुम थी। मां ने उससे पूछताछ की तो उसने ट्यूशन टीचर के बेटे द्वारा गंदी हरकत करने की बात कही। बुधवार सुबह मां बच्ची को लेकर बागसेवनिया थाने पहुंची और मामले की जानकारी दी। बच्ची को उसकी मां के साथ बाल कल्याण समिति के समक्ष भेजा गया। वहां समिति के अनुभवी सदस्यों ने बच्ची की काउंसलिंग की। काउंसलिंग में बेड टच की बात सामने आई थी। काउंसलिंग होने के बाद बागसेवनिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था।

## हमीदिया रोड बनने के कारण हो रही परेशानी







हमीदिया रोड के निर्माण कार्य के चलते यहां पर प्रतिदिन ट्रैफिक अस्त-व्यस्त हो रहा है। जाम के कारण लोग परेशान हैं। धूल उड़ने के कारण यहां के व्यापारी और ग्रहक भी परेशान हो रहे हैं।
**छाया: एचसी वर्मा**

## जेसीबी लेकर पहुंचे अफसर, जमींदोज किया स्ट्रक्चर | जिला प्रशासन ने दो करोड़ की सरकारी जमीन से हटाया कब्जा

**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** बगरोदा गांव में सरकारी जमीन पर पक्का कब्जा किया जा रहा था। भूमाफियाओं ने जमीन पर बीम और पिलर का स्ट्रक्चर भी खड़ा कर दिया था। मामले में कब्जा करने वालों के खिलाफ बेदखली की कार्रवाई भी की गई थी, लेकिन इसके बावजूद वे नहीं माने और मकान बनाने की तैयारी करने लगे। लिहाजा जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और निर्माण तोड़ दिए गए। प्रशासन ने गुरुवार को 1 एकड़ सरकारी जमीन से कब्जा हटवाया गया। जमीन की कीमत करीब 2 करोड़ रुपए है। बताया जा रहा है कि जमीन पर 6 महीने पहले कब्जा किया गया था, 1 महीने में मकान बनाने के लिए पिलर भी खड़े कर दिए गए। हुजूर तहसीलदार नरेंद्र परमार ने बताया कि बगरोदा में मेन रोड के किनारे की जमीन पर गोवर्धन साहू, कमलेश सेन और पतिराम पटेल ने कब्जा कर रखा था। नींव बिछाने के बाद पिलर खड़े हो गए थे और इस पर निर्माण किया जाने वाला था। दोपहर में यहां टीम पहुंची और कार्रवाई शुरू की। एक घंटे में कब्जा हटा दिया गया।



### कार्रवाई के दौरान पुलिस बल रहा मौजूद

कार्रवाई करने के लिए अफसर जेसीबी लेकर पहुंचे। विवाद न हो, इसलिए पुलिस बल भी मौजूद था। हालांकि, विवाद जैसी स्थिति नहीं बनी और एक घंटे में कार्रवाई करके टीम लौट गई। एसडीएम विनोद सोनकिया ने बताया कि आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। तहसीलदार परमार ने बताया, सरकारी जमीन पर छह महीने से यह कब्जा था। इस मामले में कब्जाधारियों पर बेदखली की कार्रवाई भी की गई थी। फिर भी वे नहीं हटे थे। इसलिए गुरुवार को यह कार्रवाई की है।

**परेशानी** | संबंधित कंपनी ने कैथलैब की शिफ्टिंग के लिए मांगा तीन माह का वक्त

## तीन माह दिल के मरीजों को हमीदिया में नहीं मिलेगा उपचार

**जागरण, भोपाल।** प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल हमीदिया में अगले तीन माह तक दिल के मरीजों का उपचार नहीं किया जाएगा, जिससे प्रदेशभर के मरीज प्रभावित होंगे। दरअसल, हमीदिया में 15 नवंबर से कैथलैब की शिफ्टिंग का काम शुरू होगा। और इसके लिए कंपनी ने तीन माह का समय मांगा है। वहीं गर्मी की अपेक्षा सर्दी के दिनों यानी दिसंबर से फरवरी तक हृदयघात के मामले तीन से चार गुना तक बढ़ जाते हैं। इस दौरान कैथलैब की सुविधा वाले हमीदिया अस्पताल में हर दिन 25 से 30 मरीजों के दिल से जुड़े प्रोसीजर होते हैं। कैथलैब बंद होने से मरीजों को निजी अस्पतालों में ही निर्भर होना होगा, जहां उन्हें इलाज करवाने के लिए मोटी रकम देनी होगी। ऐसे में गरीब मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।



### बजट भी स्वीकृत

बता दें कि जनवरी में पुराने भवन में संचालित कैथलैब की शिफ्टिंग को पहला प्रस्ताव नए भवन ए की तीसरी मंजिल पर शिफ्ट करने का बनाया गया था। इसके बाद पांच माह में पांच अलग-अलग योजना बनाई गई। अंत में पहले प्रस्ताव को ही मंजूरी मिली। इसके लिए संबंधित एजेंसी ने 120 से 150 दिन का समय मांगा है। इस काम के लिए 50 लाख रुपए का बजट भी स्वीकृत हो चुका है।

### कैथलैब में होनी वाली प्रक्रियाएं

- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- डिवाइस क्लोजर।
- बैलून डायलेटेशन।

### 15 नवंबर तक पूरा होगा सिविल वर्क

पीआईयू के सब इंजीनियर केसी शर्मा के अनुसार सिविल वर्क 15 नवंबर तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद एजेंसी शिफ्टिंग शुरू कर सकती है। अभी कैथलैब के लिए नए भवन की तीसरी मंजिल पर सिविल का काम चल रहा है, जो बीते चार दिन से बंद है। यहां पीआईयू के पास एसी डक्टिंग डिजाइन चल रही है। जब यह डिजाइन बनेगी, तब फाल्स सीलिंग को हटाया जाएगा। इसके बाद ही यहां कैथलैब शिफ्ट हो पाएगी।

## जमीन से रोड प्रस्तावित होने से बढ़े 100 गुना दाम, बिल्डर से अड़ीबाजी

### कोहेफिजा पुलिस ने दर्ज किया मामला

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** कोहेफिजा पुलिस ने कॉलोनाइजर की शिकायत पर दो प्रॉपर्टी ब्रोकर पर मामला दर्ज किया है। कॉलोनाइजर ने दावा किया कि उसकी 15 एकड़ जमीन को हथियाने के लिए दोनों आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार किए। जमीन की रजिस्ट्री कराने का दबाव बना रहे हैं। शमीम विला रियाज मंजिल वीआईपी रोड निवासी 53 वर्षीय जीशान अली रायल हेरिटेज बिल्डर्स कालोनाइजर्स इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेट के नाम से जमीन खरीदकर आवासीय भवन का निर्माण करते हैं। उन्होंने साल 2013-14 में ग्राम विलखिरिया खुर्द, मिसरोद में 15 एकड़ जमीन खरीदी थी। जमीन उनकी कंपनी रायल हेरिटेज के नाम से रजिस्टर्ड है। भूमि का नामान्तरण हो चुका है। करीब डेढ़ साल से नीलेश ठाकुर व उसका दोस्त उमर खान उनपर जमीन को अपने नाम कराने का दबाव बना रहे हैं। जीशान ने उन्हें बताया कि उक्त जमीन आयकर विभाग में अटैच है। इसके चलते जमीन का विक्रय नहीं किया जा सकता। जीशान ने पुलिस को बताया कि हालही में जमीन के बीच से मॉस्टर प्लान का 80 फीट चौड़ा रोड प्रस्तावित होने से जमीन की कीमत 100 गुना हो गई है। इसके चलते दोनों का लालच बढ़ गया। दबाव बनाने के लिए 14 अक्टूबर को डाक से जीशान को नोटिस, एग्रीमेंट मिला। जिसमें 26 करोड़ रुपए में भूमि विक्रय का अनुबंध का उल्लेख था। इसके साथ ही डेढ़ करोड़ रुपए एडवांस के तौर पर देना लिखा हुआ था। जीशान ने पुलिस को बताया कि उन्होंने जमीन को लेकर अनुबंध नहीं किया है। दोनों आरोपियों ने फर्जी अनुबंध तैयार कर उसपर जमीन बेचने का दबाव बना रहे हैं। पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



योग-आरोग्य

# मांसपेशियों के लिए लाभकारी मत्स्यासन

मत्स्यासन इम्युनिटी मजबूत करने के साथ ही हड्डियों व मांसपेशियों से जुड़ी बीमारियों के लिए रामबाण माना गया है। इसका नियमित अभ्यास हमें निरोगी बनाने में मदद करता है। इस आसन को करने के दौरान व्यक्ति का शरीर मछली के आकार जैसा दिखाई पड़ता है, यही वजह है कि इस आसन को मत्स्यासन कहते हैं। ध्यान रहे कि इस आसन को करने से पहले योगाचार्य से सलाह अवश्य लें। मत्स्यासन रोजाना एक से पांच मिनट तक ही करें। आसन करने की विधिः पीठ के बल लेट जाएं और हाथों व पैरों को शरीर के साथ जोड़ लें। पैरों को पद्मासन की स्थिति में मोड़ें। हाथों को कूल्हों के नीचे या पंजों के ऊपर रखें और कोहनियों का स्पर्श जमीन पर हो। अब धीरे-धीरे सांस अंदर खींचते हुए छाती व सिर को उठाएं। इसके उपरांत सीने को उठाएं, सिर को पीछे की ओर ले जाएं जमीन पर लगाएं (चित्रानुसार) सिर को जमीन पर आराम से टिकाते हुए कोहनियों को जमीन पर दबाएं। अब सारा भार कोहनियों पर डालें। सीने को ऊंचा



उठाएं। जंघा और पैरों को जमीन पर दबाएं। जब तक हो सके, इस आसन में रहें और लंबी गहरी सांस लेते रहें। हर बार बाहर जाती हुई सांस के साथ विश्राम लें। सिर को ऊपर उठाएं, सीने को नीचे करते हुए वापस आएं। दोनों हाथों को वापस शरीर के दाहिने-बायीं ओर लगा लें और विश्राम करें।क्या करता है यह आसन

- छाती, गर्दन में पर्याप्त खिंचाव पैदा करता है
- गर्दन व कंधों की जकड़ी हुई मांसपेशियों के तनाव को समाप्त करता है
- सांस से संबंधित समस्याओं का निवारण करता है साथ ही इससे फेफड़ों को मजबूती मिलती है
- पैराथाइराइड, पीनियल व पिट्यूटरी ग्रंथि को स्वस्थ रखता है
- आंखों की रोशनी सुरक्षित रखता है
- पेट की चर्बी कम करने में यह आसन बेहद कारगर है।
- रक्त संचरण को सुचारू रखने में मदद करता है

# वायरल फीवर के लिए बढ़ाएं सतर्कता

इन दिनों




डा. सुरनजीत चटर्जी
सीनियर कंसल्टेंट,
इंद्रप्रस्थ अपोलो हास्पिटल, नई दिल्ली


**बुखार, जुकाम, खांसी के चलते कई लोगों को परेशानी हो रही है। स्वाइन फ्लू और कोविड के मामले भी सामने आए हैं । इनसे बचने के लिए क्या हैं सतर्कता और बचाव उपाय, आइए जानें...**



खराश, जुकाम या फिर बुखार हो रहा है तो सतर्क होने की जरूरत है, बुखार अगर तीन- चार दिनों तक बना रहता है, तो फिजिशियन या पीडियाट्रिशियन से संपर्क करें। बारिश के मौसम के चलते वेक्टर जनित और परजीवी (पैरासिटिक) संक्रमण बढ़ जाते हैं। डायरिया या गैस्ट्रोएंट राइटिस संक्रमण, टायफाइड, पीलिया, कोलेरा की आशंका रहती है,

तो वहीं कुछ स्थानों पर लेप्टोस्पायरोसिस भी देखने में आता है। पैरासिटिक संक्रमण में डेंगू, मलेरिया इन दिनों अधिक हो रहा है। अभी उमस के कारण कुछ लोगों को श्वासनली का संक्रमण भी हो रहा है। बीते कुछ दिनों से दिल्ली-आसपास के इलाकों में स्वाइन फ्लू के मामले काफी बढ़ गए हैं। हालांकि, कोविड के मामले कम हैं। क्यों हो रही परेशानी ‐ जिन इलाकों में ड्रेनेज सिस्टम सही नहीं है या मच्छर व गंदगी है, वहां संक्रमण अधिक है हो रहा है। फागिंग जैसे उपायों को बढ़ाना होगा ।

वायरल निमोनिया की आशंका इस समय स्वाइन फ्लू में तेजी के कारण वायरल निमोनिया भी देखने में आ रही है। कोविड भी हो रहा है, पर गंभीर नहीं है। स्वाइन फ्लू के कुछ मरीजों को भर्ती भी कराना पड़ रहा है। हालांकि, स्वाइन फ्लू का भी आसानी से उपचार हो रहा है।

### बचने के उपाय

- बाहर का पानी और जूस आदि पीने से बचें। पानी को उबालकर ही पिएं।
- अच्छी तरह से पका हुआ भोजन ही करें।
- मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी या रिप्लेंट का प्रयोग करें।

### अगर बुखार आ रहा है....

- बुखार में पैरासिटामोल ले सकते हैं। हाइड्रेशन का जरूर ध्यान रखें, स्पंजिंग आदि करें।
- अगर बुखार दो-तीन दिनों तक लगातार बना हुआ है तो डाक्टर से जरूर संपर्क करें ।
- आइबूप्रोफेन, निमोस्लाइड जैसी दवाओंके सेवन से बचें, क्योंकि इस समय डेंगू के मरीज के लिए यह हानिकारक होता है।
- एंटीबायोटिक का खुदसे प्रयोग ना करें। इसका प्रयोग चिकित्सक के परामर्श लेकर ही करें। वायरल संक्रमण में एंटीबायोटिक की खास भूमिका नहीं होती है।

# फिटनेस का है कितना खयाल

**फिटनेस को लेकर बेपरवाह जीवनशैली फेफड़े और ब्य को कमजोर कर रही है। यह कभी भी हमें जीवन की रेस से बाहर भी कर सकती है । सवाल है कि फिटनेस की शुरुआत कब व कैसे करें, बता रहे हैं ब्रह्मानंद मिश्र ...**

आज की आरामतलब जीवनशैली की देन हैं- तेजी से बढ़ता मोटापा, ब्लडप्रेशर और हार्टअटैक व कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियां। रोजाना छह घंटे या उससे अधिक कंप्यूटर, स्मार्टफोन स्क्रीन या टेलीविजन के सामने बैठने की आदत बना चुके हैं, तो यह आपको केवल अनिद्रा, थकान, जोड़ों में दर्द, मोटापे तक सीमित नहीं रखने वाला, यह असामयिक मौत का कारण भी बन सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक हालिया रिपोर्ट बताती है कि लगभग आधे भारतीय शारीरिक तौर पर निष्क्रिय हो चुके हैं, महिलाओं की स्थिति तो और भी गंभीर है। अब सवाल है कि फिट रहने के लिए क्या और कैसे करें? अचानक प्रेरित होकर किसी सुबह दौड़ लगा देना या जिम में पहुंचते ही भारी वेट लिफ्ट कर लेना या फिर मोटापा कम करने लिए यूट्यूब देखकर एक्सरसाइज करने लगना, आपकी समस्या का समाधान तो नहीं हो सकता है, उलटे आप मुसीबत में फंस सकते हैं। मांसपेशियों में खिंचाव, मोच, यहां तक बेहोश भी हो सकते हैं। ऐसे में जरूरी है कि कुछ भी करें, उससे पहले योजना बनाकर अपना लक्ष्य तैयार कर लें....

### इन बातों का रहे ध्यान

- भोजन में कार्बोहाइडेट और प्रोटीन प्रचुर मात्रा मे रखें।
- दिमाग को शांत और स्थिर करके ही व्यायाम शुरू करें।

- व्यायाम के दौरान शरीर पर सहनीय दबाव ही डालें।
- हाइड्रेट रहें, पूरे दिन पर्याप्त तरल पदार्थ लेते रहें।
- व्यायाम शुरू करने से पहले वार्मअप जरूर करें।

### कितना व्यायाम

डब्ल्यूएचओ के अनुसार वयस्क कोहर सप्ताह 150 मिनट कामध्यम तीव्र या फिर 75 मिनट का तीव्र व्यायाम करना चाहिए। ऐसा नही करने पर कार्डियोवैस्कुलर, टाइप-2 उदटीज वा जोखिम रहता है।



### कई तरह की होती है एक्सरसाइज

**बैलेंस :** मांसपेशियों की मजबूती और शरीर के संतुलन के लिए हो जैसे कि पिलेट्स और ताइ-ची पोज और शरीर को मजबूत करने वाले अन्य आसन।

**फ्लेक्सिबिलिटी :** गतिशीलता बढ़ाने, मांसपेशियों की रिकवरी, चोटों से बचाने वाले व्यायाम, जैसे-योग या मांसपेशियों पर जोर डालने वाले आसन।

**हाइ-इंटेंसिटी ट्रेनिंग :** थोड़े समय के लिए तीव्र एक्सरसाइज, मध्यम गति के व्यायाम और अंतराल पर ठहराव आदि इसमें शामिल होते हैं।

**बूट कॅम्प्स :** समय निर्धारित करके एरोबिक और रेजिस्टेंस एक्सरसाइज को शामिल किया जाता है।

**स्ट्रेंथ :** मांसपेशियों में ताकत भरने और क्षमता बढ़ाने के लिए होती है, जैसे- वेटलिफ्टिंग स्पिटिंग रेजिस्टेंस ट्रेनिंग आदि ।

**एरोबिक :** फिटनेस प्रोग्राम मैं निरंतरता लाने वाले व्यायाम होते है, जैसे- स्वीमिंग, रनिंग और डांसिंग ।



**ध्यान रखें :** कोई एक्सरसाइज स्वयं से न करें। विशेषज्ञ की सलाह और निगरानी में करें।

### 5 बातों को नोट कर लें

शारीरिक सक्रियता वजन नियंत्रित करने के साथ-साथ मस्तिष्क, हृदय और हड्डियों की मजबूती में भी सहायक होती है।

**1. जाचें अपनी फिटनेस का स्तर :** रूटीन तैयार करने से पहले मेडिकल पेशेवर से अपने स्वास्थ्य की जांच करा लें। अगर तीव्र या भारी व्यायाम करने जा रहे हैं, तो इससे व्यायाम के दौरान होने वाली समस्याओं से बचे रहेंगे ।

**2.वास्तविक लक्ष्य तय करें :** व्यायाम में निरंतरता के लिए प्लान तैयार करें। लक्ष्य ऐसा हो जिसे आप सहजता से पूरा कर सकें। जैसे कि 10 किमी. दौड़ने का लक्ष्य है तो शुरुआती सेशन में एक किमी. तक ही दौड़ने का अभ्यास करें।

**3. आसान व्यायाम से करें शुरुआत :** फिटनेस जर्नी में संतुलन, निरंतरता और मोटिवेशन बनाए रखने की चुनौती होती है, ऐसे में शुरुआत आसान व्यायाम से करें और फिर बढ़ाते जाएं। शुरू में ब्रिस्क वाक, प्लैंक, पुशअप कर सकते हैं। कोई भी व्यायाम फिटनेस एक्सपर्ट की देखरेख में ही करें।

**4. आदत विकसित करें :** लंबे समय तक व्यायाम को जीवनशैली का हिस्सा तभी बनाकर रख पाएंगे, जब यह आदत में शामिल हो जाएगा। स्वास्थ्य में बाधक बनने वाले बर्तावों को छोड़ने और नई आदतों को विकसित करने पर ध्यान दें। बेहतर होगा व्यायाम के लिए एक समय और शिड्यूल निर्धारित करें।

**5. खानपान का ध्यान :** एक्सरसाइज व न्यूट्रिशन साथ- साथच लते हैं । आप जो खाते-पीते हैं, उसका सीधा असर आपके प्रदर्शन, प्रगति और रिकवरी पर होता है। पौष्टिक भोजन वजन नियंत्रित करने, सेहत और मूड के लिए बेहतर होता है । चूंकि, शरीर में 60 प्रतिशत हिस्सा पानी है, तो हाइड्रेट रहें। यह शरीर के तापमान और जोड़ों को दुरुस्त रखता है।

फिटनेस को लेकर दो तरह से प्रेरणा मिलती है-एक, किसी व्यक्ति की फिटनेस देखकर या सुखाव से और दूसरी, आंतरिक प्रेरणा, जैसे किसी बीमार या लाचार व्यक्ति को देखने से, किहम ऐसा नहीं होना चाहते हैं।

जो स्वयं की जागरूकता से फिट रहने का प्रयास करेगा, वही लंबे समय निरंतरता बना पाएगा।

### कैसे दौड़ें

- अपने कंधों को ढीला और नीचे रखें
- सामने देखें और कोहनी को 90 डिग्री कोण पर रखें।
- दौड़ते हुए मुट्ठी को बांधे रखें।
- पैर आपके शरीर के पीछे होना चाहिए न कि उसके सामने
- घुटने को लचीला रखे, ताकि दौड़ते समय वह स्वाभाविक तौर पर मुड़ता रहे।
- धड़ को सीधा रखें और भुजाओं को आगे-पीछे स्लाइड करें।

# सुबह-शाम करें साइलेंट वॉक...

जरूरी सलाह

**साइलेंट वॉकिंग से दिल को भी बहुत फायदा पहुंचता है, ब्लड प्रेशर भी हाई नहीं होता, ऑक्सीजन अच्छी तरह मिलने से फेफड़े स्वस्थ रहते हैं। अगर किसी व्यक्ति को वात, पित्त और कफ की शिकायत हो तो साइलेंट वॉक करने से शरीर को लाभ पहुंचता है।**

'साइलेंट वॉकिंग' स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की मानें तो चुपचाप टहलने से बेहतर व्यायाम, प्रकृति से जुड़ाव और ध्यान लगाने में मदद मिलती है। दरअसल, टहलना एक पूर्ण व्यायाम है, इसलिए कोशिश करनी चाहिए कि सुबह धीमे-धीमे साइलेंट वॉक किया जाए। अगर सुबह नहीं टहल पाते हैं तो शाम के समय सैर जरूर करनी चाहिए। चुपचाप की जाने वाली सैर से शरीर को वॉकिंग के सभी लाभ मिलते हैं। अगर आप बिना गपशप, हेडफोन, ईयरफोन या बातचीत के चुपचाप टहल रहे हैं तो इससे सबसे पहले तो आपका मन एकदम शांत रहता है। आप अपने आपको महसूस कर रहे होते हैं, अपने बारे में सोच रहे होते हैं। इससे सभी प्रकार के मानसिक रोग, मेंटल डिसऑर्डर या न्यूरोलॉजिकल डिजीज में बहुत सुधार देखने को मिलता है। एकांत में चहलकदमी करने के दौरान हमारी नजर आसपास मौजूद सभी चीजों पर जाती है।



पेड़-पौधों, मिट्टी, पक्षी और पानी को हम देख रहे होते हैं, इनसे लगाव बनता है और इस तरह हम प्रकृति से जुड़ रहे होते हैं। उदाहरण के लिए सूरज को देखते हैं तो अग्नि तत्व मिलता है और शरीर ऊर्जा का पावरहाउस बनने लगता है। साइलेंट वॉकिंग से दिल को भी बहुत फायदा पहुंचता है, ब्लड प्रेशर भी हाई नहीं होता, ऑक्सीजन अच्छी तरह मिलने से फेफड़े स्वस्थ रहते हैं। अगर किसी व्यक्ति को वात, पित्त और कफ की शिकायत हो तो साइलेंट वॉक करने से शरीर को लाभ पहुंचता है।

# मौसम के साथ खुद को भी बदलिए

जीवनशैली




डा. रानी गुप्ता
एमडी, आयुर्वेद
नई दिल्ली


**तापमान में उतार-चढ़ाव आ रहा है और अब होगी सर्दियों की शुरुआत। इसलिए आहार-विहार रखें संयमित जिससे मजबूत रहे इम्युनिटी और बचाव हो बीमारियों से...**

शारदीय नवरात्र के बाद सर्दियों की दस्तक हो जाती है। हर मौसम का हमारी सेहत पर असर पड़ता है। इसलिए स्वस्थ रहने के लिए आहार-विहार भी मौसम के हिसाब से होना चाहिए। इससे शरीर को इम्युनिटी का सुरक्षा कवच मिलता है और यह हमें हर तरह के संक्रमण से बचाता है। मौसम बदलने के समय वायरस व बैक्टीरिया बहुत सक्रिय होते हैं। इसके अतिरिक्त ये समय त्योहारों का भी है। यानी लगभग तीन सप्ताह का समय त्योहारों के उल्लास में बीतेगा। आज दशहरा है और इसके बाद करवाचौथ, छठ पूजा और फिर रोशनी का त्योहार दीवाली मनाया जाएगा। ऐसे में खानपान में सजगता तो बरतनी ही है, बीमारियों के प्रति सजग भी रहना है। ये सभी त्योहार पटाखों वाले होते हैं और पटाखों का धुआं वायु प्रदूषण बढ़ाएगा, जिससे श्वसनतंत्र संबंधी बीमारियों के साथ ही अन्य शारीरिक समस्याएं बढ़ेगी। एक तरफ त्योहार और दूसरी तरफ ठंड का धीरे-धीरे बढ़ना। यानी सेहतमंद रहने के लिए हमें बचाव के साथ ही आहार-विहार पर विशेष सावधानी बरतनी है।



**श्वसन व जटिल रोगों के मरीज रहें सतर्क :** बुजुर्ग और वे लोग जो पहले से ही अस्थमा, सीओपीडी, एलर्जी और ब्रांकाइटिस जैसी बीमारियों से ग्रसित हैं, उन्हें अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत है। अस्थमा से ग्रस्त लोगों को बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति अधिक ध्यान देने की जरूरत है। तापमान में बदलाव होने से गले में खराश, बुखार, खांसी व जुकाम की भी समस्या हो सकती है। इससे बचने के लिए गरारा करें, भाप लें और तुलसी, अदरक, लौंग आदि के काढे का सेवन करें।

**मौसम के हिसाब से रखें खानपान :** खानपान मौसम के साथ बदलता है। अब सर्दी बढेगी। इसलिए ठंडी चीजों का सेवन बंद कर दें। दालचीनी, लहसुन, अदरक, मेथी काली मिर्च, हल्दी, लौंग, तेज पत्ता आदि मसालों का सेवन करें। आयुर्वेद के अनुसार, ये चीजें शरीर की इम्युनिटी बढ़ाती हैं। इसके साथ ही अब छुहारा, सूखा नारियल, बादाम, मूंगफली व अखरोट का सेवन शुरू कर देना चाहिए।

**विटामिन-सी को दें प्राथमिकता :** स्वस्थ रहने के लिए पोषक आहार की जरूरत होती है और शरीर के लिए आवश्यक विटामिंस हमें अनाज, हरी सब्जियों आदि से मिलते हैं। विटामिन-सी इम्युनिटी मजबूत बनाने के लिए बहुत जरूरी होता है। इम्युनिटी से शरीर को संक्रमणों से लड़ने की शक्ति मिलती है। विटामिन-सी बदलते मौसम में कफ और फ्लू वाली बामारियों से भी बचाता है।

**शारीरिक रूप से सक्रिय रहें :** अच्छी सेहत के लिए व्यायाम बहुत जरूरी है। इसलिए व्यायाम और शारीरिक सक्रियता बनाए रखें। साइकिलिंग, योग, व्यायाम, प्राणायाम आदि से मानसिक और शारीरिक सेहत दुरुस्त रहती है। शारीरिक सक्रियता का भी इम्युनिटी मजबूत करने में विशेष योगदान है।

# अच्छी मानसिक सेहत से मिलेगी खुशहाल जिंदगी

हेल्थ फाइल




संजय चुघ
सीनियर कंसलटेंट
साइकियाट्रिक,दिल्ली


खुशहाल जीवन के लिए मानसिक रूप से स्वस्थ होना बहुत जरूरी है और इसी से होता है एक अच्छे और सफल व्यक्तित्व का निर्माण। बदले दौर में नशे की लत, गैजेट्स का अधिक प्रयोग और जीवनशैली का प्रभाव युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य खराब कर रहा है। इसके कारण फसाद, हताशा और आत्महत्या के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। लोगों की मानसिक सेहत अच्छी रहे, इसके लिए सरकार की ओर से जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन इसके प्रति हर व्यक्ति को संवेदनशील होना चाहिए। यदि किसी कारण से घर-परिवार का कोई सदस्य मानसिक विकार की चपेट में आता है तो तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। मानसिक सेहत खराब होने के अलगअलग कारण और स्थितियां हो सकती हैं। इसमें नशे का सेवन, करियर में सफलता न मिलना या किसी अनचाही स्थिति का सामना करना आदि शामिल है। मानसिक स्वास्थ्य खराब होने के पहले व्यक्ति एंग्जायटी और फिर अवसाद की स्थिति में आता है।

यदि इस पर ध्यान न दिया गया तो गहरा अवसाद आत्महत्या का कारण बनता है। यदि इन समस्याओं को शुरुआत में गंभीरता से लिया जाए तो तेजी से बढ़ रहे आत्महत्या के मामलों को कम किया जा सकता है।

**तनाव से खराब होता है जीवन :** वर्तमान में किशोर व युवा मोबाइल और इंटरनेट में बहुत अधिक समय बिता रहे हैं। कामकाज के लिए इनका प्रयोग एक सीमा तक तो ठीक है, लेकिन इसके बाद इसमें इतनी दिलचस्पी बढ़ जाती है कि लोग इसके आदी हो जाते हैं। ऐसे में दिनचर्या प्रभावित होती है और इसका असर मानसिक सेहत पर पड़ता है। इसका परिणाम तनाव के रूप में सामने आता है, जो मानसिक सेहत को प्रभावित करता है। अब समाज में नशे का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। युवा शौक के साथ ही इसे स्टेटस से जोड़ते हैं। धीरे-धीरे ये सब मानसिक सेहत खराब करते हैं और धीरे-धीरे तनाव, अवसाद, आत्महत्या करने की इच्छा जैसे मनोरोगों का जन्म होता है। यदि उपचार नहीं मिला तो एक हंसतामुस्कराता व्यक्ति जिंदगी के आनंद से वचित हो जाता है। इसलिए कहा जाता है कि जिंदगी का नजरिया सकारात्मक होना चाहिए।



**लोगों को करें जागरूक :** मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहे, इसके लिए खानपान बेहतर रखें और नशे की चीजों से बचें। अनुशासित दिनचर्या रखें और हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि यदि जीवन में कुछ खराब हो रहा है तो आगे अच्छा भी होगा। इस तरह की सोच हर व्यक्ति की होनी चाहिए, जिससे मानसिक सेहत ठीक रहे और खुशहाल रहे जिंदगी।

# ये संकेत कहीं किडनी की खराब सेहत के तो नहीं

हेल्थ फाइल




डा. अनुराग गुप्ता
सीनियर कंसलटेंट
नेफ्रोलाजी
सर गंगाराम हास्पिटल दिल्ली


**बहुत तेजी से होता है किडनी का संक्रमण और इसके शुरुआती लक्षण भी होते बहुत सामान्य। इसलिए इन्हें पहचानने में देरी से कई बार बनती है गंभीर स्थिति...**

भूख कम लगना, वजन गिरना, अधिक यूरिन आना जैसी परेशानी है तो इसे नजरअंदाज न करें। ये किडनी खराबी के लक्षण हो सकते हैं। हालांकि ये ऐसे लक्षण हैं, जो कई अन्य शारीरिक समस्याओं में भी दिखते हैं। इसलिए लोग इसे साधारण परेशनी मान लेते हैं, जबकि ये स्थिति किडनी की खराबी का संकेत हो सकते हैं। बदले परिवेश में बीमारियों के लक्षणों में भी काफी बदलाव और समानता देखी जा रही है। इसलिए सेहत के लिहाज से किसी भी असामान्य लक्षण या संकेत की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। किडनी का संक्रमण बहुत तेजी से होता है और अधिसंख्य लोग जब तक इसके बारे में जान पाते हैं, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। इसलिए इसे साइलेंट किलर कहा जाता है।



**किडनी खराब होने के कई कारण :** किडनी शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। इसके प्रमुख कार्यों में नाइट्रोजनयुक्त विषाक्त पदार्थों को यूरिन द्वारा शरीर से बाहर करना और ब्लड की सफाई करना है। जब किडनी किसी क्षति या संक्रमण से प्रभावित होती है तो इसका कार्य प्रभावित होता है और विषाक्त व अधिक मात्रा में प्रोटीन इकट्ठा होने लगता है। ये विषाक्त पदार्थ शरीर से बाहर नहीं हो पाते और इससे किडनी के साथ ही अन्य अंगों की सेहत भी खराब हो जाती है। किडनी खराब होने के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें हाई ब्लडप्रेशर, चोट, डायबिटीज आदि शामिल हैं।



**उपचार :** कई बार किडनी में स्टोन होने और यूरिन संक्रमण के कारण भी इस तरह के लक्षण दिखाई देते हैं। इसलिए घबराएं नहीं। किडनी संक्रमण का उपचार संभव है, लेकिन स्थिति तब जटिल होती है, जब उपचार समय पर नहीं मिल पाता है।

प्रारंभिक स्थिति में यदि संक्रमण का पता चल जाए तो संक्रमण का निदान पूरी तरह हो जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्य प्रशासनिक सेवा संघ के अध्यक्ष बने राजेश गुप्ता, टीना यादव महासचिव चुनी गईं

**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** मध्य प्रदेश राज्य प्रशासनिक सेवा संघ के नए अध्यक्ष अपर कलेक्टर स्तर के अधिकारी राजेश गुप्ता होंगे। गुप्ता सीएम सचिवालय, भोपाल समेत कई जिलों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं, और वर्तमान में अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन और नीति विश्लेषण संस्थान में संचालक के पद पर कार्यरत हैं। राज्य प्रशासनिक सेवा संघ के अधिकारियों ने आम सहमति से राजेश गुप्ता का निर्विरोध निर्वाचन किया है। राज्य प्रशासनिक सेवा संघ की नई कार्यकारिणी का गठन करीब 10 साल बाद किया है। इस कार्यकारिणी में नए अध्यक्ष के निर्वाचन के साथ संघ के नए पदाधिकारियों को लेकर भी सर्वसम्मति से फैसला किया है। वहीं, भोपाल नगर निगम में अपर आयुक्त टीना यादव को संघ का महासचिव और किरण गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया। जबकि आकाश श्रीवास्तव और मनोज प्रजापति को संघ का उपाध्यक्ष बनाया है। मुख्य संरक्षक के रूप में देवी सरन और संरक्षक के रूप में कविंद्र कियावत और जीपी माली का नाम तय किया गया है।

**कार्यकारिणी सदस्यों के नाम:** कार्यकारिणी सदस्यों में पुष्पा पुसाम, गोपाल वर्मा, शिवलाल शाक्य, रविशंकर राय, मकसूद अहमद, विष्णु यादव, राहुल गुप्ता, संघमित्रा बौद्ध, श्रेयस गोखले, पल्लवी वैद्य, अनुराग निगवाल, प्रकाश जैन, मनोज श्रीवास्तव, नीता कोरी, गुलाब सिंह शामिल हैं।

**जीपी माली 10 साल तक रहे संघ के अध्यक्ष:** राज्य प्रशासनिक सेवा संघ के अध्यक्ष पद पर जीपी माली पिछले 10 साल से थे। वे 3 साल पहले अपर कलेक्टर पद से रिटायर हो चुके हैं। लेकिन, इसके बाद भी संघ नया अध्यक्ष नहीं चुन सका था और यह प्रक्रिया लंबे समय से पेंडिंग थी। अब नई कार्यकारिणी का गठन हुआ है। संघ के मुख्यालय आकांक्षा भवन में गुरुवार को संघ का वार्षिक अधिवेशन हुआ, जिसमें नई कार्यकारिणी को मंजूरी दी गई।

### 45 हजार स्थाईकर्मियों को नियमित करने की मांग

**जागरण, भोपाल।** मध्य प्रदेश के 45 हजार स्थाईकर्मियों को नियमित करने या कुशल व उच्च कुशल पदों पर वर्गीकरण करने के लिए मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। संघ के अध्यक्ष महेंद्र शर्मा का कहना है कि इन कर्मचारियों को अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल व अर्जित अवकाश, अवकाश नगदीकरण का लाभ भी नहीं मिल रहा है। शर्मा ने बताया कि साल 2016 में कोर्ट के आदेश पर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को स्थाईकर्मी बनाया गया है। तब से उनके वेतन में कोई वृद्धि नहीं की गई है। इसलिए वे वेतन के मामले में अन्य संवर्ग के कर्मचारियों से पीछे चल रहे हैं। उन्हें सरकारी कर्मचारी के समान अन्य कोई सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। इन कर्मचारियों का वेतन भी काफी कम है। जिस कारण परिवार की जरूरतें पूरी नहीं होती हैं। उन्होंने कहा कि ये कर्मचारी नियमित कर्मचारियों जैसा ही काम कर रहे हैं, इसलिए इन्हें नियमित किया जाना चाहिए।

**कर्मचारियों को नहीं मिल रहा अनुकंपा, मेडिकल, अर्जित अवकाश का लाभ**

### ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स-अस्थाई कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

**जागरण, भोपाल।** ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स-अस्थाई कर्मचारी संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश के अध्यक्ष वासुदेश शर्मा ने संगठन का विस्तार करते हुए नई नियुक्ति की हैं। उन्होंने निगम-मंडल कर्मचारियों के नेता अनिल बाजपेई को संरक्षक और सतना के डॉ. अमित सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं कोर कमेटी में राजभावन रावत सतना, उमाशंकर पाठक दतिया और यशवंत गेडाम बालाघाट को रखा है। शर्मा ने दिनेश पांडे को ग्वालियर, शिवेंद्र पांडे को रीवा और राजेश मालवीय को भोपाल संभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया है, जबकि हर्ष शर्मा को मुरैना, मंजीत गोस्वामी को खरगोन और अनीता पाल को बैतूल जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया है। शर्मा ने बताया कि इन नियुक्ति के बाद संघ की कर्मचारी हितैषी गतिविधियां बढ़ेंगी।

### किशोरी का वीडियो बनाकर किया रेप

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** गांधी नगर इलाके में किशोरी के आपत्तिजनक वीडियो बनाकर आरोपी उसका दैहिक शोषण कर रहा था। आरोपी ने उसे ब्लैकमेल करने के लिए उसके फोटो और वीडियो बनाए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, गांधी नगर इलाके की रहने वाली 17 साल की किशोरी ने बताया कि मोहल्ले में रहना वाला अलतमस माता-पिता की हत्या की धमकी देकर उसके आपत्तिजनक फोटो-वीडियो बना लिए। इसके बाद उसके साथ रेप किया। उसकी डर की वजह से वह परिवार ने लड़की को गुजरात भेज दिया। करीब दो माह बाद लड़की घर वापस आई। फिर से आरोपी उसे ब्लैकमेल करने लगा। गुरुवार को किशोरी थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया। इस दौरान बजरंग दल के कार्यकताओं ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने पहुंचे।

### शादी का झांसा देकर युवती का किया शारीरिक शोषण

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** पिपलानी पुलिस ने एक युवती की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर तीन साल तक शारीरिक शोषण करने का मामला दर्ज किया है। आरोपी ने शादी करने से इंकार किया तो पीड़िता ने थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज करवा दी। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 29 वर्षीय युवती इवेंट से जुड़े काम करती है। इसी दौरान उसकी मुलाकात सतीश नामक युवक से हुई थी। वह इवेंट का ही काम करता है। दोनों के बीच दोस्ती गहरी हुई तो सतीश ने युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने लगा। पिछले दिनों युवती ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो उसने शादी करने से इंकार कर दिया। परेशान होकर पीड़िता ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।


### राकेश शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती मीना शर्मा का निधन

**भोपाल।** दैनिक जागरण में कार्यरत वरिष्ठ सहयोगी राकेश शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती मीना शर्मा का 51 वर्ष की आयु गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को दोपहर 12 बजे आनंद नगर विश्राम घाट पर किया जाएगा। अंतिम यात्रा राकेश शर्मा के निज निवास आनंद नगर से निकलेगी।

# जूनियर ऑडिटर के बैंक अकाउंट सीज, प्रॉपर्टी के दस्तावेज खंगाले

## आय से अधिक संपत्ति का मामला: रमेश हिंगोरानी बोले-सर्चिंग में मिले जेवर अपने परिवार की कमाई से खरीदे

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** तकनीकी शिक्षा विभाग के मुख्यमंत्री मेधावी योजना में पदस्थ जूनियर ऑडिटर रमेश हिंगोरानी के पास आय से अधिक संपत्ति के मामले में लोकायुक्त की जांच जारी है। जांच एजेंसी ने हिंगोरानी के बैंक अकाउंट सीज करा दिए हैं। इससे वह उन अकाउंट से लेनदेन नहीं कर सकें। इसके साथ ही अचल संपत्ति के दस्तावेजों का गुरुवार को परीक्षण किया गया। इसमें रमेश के अलावा उनके परिवार के सदस्यों के नाम की प्रॉपर्टी का वित्तीय आंकलन किया गया। हालांकि, लोकायुक्त ने अभी प्रॉपर्टी का खुलासा नहीं किया है। इधर, गुरुवार को रमेश हिंगोरानी ने लोकायुक्त की कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उनके घर से जो जेवर मिले वह उनकी पत्नी, दो बहुओं को दहेज में मिले हैं। कुछ जेवर उनकी पत्नी ने पैसे जोड़जोड़ कर खरीदें हैं। दोनों बेटे उनके नौकरी करते हैं। एक बेटा प्रॉपर्टी का काम करता है। रमेश ने कहा कि वह लोकायुक्त के खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे। उनके पास कोई आय से अधिक संपत्ति नहीं है।



### करप्शन में पकड़ा क्यों नहीं?

रमेश हिंगोरानी ने कहा कि लोकायुक्त संदेह जता रही है कि भ्रष्टाचार से संपत्ति हासिल की गई है। इस पर रमेश ने सवाल उठाए कि जांच एजेंसी ने उन्हें भ्रष्टाचार, घूस लेते हुए ट्रैप क्यों नहीं किया? रमेश ने कहा कि जांच में वह लोकायुक्त का पूरा सहयोग कर रहे हैं। उनके पास कोई अनैतिक संपत्ति नहीं है।

### सर्चिंग में एक किलो सोना इतनी ही चांदी मिली थी

रमेश हिंगोरानी के घर से बुधवार को लोकायुक्त ने 12 लाख रुपए कैश, 70 लाख रुपए कीमती सोने-चांदी, डायमंड के जेवर मिले थे। सोने के जेवर का वजन करीब 1 किलो था। इतनी ही वजन की चांदी थी। इसके अलावा 5 कारें, जमीनों की जानकारी मिली थी। सुबह छह बजे से शुरु हुई सर्चिंग बुधवार को देर रात तक चली थी।

### दावा: कमाई से 124 फीसदी अधिक

लोकायुक्त ने अपनी प्रारंभिक जांच में दावा किया था कि रमेश अपनी कमाई से 124 फीसदी अधिक संपत्ति जोड़ रखी है। अभी प्रॉपर्टी का आकलन बाकी है। एसपी लोकायुक्त दुर्गेश राठौर ने बताया कि रमेश हिंगोरानी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति है। जांच के बाद और संपत्ति बढ़ेगी।

### पिस्टल का रद्द हो चुका लाइसेंस

हिंगोरानी के बेटे नीलेश के प्रेरणा किरण स्कूल में बने ऑफिस से सर्चिंग के दौरान अवैध पिस्टल मिली थी। गांधी नगर पुलिस ने लोकायुक्त की सूचना पर मामला दर्ज किया था। जांच में सामने आया कि पिस्टल का पूर्व में लाइसेंस था। बाद में वह रद्द हो गया। लाइसेंस बनवाने में एक स्थानीय नेता ने मदद की थी।

### जांच के बाद होगी गिरफ्तारी

गांधी नगर पुलिस ने बताया कि स्कूल में जो पिस्टल बरामद हुई है। उसकी जांच की जा रही है। अभी यह स्पष्ठ नहीं हो सका कि पिस्टल किसकी थी। जांच के बाद आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस का कहना है कि पिस्टल में कारतूस नहीं थी। खाली पिस्टल मिली है। जिस केबिन में पिस्टल मिली उसमें हिंगोरानी का बेटा बैठता है।

### राजस्व अधिकारियों की लोकायुक्त लेगी मदद

रमेश हिंगोरानी, उनके बेटे योगेश और नीलेश पर भोपाल के गांधीनगर इलाके में करोड़ों रुपए की सरकारी जमीन पर कब्जा कर उसे बेचने के भी आरोप लग चुके हैं। हिंगोरानी का एक मैरिज गार्डन भी दो साल पहले प्रशासन ने तोड़ा था। अधिकारियों ने कहा था कि ये सरकारी जमीन पर बना था। अब लोकायुक्त की टीम राजस्व अधिकारियों की मदद से हिंगोरानी की जमीनों की जांच करेगी। यह भी देखा जाएगा कि जमीनें कहां-कहां हैं।

### शराब नहीं हुई जब्ती

जांच के दौरान लोकायुक्त को रमेश के घर में चार बोतल शराब भी मिली थी। बताया गया कि लोकायुक्त इसकी भी सूचना पुलिस को देकर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करने की तैयारी कर ली थी। इसको लेकर हिंगोरानी ने विरोध किया। शराब की बोतल खुली हुई थीं।

### स्कूल से मिल रही आय की भी जांच

रमेश हिंगोरानी और उसके बेटों ने सामाजिक संस्था लक्ष्मी देवी विकयोमल सराफा एजुकेशन सोसाइटी के तीन स्कूलों का संचालन अपने हाथ में ले रखा है। लोकायुक्त को मिली शिकायत में इस बात का भी जिक्र है। रमेश ने अपने दोनों बेटों को बगैर योग्यता के समिति के स्कूलों का संचालक बना रखा था। सरकारी कर्मचारी को लाभ के पद पर रहने का अधिकार नहीं है, इसके बावजूद रमेश ने अपने दोनों बेटों-बहुओं को बगैर योग्यता के समिति के स्कूलों का संचालक बना रखा है। उन्हें सैलरी के रूप में मोटी रकम दी जा रही है। लोकायुक्त इसकी जांच करेगी कि बेटे कब से संस्था से आय ले रहे हैं। आय के वह पात्र हैं कि नहीं इसकी भी जांच की जाएगी।

# संस्कृत शास्त्र से अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय समस्याओं का किया जा सकता है समाधान: राज्यपाल पटेल

## केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में युवा महोत्सव का शुभारंभ

**जागरण, भोपाल।** अखिल भारतीय युवा महोत्सव 2024 का उद्घाटन राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने गुरुवार को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर में किया। कार्यक्रम के पहले सभी प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट किया, जो विश्वविद्यालय से आरंभ होकर आस-पास के क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए पुनः विश्वविद्यालय पहुंचा। इसके बाद मशाल प्रच्वलन के साथ-साथ प्रतियोगिताओं के ध्वज का आरोहण कराते हुए प्रो. रमाकान्त पाण्डेय ने समस्त प्रतिभागियों को शपथ दिलाई। पहले दिन संगणक (टाइपिंग) स्पर्धा, शतरंज, अनुवाद स्पर्धा, कुश्ती, संस्कृत वार्ता लेखन, समूहगान, शैक्षिक लघु चलचित्र आदि प्रतियोगिताओ का आयोजन हुआ। इस मौके पर अतिथि के रुप में प्रो. मदन मोहन झा, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली, सारस्वत अतिथि प्रो. मिथिला प्रसाद त्रिपाठी, पूर्व कुलपति, महर्षि पाणिनी संस्कृत वैदिक विश्वविद्यालय उच्जैन तथा विशिष्ट अतिथि आशुतोष जोशी, संस्थापक भारतीय युवा संसद, जयपुर मौजूद रहे। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा प्रकाशित दो पुस्तकों 'भारतीय ज्ञान परंपरा एवं शिक्षक शिक्षा' तथा 'सर्व समावेशी शिक्षा के परिप्रेक्ष्य में महर्षि दयानंद सरस्वती' का विमोचन भी महामहिम राच्यपाल ने किया। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल के निदेशक प्रो. रमाकान्त पाण्डेय ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा इस तीन दिवसीय भव्य आयोजन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। अपने संबोधन में राच्यपाल ने कहा कि संस्कृत ज्ञान के माध्यम से हमें अपने राष्ट्र को विश्व में महाशक्ति बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि संस्कृत शास्त्रों में दिए गए ज्ञान के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। मध्यप्रदेश के प्रथम नागरिक के रूप में उन्होंने देश के विभिन्न राच्यों से आये विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का स्वागत किया।



### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पूर्ण रूप से लागू किया

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. मदन मोहन झा ने कहा कि केंद्रीय संस्कृत विवि पहला ऐसा संस्कृत विवि है जिसने अपनी कार्यप्रणाली में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पूर्ण रूप से लागू किया है और प्रधानमंत्री के सपने को साकार करते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत के सिद्धांत पर काम कर रहा है। कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी के प्रयासों से विवि में विधि, आयुर्वेद, संस्कृत और सिविल सेवा में बीए ऑनर्स पाठ्यक्रम प्रारंभ होकर यह एक बहुविषयक विवि में बदल दिया गया है। परिसर के सह निदेशक प्रो. नीलाभ तिवारी ने महामहिम राच्यपाल, उपस्थित अतिथियों और विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापन किया और कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में पंचकोष विकास होता है। सत्र का संचालन डॉ. रमण मिश्र ने किया। प्रतियोगिताओ के विजयी छात्र छात्राओं को समापन सत्र में पुरस्कृत किया जायेगा। बता दें कि आयोजन में 40 सांस्कृतिक, शैक्षणिक और खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिताओं में भोपाल सहित जयपुर, लखनऊ परिसर और विश्वविद्यालय नई दिल्ली से सम्बद्ध दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश के आदर्श महाविद्यालय एवं अन्य शिक्षण संस्थानों और भोपाल की टीमें भाग ले रही हैं।

# किसान बोले-पानी नहीं मिला तो फसल चौपट हो जाएगी

## रापड़िया में नहर से जुड़े नाले को बंद करने का मामला सुर्खियों में

**जागरण, भोपाल।** भोपाल के रापड़िया में नहर से जुड़े नाले को बंद करने का मामला सुर्खियों में है। पूर्व पार्षद कामता पाटीदार की जलसंसाधन विभाग की एसडीओ रव्यनीता जैन से अभद्रता के बाद अब वे किसान मैदान में उतर गए हैं, जो नहर खुलवाना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की है। गुरुवार को 20 से ज्यादा शिकायत सीएम हेल्पलाइन में की गई। किसान विवेक पाटीदार ने बताया, एसडीओ ने नहर बंद कर दी है। इसकी शिकायत जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, कलेक्टर से की है। पानी नहीं मिलने से कई किसानों की फसलें चौपट हो जाएंगी। कृषक हेमराज पटेल ने बताया, वे बगरोदा में रहते हैं, लेकिन उनकी जमीन रापड़िया में है। 25 साल से नहर से पानी ले रहे हैं। इसका राजस्व भी चुका रहे हैं, लेकिन अब इसे बंद कर दिया है। ऐसे में रबी फसल नहीं ले सकेंगे। शिकायत में लिखा है कि वर्ष 1998-99 में तत्कालीन एसडीओ किशोर शर्मा द्वारा किसानों की सहमति से नहर बनाई गई थी।

### सीएम हेल्पलाइन में कर रहे शिकायत

कृषक पाटीदार ने बताया कि अफसरों से शिकायत करने के साथ ही सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज करा रहे हैं। ताकि, बंद नाले को फिर से खोल दिया जाए। कलेक्टर से मांग की गई है कि वे जल्द ही नाला खोल दें। ताकि, रबी फसलों की बोवनी हो सके।

### एसडीओ ने बंद किया नाला

बता दें कि मंगलवार को जल संसाधन विभाग की एसडीओ रव्यनीता जैन नाले को बंद करवाने गई थीं। पूर्व पार्षद और भाजपा नेता कामता पाटीदार पर आरोप है कि महिला एसडीओ को उन्होंने धमकाते हुए गालियां दीं। सरकारी अमले ने कटारा हिल्स थाने में कामता पाटीदार के खिलाफ सरकारी काम में बाधा का केस दर्ज करवाया था। एसडीओ जैन ने बताया कि जनवरी 2023 में शिकायत हुई थी। उसी पर कार्रवाई के लिए मौके पर गए थे।

# हर सरकारी भवन में होगी वाटर रिचार्जिंग

## गांवों के भवनों में रिचार्जिंग सिस्टम लगाएगा नगरीय विकास विभाग

**जागरण, भोपाल।** प्रदेश में अब शहरी और ग्रामीण इलाकों में वाटर रिचार्जिंग की व्यवस्था अनिवार्य होगी। मुख्य सचिव ने इसके लिए नगरीय विकास, आवास विभाग, पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग को रिचार्जिंग सिस्टम शुरू कराने के लिए कहा है। मुख्य सचिव द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि शहरी और ग्रामीण दोनों ही इलाकों में सरकारी भवनों में की जाने वाली वाटर रिचार्जिंग व्यवस्था के लिए नोडल विभाग के रूप में नगरीय विकास और आवास विभाग काम करेगा। इस विभाग की जिम्मेदारी होगी कि, वह पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ कोआर्डिनेशन कर काम पूरे कराए। मुख्य सचिव के निर्देश के बाद पंचायत राज संचालनालय ने सभी जिलों के सीईओ जिला पंचायत को पत्र लिखकर इसका क्रियान्वयन कराने के लिए कहा है। यह निर्देश इस व्यवस्था को सीएस मॉनिट में शामिल किए जाने के चलते जारी किए गए हैं। संचालक पंचायत राज मनोज पुष्प के अनुसार गांवों में बनने वाली सभी शासकीय भवनों की डिजाइन और तकनीकी स्वीकृति में वाटर रिचार्जिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से शामिल होगा। इसके लिए नियमानुसार कार्यवाही करने के साथ विभाग की यह भी जिम्मेदारी होगी कि, जहां पहले से शासकीय भवन हैं। वहां वाटर रिचार्जिंग का इंतजाम किया जाए।




### 23 हजार पंचायतें हैं प्रदेश में

प्रदेश में 23 हजार दस ग्राम पंचायतें हैं। इनमें से जिन पंचायतों में भवन बने हैं, वहां भी और जहां नहीं बने हैं, वहां भी अब भवनों में वाटर रिचार्जिंग सिस्टम लगाया जाएगा। इनमें से हजारों पंचायतें ऐसी भी हैं। जहां पंचायत भवन के साथ सामुदायिक भवन और उप स्वास्थ्य केंद्र भी संचालित हैं। इन सब में भी वाटर रिजार्जिंट सिस्टम की व्यवस्था अब कराई जाएगी। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में सभी 16 नगर निगम, 98 नगरपालिका और नगर परिषदों के वार्डों में और निकाय दफ्तरों में बने सरकारी भवनों में वाटर रिचार्जिंग सिस्टम लगाया जाएगा, ताकि बारिश की बूंदों को भूमि जल के रूप में सहेजा जा सके।

# 108 दीपकों से की आचार्यश्री की महाआरती, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

## आचार्य विद्यासागर के अवतरण दिवस पर निकली अहिंसा धर्मप्रभावना रैली

**जागरण, भोपाल।** भोपाल में जैन धर्म के आराध्य संत आचार्य विद्यासागर महाराज और अभिनव आचार्य समय सागर महाराज के अवतरण दिवस को गुरु गुण उपकार दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन जवाहर चौक पर आर्यिका श्री गुरुमति माताजी और आर्यिका दृढ़ मति माताजी के सानिध्य में हुआ। सुबह के कार्यक्रम में आचार्य श्री के अभिषेक, शांतिधारा पूजन और अन्य धार्मिक क्रियाएं सम्पन्न हुईं। विद्युदय संघ ने इस मौके पर वाहन रैली निकाली जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। शाम को कीर्ति स्तंभ पर आचार्य श्री की 108 दीपकों से महा आरती की गई। पूरे शहर के जिनालयों में विशेष पूजा-अर्चना की गई और 11 मील के मंदिर पर जैन भजन संध्या का आयोजन किया गया। वाहन रैली में सैकड़ों युवाओं ने आचार्य श्री के जयकारों के साथ धर्म की प्रभावना की। विद्युदय के अध्यक्ष नीरज सिंघाई मंत्री अभिराज ने बताया कि रैली शहर के पांच जोनों से होकर कीर्ति स्तंभ पर पहुंची, जहां भाजपा नेता राहुल कोठारी ने रैली का स्वागत किया। जवाहर चौक मंदिर पर रैली की भव्य अगवानी की गई, जहां समाज के युवाओं ने दिव्य घोष के माध्यम से जय घोष किया। आर्यिका संघ के सानिध्य में आचार्य द्वेय के चित्रों का अनावरण किया गया, दीप प्रज्वलन और मंगलाचरण भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंचायत कमेटी ट्रस्ट के मंत्री मनोज आर. एम. और रेखा आर. एम. द्वारा एक लघु नृत्य नाटिका का सुंदर मंचन किया गया। समाज के विभिन्न श्रेष्ठि परिवारों ने आचार्य श्री की दिव्य एवं भव्य पूजन की जबकि बालिकाओं ने भक्ति नृत्य प्रस्तुत किए। आचार्य श्री द्वारा विरचित मूक माटी ग्रंथ का विमोचन भी किया गया। साथ ही विद्युदय ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया, जिसमें आचार्य श्री की चित्र और रील बनाओं प्रतियोगिता शामिल थी। आगामी 19 एवं 20 अक्टूबर को चौक धर्मशाला में स्मार्ट गर्ल आओ जीवन पर्यावरण सुधारे नामक शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 13 से 24 वर्ष की युवतियों के लिए विशेष गतिविधियां होंगी।



**आयोजन** | वाल्मीकि जयंती पर हुए कई कार्यक्रम, समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

# धूमधाम से मनी मर्हिष वाल्मीकि जयंती, निकली शोभायात्रा

**जागरण, भोपाल।** महर्षि वाल्मीकि की जयंती गुरुवार को राजधानी में धूमधाम से मनाई गई। समाज के लोगों ने मर्हिष वालमीकि की शोभायात्रा निकाली। यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वाल्मीकि वेलफेयर सोसाइटी ने समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें 51 विद्यार्थियों को भगवान राम एवं वाल्मीकि का चित्र व मेडल भेंट कर पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही 21 वरिष्ठ समाजसेवियों को शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गुरुनानक मण्डल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा वाल्मीकि जी ने अपनी रचना रामायण से हमें जीवन के मूल्यों और नैतिकता की शिक्षा दी। उनकी रचना ने हमें यह सिखाया कि जीवन में सच्चाई, न्याय और धर्म का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजक संदीप कल्याणे एवं राजकुमारी डागोर ने कहा कि इस समारोह में हम प्रतिभा सम्मान के माध्यम से हमारे समाज की प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं एवं समाजसेवियों को सम्मानित कर रहे हैं। यह सम्मान उनकी मेहनत, लगन और प्रतिभा का प्रतीक है।





### राम के आदर्शों को जीवन में अपनाकर सभ्य और स्वस्थ समाज का निर्माण करें: शर्मा

वाल्मीकि जयंती पर पूरे प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। राजधानी भोपाल में सुबह से ही लोग वाल्मीकि जी के मंदिरों में पूजन के लिए पहुंचे। पुराने शहर के इब्राहिमगंज स्थित वाल्मीकि मंदिर में प्राकट्योत्सव का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा भी सम्मिलित हुए। सांसद शर्मा ने वाल्मीकि मंदिर में पूजन, अर्चन और महाआरती की। धर्म सभा को संबोधित करते हुए सांसद शर्मा ने कहा की आदि कवि वाल्मीकि ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के चरित्र को लिपिबद्ध करते हुए समाज के सामने उनके आदर्शों को प्रस्तुत किया है। भगवान राम के आदर्श संपूर्ण मानव जाति के लिए प्रेरणापुंज है। हमें सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम सभी भगवान राम के आदर्शों को जीवन चरित्र में अपनाएं। एक सभ्य और स्वस्थ समाज का निर्माण करें। इस मौके पर सांसद आलोक शर्मा, अध्यक्ष चंद्रमोहन चौहान, सचिव शैलेष चौहान, सुभाष चौहान, सतीश चौहान, गोपाल धूलिए, कैलाश मैना, मगन झाझोंट, रवि चौधरी एवं अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### कचरा फेंकने से पहले ही पकड़ी ट्राली, 10 हजार का जुर्माना

**जागरण, भोपाल।** नगर निगम, भोपाल जोन 8 के अमले द्वारा निरीक्षण के दौरान एक ट्राली को पकड़ा, जो कचरा लेकर सार्वजनिक स्थल पर फेंकने आई थी। कचरा फेंकने से पहले ही निगम अमले ने पकड़कर संबंधित से 10 हजार रूपये की राशि जुर्माने के रूप में वसूल की। निगम के जोन 8 के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने नेहरू नगर पुलिस लाईन क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान गुरूवार को पाया कि एक ट्रेक्टर ट्राली जिसमें कचरा भरा हुआ था, कचरा डंप करने के लिये किसी सार्वजनिक स्थल की तलाश में थी। जिसे प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी रविन्द्र यादव सहित अन्य अमले द्वारा रोका गया और जोन के स्वास्थ्य कार्यालय में लाकर जानकारी प्राप्त की। सार्वजनिक स्थल पर कचरा फेंकने की दृष्टि से आई उक्त ट्राली चालक से निगम अमले ने 10 हजार रूपये का स्पॉट फाईन वसूल किया। साथ ही चेतावनी भी दी कि भविष्य में कचरा फेंकते हुए पाये गये तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# दैनिक जागरण

www.djmp.in/epaper

भोपाल, 18 अक्टूबर 2024 कार्तिक कृष्ण 01 संवत 2081

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त


**॥गीता॥** सदृशं चेष्टते स्वस्याः प्रकृतेर्ज्ञानवानपि। प्रकृतिं यान्ति भूतानि निग्रहः किं करिष्यति॥

**भावार्थ :** इस संसार में संपूर्ण प्राणी प्रकृति के अनुसार काम करते हैं। ज्ञानी महापुरुष भी अपनी प्रकृति के अनुसार चेष्टा करते हैं। फिर इसमें किसी और का हठ क्या करेगा?



# निशाने पर हैं विमान झूठी सूचना देने वाले बेलगाम

यह चिंताजनक है कि विमानों में बम रखे जाने की झूठी सूचना देने वाले बेलगाम दिख रहे हैं। लगातार तीसरे दिन जिस तरह विमानों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई, उससे यही साबित होता है कि ऐसा करने वालों का दुस्साहस बढ़ा हुआ है। यह सामान्य बात नहीं कि बीते तीन दिनों में डेढ़ दर्जन से अधिक विमानों में बम रखे होने की सूचना देकर विमान कंपनियों, यात्रियों और सुरक्षा एजेंसियों के सामने संकट खड़ा किया गया। इनमें से कई विमान अंतरराष्ट्रीय उड़ान पर थे। जब किसी विमान में बम रखे जाने की सूचना दी जाती है, तब उसे तुरंत निकटवर्ती हवाईअड्डे पर उतार कर इसलिए गहन जांच की जाती है कि कहीं धमकी सही न हो। इसके चलते विमानों का संचालन तो प्रभावित होता ही है, हवाई यात्रा को लेकर लोगों के मन में आशंका भी उपजती है। इसके अलावा विमान यात्रियों को समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचने में देर भी होती है। स्पष्ट है कि इस तरह की घटनाओं को गंभीरता से लेना होगा। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि एक के बाद एक विमानों में बम रखे जाने की झूठी सूचना देने का सिलसिला इसीलिए कायम है, क्योंकि ऐसी सूचनाएं देने वालों पर शिकंजा नहीं कसा जा पा रहा है। चूंकि विमानों को उड़ाने की धमकी देने के मामले में छत्तीसगढ़ से एक संदिग्ध को हिरासत में लेने के बाद भी ऐसी और धमकियां सामने आईं, इसलिए यह स्पष्ट है कि यह किसी एक अपराधी का काम नहीं। समझना कठिन है कि ईमेल या फिर किसी सोशल नेटवर्क साइट के जरिये विमान में बम रखे जाने की सूचना देकर अफरातफरी पैदा करने वाले तत्वों तक पहुंचने में कठिनाई क्यों हो रही है? क्या भारत के पास वैसे उपाय नहीं, जिनसे ऐसे तत्वों तक आसानी से पहुंचा जा सके? झूठी सूचनाएं देकर विमान सेवाओं के संचालन को बाधित करना एक गंभीर साइबर अपराध है। यह ठीक नहीं कि हमारी एजेंसियां किस्म-किस्म के साइबर अपराधों से सही तरह से नहीं निपट पा रही हैं। हैरानी नहीं कि इसीलिए उनका दुस्साहस बढ़ता जा रहा है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कुछ समय पहले स्कूलों, अस्पतालों, संग्रहालयों आदि में बम रखे जाने की झूठी सूचनाएं देकर लोगों और साथ ही सुरक्षा एजेंसियों को त्रस्त किया गया था। इन सब मामलों की जांच तो की गई, लेकिन शायद ही किसी मामले में धमकी देने वालों की पहचान और पकड़ की जा सकी हो। हैरानी नहीं कि यही तत्व अब विमानों को निशाना बना रहे हों। जो भी हो, हमारी एजेंसियों को हर हाल में उन तक पहुंचना होगा, जो लोगों को भयभीत करने के साथ देश के सुरक्षा परिदृश्य को खराब दिखाने का काम कर रहे हैं। ऐसे तत्वों को सबक नहीं सिखाया गया तो यहां-वहां बम रखने की झूठी सूचनाओं से छुटकारा मिलने वाला नहीं है।

> **समझना कठिन है कि ईमेल या फिर किसी सोशल नेटवर्क साइट के जरिये विमान में बम रखे जाने की सूचना देकर अफरातफरी पैदा करने वाले तत्वों तक पहुंचने में कठिनाई क्यों हो रही है? क्या भारत के पास वैसे उपाय नहीं जिनसे ऐसे तत्वों तक आसानी से पहुंचा जा सके?**

---

**प्रसंगवश**

## मोदी की विपक्षी दलों पर जाति की गुगली क्यों नहीं जम रही

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी समेत विपक्षी दलों को चुप करा दिया है, जो बिना किसी देरी के जाति जनगणना कराने की मांग कर रहे थे। मोदी ने कांग्रेस पर राजनीतिक लाभ के लिए हिंदू समाज को जाति के आधार पर बांटने का आरोप लगाया। लेकिन यह तो बस शुरुआत थी। मोदी ने गुगली तब डाली जब उन्होंने पूछा कि कांग्रेस ने मुसलमानों और दूसरे धर्मों की जाति जनगणना कराने की मांग क्यों नहीं की। आखिर मुसलमान भी जाति के आधार पर बंटे हुए हैं और मुसलमानों में ऐसे लोग हैं जो लगभग अछूत और बहिष्कृत हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि मोदी शायद भारत के पहले राजनीतिक नेता हैं, जिन्होंने यह मुद्दा उठाया है कि कांग्रेस ने मुसलमानों के बीच जाति जनगणना क्यों नहीं कराई या इस मुद्दे को क्यों नहीं उठाया। उन्होंने आश्चर्य जताया कि हिंदुओं को क्यों निशाना बनाया जा रहा है। कहा जाता है कि मुसलमान कई जातियों में बंटे हुए हैं।

इनमें पसमांदा बहुत गरीब हैं और पिछड़े हुए हैं। राहुल गांधी ने मोदी के बयान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री देश को धार्मिक आधार पर बांटने की राह पर हैं। लेकिन मोदी के बयान से सरकार की मंशा का पता चलता है कि अगर अन्य धर्मों के लिए भी ऐसी जनगणना स्वीकार्य हो तो वह जाति जनगणना कराने पर विचार कर सकती है। यह एक और भानुमती का पिटारा खोलने जैसा होगा और बहुत गर्मागर्मी होगी। एनडीए में भाजपा के सहयोगी दलों ने भी इस मुद्दे पर चुप्पी साध रखी है। शायद यह मुद्दा संसद के शीतकालीन सत्र में उठ सकता है जो 23 नवंबर को महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद आयोजित किया जाएगा। मोदी की गुगली ने आरएसएस नेतृत्व को खुश कर दिया है।

> **राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि मोदी शायद भारत के पहले राजनीतिक नेता हैं, जिन्होंने यह मुद्दा उठाया है कि कांग्रेस ने मुसलमानों के बीच जाति जनगणना क्यों नहीं कराई या इस मुद्दे को क्यों नहीं उठाया। उन्होंने आश्चर्य जताया कि हिंदुओं को क्यों निशाना बनाया जा रहा है। कहा जाता है कि मुसलमान कई जातियों में बंटे हुए हैं।**
>
> **-हरीश गुप्ता-**

विपक्ष के नेता राहुल गांधी नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष और अब मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के प्रति कुछ हद तक उदासीन नजर आ रहे हैं। यह कल्पना से परे है कि राहुल गांधी ने भारी मुश्किलों के बावजूद केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत के लिए उमर अब्दुल्ला को बधाई नहीं दी।

उन्होंने उन्हें व्यक्तिगत रूप से फोन भी नहीं किया। इसके बजाय, उन्होंने जम्मू-कश्मीर में इंडिया गठबंधन की जीत पर डॉ। फारुक अब्दुल्ला को फोन किया, जबकि उमर अब्दुल्ला ने गठबंधन को बहुमत मिलने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को फोन किया। वैसे तो अब्दुल्ला परिवार के गांधी परिवार के साथ बेहद मधुर संबंध रहे हैं, लेकिन उमर अब्दुल्ला राज्य में गठबंधन सहयोगी के तौर पर राहुल गांधी की कार्यशैली से बेहद नाराज हैं।

यह तय हुआ था कि कांग्रेस जम्मू क्षेत्र की सीटों पर ध्यान केंद्रित करेगी और भाजपा से सीधा मुकाबला करेगी जबकि नेशनल कॉन्फ्रेंस नया कश्मीर में भाजपा और उसके समर्थकों से लड़ेगी। लेकिन राहुल गांधी ने नया कश्मीर के इलाकों में प्रचार करना चुना, खासतौर पर उन सीटों पर जहां कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच दोस्ताना मुकाबला चल रहा था। उमर को इस बारे में बोलना पड़ा और उन्होंने कांग्रेस नेताओं के एक अक्तूबर को होने वाले अंतिम चरण के मतदान से एक सप्ताह पहले 26 सितंबर को जम्मू में प्रचार न करने पर सवाल उठाया।

उमर अब्दुल्ला ने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि राहुल कश्मीर में एक या दो सीटों पर प्रचार करने के बाद जम्मू पर ध्यान केंद्रित करेंगे। आखिरकार कांग्रेस कश्मीर में क्या करती है, यह महत्वपूर्ण नहीं है। कांग्रेस जम्मू में क्या करती है, यह महत्वपूर्ण है।'' राहुल ने न केवल हरियाणा में बल्कि जम्मू में भी कांग्रेस का सबसे खराब प्रदर्शन दिखाया। राहुल गांधी ने भी यह सुनिश्चित करके मतभेदों का स्पष्ट संकेत दिया कि कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं होगी। हालांकि वे उमर अब्दुल्ला के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के नतीजे आने के बाद 8 अक्तूबर को राहुल गांधी की चुप्पी ने कई लोगों को चौंका दिया। आखिरकार, उन्होंने अगले दिन विधानसभा चुनाव के नतीजों पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली जिसमें हरियाणा में कांग्रेस की चौंकाने वाली हार के कारणों का विश्लेषण करने का वादा किया गया, लेकिन जम्मू-कश्मीर में पार्टी के प्रदर्शन का कोई जिक्र नहीं किया।

**( यह लेखक के निजी विचार थे )**

---

# नेतृत्व पदों में महिलाओं की स्वीकार्यता सहज नहीं

**राष्ट्रीय**

> **प्रशासन की अवहेलना से कहीं अधिक यह मुद्दा सामाजिक स्तर पर सुषुप्त चेतना का है। सरपंच पति सर्वस्वीकार्य व्यवस्था का वह स्वरूप है जो किसी को भी विचलित नहीं करता। राजनीति में महिलाओं के प्रवेश की सबसे बड़ी चुनौती राजनीतिक समाजीकरण का अभाव है और इसके लिए प्रशासनिक एवं सामाजिक स्तर पर जब तक प्रयास नहीं होंगे तब तक नेतृत्व पदों में महिलाओं की स्वीकार्यता सहज नहीं होगी।**
>
> **-डॉ. ऋतु सारस्वत-**

हाल में सर्वोच्च न्यायालय ने मनीषा रविंद्र पानपाटिल बनाम महाराष्ट्र राज्य एवं अन्य के मामले की सुनवाई करते हुए महाराष्ट्र के जलगांव जिले के विचारखंड़ा पंचायत की महिला सरपंच को तकनीकी आधार पर अयोग्य ठहराए जाने पर महिला प्रतिनिधियों के प्रति प्रशासन के सभी स्तरों पर व्याप्त भेदभावपूर्ण रवैये पर अपनी अप्रसन्नता व्यक्त की। सुप्रीम कोर्ट ने महिला सरपंच को राहत देते हुए टिप्पणी की कि 'यह प्रकरण तब और भी गंभीर हो जाता है, जब हम एक देश के रूप में सार्वजनिक कार्यालयों और निर्वाचित निकायों में पर्याप्त महिला प्रतिनिधित्व सहित सभी क्षेत्रों में लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण के प्रगतिशील लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। जमीनी स्तर पर इस तरह के उदाहरण हमारे द्वारा हासिल की गई किसी भी प्रगति पर गहरा आघात करते हैं।' शीर्ष न्यायालय की यह टिप्पणी संपूर्ण सामाजिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़े करती है। राजनीति का क्षेत्र पुरुषों का गढ़ माना जाता रहा है। इसलिए जब 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत स्थानीय सरकारों यानी गांव से लेकर जिला स्तर तक की संस्थाओं में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण दिया गया तो संभावना जताई गई कि यह राजनीति में पुरुषों के एकाधिकार की समाप्ति का नवीन अध्याय लिखेगा। इसके बाद ग्रामीण अंचलों में महिलाएं नेतृत्व करते दिखाई देने लगीं, परंतु यह एक छद्म तस्वीर थी, क्योंकि वास्तविक सत्ता पुरुष सदस्यों के हाथ में बनी रही और आज भी कई जगह यह परंपरा यथावत कायम है।

'सरपंच पति' स्थानीय राजनीति से जुड़ी वह सच्चाई है, जो राजनीतिक क्षेत्र में लैंगिक समानता के प्रयासों को ठेंगा दिखाती है। अमूमन सभी के मन में यह प्रश्न कौंधता है कि क्यों महिला सरपंच स्वयं इसका विरोध नहीं करतीं? प्रशासन की नाक के नीचे सरपंच पतियों का अस्तित्व कई प्रश्न खड़े करता है।

प्रशासन की अवहेलना से कहीं अधिक यह मुद्दा सामाजिक स्तर पर सुषुप्त चेतना का है। सरपंच पति सर्वस्वीकार्य व्यवस्था का वह स्वरूप है, जो किसी को भी विचलित नहीं करता। इसके विपरीत सामाजिक स्तर पर तब असहजता उत्पन्न होती है, जब कोई महिला सरपंच स्वतंत्र रूप से अपने दायित्व का निर्वहन करे।



तब उसे उसके पद से हटाने के लिए नए-नए तरीके आजमाए जाते हैं, जैसा कि मनीषा रविंद्र के साथ आजमाए गए। उन्हें इस आरोप के आधार पर हटाने का फैसला लिया गया था कि वह कथित तौर पर सरकारी जमीन पर बने घर में रह रही थीं। इस आरोप को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लगता है कि ग्रामीण इस वास्तविकता को स्वीकार करने में असमर्थ थे कि एक महिला सरपंच उनकी ओर से निर्णय लेगी और उन्हें उसके निर्देशों का पालन करना होगा। ऐसा विरले ही होता है कि किसी गांव विशेष में सरपंच पति के अनुचित अधिकार अतिक्रमण का विरोध हुआ हो। 'द रेक्जाविक इंडेक्स फॉर लीडरशिप 24' का एक अध्ययन बताता है कि 'महिलाएं स्वयं भी नेतृत्व के पदों के लिए महिलाओं को पुरुषों के समान योग्य नहीं मानतीं।' यह तथ्य चौंकाता है, परंतु अगर गंभीरता से विचार किया जाए तो यह वह वास्तविकता है, जिसके संबंध में कभी भी गहन शोध करने के प्रयास नहीं किए गए। अमूमन यही माना जाता रहा है कि महिला नेतृत्व पुरुषों को चुभता है, परंतु यह आंशिक सत्य है। आम तौर पर यही सोच महिलाओं का भी है, परंतु उन्हें कठघरे में खड़ा करना न्यायोचित नहीं। सामाजिक मनोविज्ञानी फेय क्रास्बी कहते हैं कि पितृसत्तात्मक सोच इस कदर समाज में घुल-मिल गया है कि अधिकांश महिलाओं को इसका पता नहीं होता कि वे समुदाय में लैंगिक भेदभाव का शिकार हुई हैं। 'मीजरिंग बायस अगेंस्ट फीमेल पालिटिकल लीडरशिप' नामक अध्ययन बताता है कि इतिहास, समाज और पितृसत्ता ने सदियों से महिलाओं की भूमिका को आकार दिया है। रूढ़िवादी विचार राजनीति में महिलाओं की उपस्थिति में बाधा डालते हैं। गहराई से उकेरी गई मानसिकता न केवल बाहरी दुनिया की धारणा को प्रभावित करती है, अपितु महिलाओं के मस्तिष्क पर भी असर डालती है और उन्हें यह विश्वास दिलाती है कि वे राजनीति के योग्य नहीं हैं।

महिलाओं पर थोपे गए दोहरे मापदंड उनके आत्म-मूल्यांकन कौशल को कम करते हैं। इस संदर्भ में मास राकुसिन का शोध बताता है कि महिलाओं का आत्मविश्वासी होना सामाजिक दृष्टिकोण में 'दुस्साहसी' होना है, जो सामाजिक सुसंगतता को चुनौती देता है। महिलाओं को निरंतर इसका बोध भी कराया जाता है। इससे वे स्वयं ही राजनीति के क्षेत्र से पीछे हट जाती हैं। सफलता आत्मविश्वास के साथ उतनी ही निकटता से जुड़ी है, जितनी योग्यता के साथ। राजनीति में महिलाओं के सफल-असफल, योग्य-अयोग्य होने का प्रश्न इसलिए खड़ा नहीं हो पता, क्योंकि रूढ़िवादिता की कठोर परंपराएं उनकी राह में कांटें बिछा देती हैं। राजनीति में महिलाओं के प्रति माहौल इतना नकारात्मक है कि महिलाएं यही बेहतर समझती हैं कि वे इस क्षेत्र से दूर ही रहें। अगर हम यह समझ रहे हैं कि युवा पीढ़ी के विचार लैंगिक रूढ़ियों के विरुद्ध हैं तो यह भ्रम है। 'मीजरिंग सोसाइटीज परसेप्सन्स आफ इक्वलिटी फॉरवूमेन एंड मेन इन लीडरशिप सींस' रेखांकित करता है कि युवा पीढ़ी का यह मानना है कि राजनीति के समीकरण महिलाओं की समझ से परे हैं। राजनीति में महिलाओं के प्रवेश की सबसे बड़ी चुनौती राजनीतिक समाजीकरण का अभाव है और इसके लिए प्रशासनिक एवं सामाजिक स्तर पर जब तक प्रयास नहीं होंगे, तब तक नेतृत्व पदों में महिलाओं की स्वीकार्यता सहज नहीं होगी।

**( यह लेखक के निजी विचार हैं )**

---

# वैवाहिक दुष्कर्म कानून के खतरे, दुरुपयोग पर सुको जता चुका है चिंता

**खाद्य सुरक्षा**

> **भारत में पति या पत्नी द्वारा बिना किसी कारण शारीरिक संबंध न बनाना क्रूरता और तलाक का आधार माना जाता है। यदि पति इसी आधार पर तलाक मांगता है और इसके बाद पत्नी दुष्कर्म का आरोप लगा देती है तो कोर्ट किसकी मानेगा? क्या केवल महिला का कथन पति को जेल भेजने के लिए पर्याप्त होगा?**
>
> **-दीपिका नारायण भारद्वाज-**

वर्ष 2012 में जब मैंने अपनी डॉक्यूमेंट्री 'मार्टर्स आफ मैरिज' बनानी शुरू की थी, तब धारा 498 ए का दुरुपयोग चरम पर था। जिस किसी वकील या पुलिस अफसर से बात करो, सब ऑफ कैमरा कहते थे कि यह कानून महिलाओं के हाथों में दिया गया वह हथियार है, जिसे वह पति और उसके परिवार को बर्बाद करने के लिए इस्तेमाल कर रही हैं। इसी दौरान नारीवादियों से भी बात की। अचंभे की बात यह थी कि जहां सुप्रीम कोर्ट इस कानून के दुरुपयोग को कानूनी आतंकवाद की संज्ञा दे चुका था, वहीं नारीवादी यह मानने को तैयार नहीं थे कि कोई स्त्री कानून का दुरुपयोग कर सकती है। अंततः 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने गाइडलाइन जारी की और 498 ए में तुरंत गिरफ्तारी पर रोक लगाई। इसके बाद पारिवारिक विवादों में छेड़खानी, दुष्कर्म, अप्राकृतिक सेक्स जैसे आरोपों का इस्तेमाल किया जाने लगा। जेठ, देवर, श्वसुर, मामा, चाचा, ननद के पति आदि पर यौन शोषण का आरोप लगाकर उन्हें जेल भिजवाया जाने लगा, ताकि भारी रकम वसूल की जा सके। किसी भी कोर्ट परिसर में मध्यस्थता केंद्र में जाकर देखें, आपको इन मुकदमों में सौदेबाजी होती मिल जाएगी। जितनी संगीन धाराएं, उतनी बड़ी मांग।

एक आम इंसान को 15-20 लाख की पूंजी जमा करने में बरसों लग जाते हैं, लेकिन ऐसे अनगिनत मामले हैं, जहां कुछ दिनों या महीनों चली शादी में भी महिला लाखों रुपये झूठे मुकदमे के एवज में ले गई। महिलाओं के पास बहुत से ऐसे कानून हैं, जिनके तहत वे पति और उसके परिवार के खिलाफ शिकायत कर सकती हैं। ऐसे में क्या वैवाहिक दुष्कर्म का कानून लाना जरूरी है? हाल में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि ऐसा नहीं किया जाना चाहिए। महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय एवं राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी ऐसे कानून के विरोध में मत व्यक्त किया। प्रश्न है कि क्या भारत की आम महिलाएं पति को दुष्कर्मी कहने का अधिकार मांग रही हैं या फिर यह कुछ चुनिंदा नारीवादियों की मांग है? इस विषय पर मैंने कुछ नारीवादियों की दलीलें सुनीं। उनका कहना है कि वैवाहिक दुष्कर्म कानून का न होना राइट टू इक्वलिटी यानी समता के अधिकार के खिलाफ है। यही महिलाएं कभी यह नहीं कहतीं कि 498ए या घरेलू हिंसा के कानून में पुरुष को पीड़ित न देखा जाना भी राइट टू इक्वलिटी के खिलाफ है। अगर यह कहा जाए कि क्यों न वैवाहिक दुष्कर्म को जेंडर न्यूट्रल कर दिया जाए तो नारीवादी क्रोधित होकर कहते हैं कि अगर ऐसा हुआ तो पुरुष कानून का दुरुपयोग करेंगे। साफ है कि नारीवादी चाहते हैं कि हर तरह का कानून सिर्फ महिलाओं के लिए हो, भले ही वे उसका दुरुपयोग करें। 21वीं सदी में इस तरह का तर्क नारीवाद के सिद्धांतों के बिल्कुल विपरीत है, लेकिन आज का नारीवाद महिलाओं को सशक्त बनाने के स्थान पर पुरुषों को सताने में अधिक अग्रसर दिखता है। यह देखा जाना जरूरी है कि वैवाहिक दुष्कर्म कानून बनने से पहले ही न्यायालयों में किस तरह के आदेश पारित हो चुके हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने पिछले साल एक मुकदमे को खारिज किया। इसमें पत्नी ने पति के परिवार के पुरुष रिश्तेदारों पर दुष्कर्म का झूठा मुकदमा किया था। न्यायालय ने कहा कि घरेलू झगड़ों में ऐसे झूठे आरोप लगाने की प्रवृत्ति को रोकना होगा। एक अन्य मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शादी के एक दिन बाद ही पत्नी द्वारा पति पर लगाए गए दुष्कर्म के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि यह कानून के दुरुपयोग का सटीक उदाहरण है। ऐसे भी बहुत से मामले हैं, जहां महिलाओं द्वारा पति पर बेटी के यौन उत्पीड़न का झूठा मुकदमा लिखाया गया, ताकि उसकी कस्टडी उसे मिल जाए।

हमारी संस्था एकम न्याय फाउंडेशन ने 2023 में 825 ऐसे मामले उजागर किए, जहां या तो पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मार दिया या पुरुष ने पत्नी या प्रेमिका द्वारा प्रताड़ना के कारण आत्महत्या कर ली। जब हम हर दिन झूठे मुकदमों में फंसे पुरुषों द्वारा आत्महत्या करते देख रहे हैं, तब यदि वैवाहिक दुष्कर्म का कानून आया तो जो महिलाएं व्यभिचारी या झगड़ालू हैं, वे इस कानून का बेजा इस्तेमाल करेंगी। ऐसे किसी कानून के संदर्भ में कुछ अहम सवाल हैं- अगर महिला कह दे कि दो साल पहले पति ने दुष्कर्म किया था तो वह यह कैसे साबित कर पाएगा कि उसने ऐसा नहीं किया था? अगर महिला मुकदमा करने के बाद उसे वापस लेने के लिए लाखों या करोड़ों रुपये की मांग करे तो क्या न्यायालय ऐसे मुकदमों को सेटलमेंट के नाम पर खत्म करेंगे, जैसा 498 ए में होता है? अगर हां तो क्या यह उगाही का एक और जरिया नहीं बन जाएगा? क्या महिला को झूठा मुकदमा करने की कोई सजा मिलेगी? 498 ए के झूठे मुकदमों में तो शायद ही किसी महिला को सजा मिलती हो। भारत में पति या पत्नी द्वारा बिना किसी कारण शारीरिक संबंध न बनाना क्रूरता और तलाक का आधार माना जाता है।

यदि पति इसी आधार पर तलाक मांगता है और इसके बाद पत्नी दुष्कर्म का आरोप लगा देती है तो कोर्ट किसकी मानेगा? क्या केवल महिला का कथन पति को जेल भेजने के लिए पर्याप्त होगा? शादी सिर्फ महिला अधिकारों का तानाबाना नहीं है, जैसा कि नारीवादी तबका सिद्ध करना चाहते हैं। महिला अधिकारों के लिए संघर्ष करने का मतलब यह नहीं कि पुरुष के अधिकारों की पूरी तरह अनदेखी कर दी जाए। मान-सम्मान सिर्फ नारी का नहीं, पुरुष का भी होता है। पतियों द्वारा पत्नियों का मानसिक और यौन शोषण किए जाने पर उन्हें सजा मिलनी ही चाहिए, लेकिन इसकी अनदेखी न हो कि महिलाएं कानूनों का दुरुपयोग कर रही हैं और इसके लिए उन्हें कोई सजा नहीं मिलती। सुप्रीम कोर्ट को इस पर गौर करना चाहिए कि जो कानून इतनी बड़ी आबादी वाले देश में हर शादी को प्रभावित करने वाला हो, उसे सिर्फ एक पक्ष के अधिकारों के मद्देनजर बनाने के बजाय ऐसा कोई रास्ता निकालना चाहिए, जिससे किसी के भी अधिकारों का हनन न हो।

**( यह लेखिका के निजी विचार हैं )**

---

## SUDOKU 182

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | 8 | 3 | |
| | | | | | | | | 4 |
| 2 | 4 | 8 | | | | | | 1 |
| | | 4 | | | 8 | | 1 | |
| 8 | | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | | 9 |
| | 2 | | 7 | | | 3 | | |
| 1 | | | | | | 6 | 8 | 3 |
| 9 | | | | | | | | |
| | 8 | 6 | | 5 | | | 9 | |

## SOLUTIONS 181

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 3 | 6 | 2 | 5 | 8 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 6 | 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 4 | 2 | 5 | 8 | 7 | 9 | 6 |
| 5 | 7 | 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 2 | 8 | 6 | 7 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 |
| 4 | 9 | 5 | 3 | 7 | 2 | 6 | 1 | 8 |
| 3 | 2 | 7 | 8 | 6 | 1 | 9 | 4 | 5 |
| 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 3 | 2 | 7 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

के.ए. दुबे पद्मेश

**मेष :** कानूनी विवादों से मुक्ति मिलेगी। पारिवारिक जीवन में सकारात्मक बदलाव होंगे। नई प्रॉपर्टी की खरीदारी संभव है। आमदनी के नए स्त्रोत बनेंगे।

**वृषभ :** अपने सभी काम डेडलाइन से पहले कंपलीट करने होंगे। ऑफिस में काफी बिजी शेड्यूल रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मिथुन :** करियर में आने वाली बाधाओं से छुटकारा मिलेगा। प्रियजन से मुलाकात संभव है। नई प्रॉपर्टी खरीदने की शानदार डील मिल सकती है। आज आपको स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहना होगा।

**कर्क :** आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण रखना होगा। ऑफिस में काफी बिजी शेड्यूल रहेगा। आज धन-संपदा में वृद्धि के योग बनेंगे।

**सिंह :** नए साधनों की तलाश करने में सफल होंगे। प्रियजन से मुलाकात के लिए यात्रा के योग बनेंगे। आज आप घर मरम्मत कराने का प्लान बना सकते हैं।

**कन्या :** आज धन बचत करने पर फोकस करना होगा। खर्चों पर नियंत्रण रखें। प्रोफशनल लाइफ में बदलाव के संकेत हैं। यह फैमिली के साथ वेकेशन का प्लान बनाने का बेस्ट टाइम है।

**तुला :** लंबे समय से चली आ रही परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। आय के नए स्त्रोतों से धन लाभ होगा। ऑफिस में कार्यों की तारीफ होगी।

**वृश्चिक :** छोटी-मोटी आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए सोच-समझकर धन खर्च करें। बेकार के खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**धनु :** ऑफिस में बॉस आपके कार्यों से इंप्रेस होंगे। मन प्रसन्न रहेगा। नेगेटिविटी से मुक्ति मिलेगी। फैमिली और फ्रेंड्स के साथ यात्रा के योग बनेंगे।

**मकर :** निवेश से जुड़े फैसले बहुत सोच-समझकर लेना होगा। पारिवारिक जीवन में छोटी-मोटी दिक्कतें रहेंगी। आज आप प्रॉपर्टी खरीदने या बेचने का प्लान बना सकते हैं।

**कुंभ :** प्रोफेशनल लाइफ में आने वाली दिक्कतों से छुटकारा मिलेगा। आप फैमिली के साथ किसी पार्टी में शामिल होंगे। यात्रा के योग बनेंगे। धन-संपदा में वृद्धि होगी। आय के नए साधन बनेंगे।

**मीन :** आर्थिक मामलों पर थोड़ा ध्यान देना होगा। बिजनेसमेन को व्यापार में बढ़ोत्तरी के कई मौके मिलेंगे। प्रॉपर्टी को लेकर चल रहे विवाद सुलझ जाएंगे।

## आज का पंचांग

**तिथि/संवत :** 18 अक्टूबर 2024 दिन शुक्रवार कार्तिक मास कृष्ण पक्ष प्रतिपदा तिथि विक्रम संवत 2081 शक संवत 1946।

**सूर्य उदय कालीन ग्रह विचार**

सूर्य तुला राशि में चंद्र मेष राशि में मंगल मिथुन राशि में बुध तुला राशि में गुरु वृषभ राशि में शुक्र वृश्चिक राशि में शनि कुंभ राशि में राहु मीन राशि में और केतु कन्या में रहेगा।

**सूर्य उदय कालीन नक्षत्र विचार**

सुबह प्रातः काल मेष राशि का नक्षत्र अश्विनी का तृतीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया स्वर्ण रहेगा प्रातः 10.00 बजे मेष राशि का नक्षत्र अश्विनी का चतुर्थ चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया स्वर्ण रहेगा दोपहर 4.00 बजे मेष राशि का नक्षत्र भरणी का प्रथम चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया स्वर्ण रहेगा रात्रि 11.00 बजे मेष राशि का नक्षत्र भरणी का द्वितीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया स्वर्ण रहेगा।

**योग :** वज्र। **करण :** कौलव।

**चौघड़िया, शुक्रवार**

सुबह 6.00 से 7.30........ चर
सुबह 7.30 से 9.00........ लाभ
सुबह 9.00 से 10.30........ अमृत
सुबह 10.30 से 12.00........ काल
दोपहर 12.00 से 1.30........ शुभ
दोपहर 1.30 से 3.00........ रोग
दोपहर 3.00 से 4.30........ उद्वेग
शाम 4.30 से 6.00........ चर

**आज जन्मे बच्चों की राशि और नाम**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | अक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रातः 6.00 से | अश्विनी | तृतीय | स्वर्ण | मेष | चो |
| प्रातः 10.00 | अश्विनी | चतुर्थ | स्वर्ण | मेष | ला |
| दोपहर 4:00 | भरणी | द्वितीय | स्वर्ण | मेष | ली |
| रात्रि 11.00 | भरणी | प्रथम | स्वर्ण | मेष | लू |

**राहुकाल :** सुबह 10.30 से 12.00 बजे तक रहेगा।
**दिशाशूल :** दक्षिण पश्चिम दिशा में रहेगा।
**खरीदारी का उचित समय :** दोपहर 12 से 1.30 बजे तक रहेगा।
**आराधना मंत्र :** ऊँ अश्विनौ तेजसाचक्षुः प्राणेन सरस्वतीवीर्यम वाचेन्द्रो बलेनेन्द्रायदद्युरिन्द्रियम।

**पं. अरविंद तिवारी**

**जीवन दर्शन**

## अवसर को तराशना सीखें



मनुष्य की यह आदत होती है कि वह हमेशा दूसरों के द्वारा दिए गए अवसरों का लाभ उठाना चाहता है... हम यही सोचते हैं कि कोई आएगा और हमें कोई काम देगा... हम उस व्यक्ति का इंतजार ही करते रह जाते हैं। अगर यह संभव है तो आप जरूर उस शख्स का इंजार करें जो आपको सफलता प्राप्तकरने का अवसर प्रदान करने वाला है। लेकिन अगर आपकोलगता है कि ऐसा नहीं होगा तो आपको किसी दूसरे का इंतजार करने की आवश्यकता नहीं है... आपको उस अवसर को स्वयं तराशना चाहिए .. क्योंकि किस्मत भी उसी का साथ देती है जो व्यक्ति कठिन परिश्रम करना जानता है। कई बार बहुत मेहनत करने के बाद भी अगर आपको सफलता हासिल नहीं होती... तो दूसरों को दोष ना दें... धैर्य रखते हुए सही समय का इंतजार करें। लोगों से मिलना... सामाजिक और निजी संबंधों को बनाकर रखना... ये सब आपके लिए अवसरों का निर्माण करते हैं। लेकिन व्यक्ति को कभी उस इंसान को नहीं भूलना चाहिए जिसने आपको आपकी उपलब्धि को हासिल करने में सहायता दी है या फिर जिसने आपके लिए अवसर का निर्माण किया है। आप जिस अवसर की तलाश कर रहे हैं... अगर वह आपको प्राप्त नहीं हो रहा है तो नाउम्मीद ना हों... इसके विपरीत आप अपनी क्षमता और आवश्यकता को समझकर स्वयं को और विकसित करने की कोशिश करें। छोटी चीज से शुरुआत करें..रोजगार समाचार पढ़ें... वेबसाइट छांटें.. अपने लिए संबंधित प्लेटफॉर्म की तलाश करें.. जिसके जरिए आपका टैलेंट, आपकी दिलचस्पी, आपकी शिक्षा और निखकर बाहर आए। हर व्यक्ति के अंदर सीखने की आग प्रज्वलित रहनी चाहिए... सीखने का पैशन हर किसी में होना चाहिए। अपनी सफलता की कहानी अन्य लोगों के साथ सांझा करें। यह दूसरों के लिए भी अवसर का निर्माण करता है।

-ब्रह्मकुमारीज

## संक्षिप्त खबरें

### प्रसव के दौरान काटी गलत नस, प्रसूता की हुई मौत

**जागरण, छिंदवाड़ा।** अस्पताल में एक प्रसूता की मौत के मामले में डॉक्टर पर लापरवाही के आरोप लगाकर परिजनों ने हंगामा किया है। आरोप है कि डिलीवरी के दौरान लापरवाह महिला डॉक्टर ने प्रसूता की गलत नस काट दी, जिसके बाद उसे रक्त-स्त्राव होने लगा और हालात बिगड़ने लगी लगभग 5 घंटे तक वह परिजनों को इलाज की बात करते रही, बाद में जब हालात बिगड़ गई तो उसे नागपुर रेफर कर दिया लेकिन उसने रास्ते में दम तोड़ दिया।

### शिव मंदिर में चोरी कर दानपात्र तोड़ा




**जागरण, रतलाम।** जिले के ग्रामीण अंचलों के मंदिरों को चोर निशाना बनाने के बाद अब शहर के मंदिर में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। बीती रात चोरों ने रतलाम शहर के शिव मंदिर पर धावा बोला। चोर दानपात्र तोड़ नगदी चुरा ले गए। घटना शहर के थाना औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत कस्तूरबा नगर से लगे न्यू राजीव नगर स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर की है। चोर मंदिर की एक साइड लगी जाली की तरफ से कूदकर मंदिर में घुसे। मंदिर में लगे दानपात्र को तोड़ उसमें रखी करीब 2 से 3 हजार रुपए की नगदी चुरा ले गए। घटना की जानकारी सुबह मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। मंदिर में जांच की। मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा भी विराजित हैं।

### 27 अक्टूबर से हैदराबाद और अहमदाबाद के लिए हवाई सेवा होगी शुरू



**जागरण, ग्वालियर।** दीपावली के त्योहार से पहले नागरिक विमानन मंत्रालय ने ग्वालियर को दो नई फ्लाइट की सौगात दी है। ग्वालियर से हैदराबाद और अहमदाबाद के लिए हवाई सेवा का संचालन शुरू होने जा रहा है। दोनों फ्लाइट्स 27 अक्टूबर से संचालित होंगी। इससे अहमदाबाद व हैदराबाद जाने वालों को अब पहले भोपाल, इंदौर या दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा। अभी तक जो सफर 20 से 25 घंटे में तय होता था वो अभी सिर्फ दो घंटे में तय होगा। इससे ग्वालियर और इन दो बड़े शहरों से कनेक्टिविटी होने के चलते व्यापार में भी फायदा होगा। एयरपोर्ट ने विंटर सीजन का प्लान लागू कर दिया है।

# बॉयफ्रेंड ने बहन को धमकाया तो भाइयों ने उतार दिया मौत के घाट

## भाइयों ने नाबालिग भतीजे के साथ बनाई योजना, बोले-उसे तड़पता देखकर सुकून मिला

**जागरण, रीवा।** दो भाइयों ने अपने नाबालिग भतीजे के साथ मिलकर बहन के प्रेमी की हत्या कर दी। वह साथ रहने के लिए बहन को धमका रहा था। इसका बदला लेने आरोपियों ने हत्या की योजना बनाई। इसके लिए नवरात्रि का समय चुना। 8 अक्टूबर को बहन के प्रेमी को खेत पर बुलाकर पीटा। एक आरोपी ने उसका मुंह दबाया, दूसरे ने हाथ के कड़े से वार किए, जबकि तीसरा आरोपी उसकी छाती पर बैठ गया और गला दबा दिया। मरने के बाद भी आरोपियों का मन नहीं भरा तो उसको पैरों से कुचला। फिर बदला पूरा हो गया कहकर जश्न मनाया। मृतक को जिंदा शख्स की तरह बाइक के बीच में बैठाया। गांव से 15 किलोमीटर दूर दुर्गा पंडाल के पास शव को ठिकाने लगा दिया लेकिन पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा कर आरोपियों को पकड़ लिया है।

### पंडाल में जाने का कहकर निकला था

हर्षित के पिता ने बताया, बेटा घर से 8 अक्टूबर को पूजा पंडाल में जाने का कहकर निकला था। फिर घर नहीं लौटा। अगले दिन शाम को पता चला कि उसकी हत्या कर दी गई है। लाश बैकुण्ठपुर में पड़ी होने की सूचना मिली। हमें उसके प्रेम प्रसंग या विवाद के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। हत्यारों ने मेरे बेटे को तड़पा-तड़पाकर मारा है।



### बहन को धमकाता था हर्षित

पुलिस ने तीनों आरोपियों को बुधवार रात को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी प्रदीप रावत ने बताया, मैंने हर्षित को तड़पा-तड़पाकर मारा। तब जाकर मेरे कलेजे को चैन आया, उसने बहन को फंसाया था। बहन ने दूर होने की कोशिश की तो वह उसे धक्का देने लगा। कहता था- तेरी जिंदगी बर्बाद कर दूंगा। किसी और की होने नहीं दूंगा। जो कहूंगा करना पड़ेगा। मुझसे ये सब देखा नहीं जा रहा था। पुलिस के पास जाते तो लोग ताने मारते, इसलिए उसकी हत्या की प्लानिंग की। अटरिया गांव के खेत में मार डाला। फिर बैकुण्ठपुर थाना क्षेत्र के दोहा गांव में पुल के नीचे दुर्गा पंडाल के पास फेंककर चले गए।

### कॉल डिटेल से पकड़ाए आरोपी

एसपी विवेक सिंह ने बताया कि टीम ने हर्षित की कॉल डिटेल खंगाली, जिससे खुलासा हुआ कि उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। अनबन और ब्रेकअप की बात भी सामने आ गई। आरोपियों ने भी हर्षित को धमकाने के लिए फोन किए थे, उसी आधार पर तहकीकात आगे बढ़ी। मुखबिर से पता चला कि आरोपी लाश को ठिकाने लगाने के लिए 15 किमी दूर ले गए थे। पूछताछ में उन्होंने जुर्म कबूल कर लिया।

### पति की हत्या के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर दी जान

**जागरण, छिंदवाड़ा।** प्रेम विवाह से नाराज होकर एक पिता ने अपने बेटे के साथ मिलकर अपनी बेटी के सुहाग को उजाड़ दिया था, इस घटना के ठीक एक महीने बाद अब अपने पति की मौत के सदमें में डूबी युवती ने भी फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जानकारी अनुसार चांदामेटा के वार्ड 7 बडिया लाइन में 19 वर्षीय युवती उर्वशी उर्फ राधिका मालवी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती का शव बाथरूम में साड़ी के फंदे से लटका मिला। इसकी सूचना के बाद पुलिस ने युवती के शव को पीएम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मताबिक युवती के पति योगेश मालवी की हत्या एक महीने पहले 15 सितंबर की रात उसके पिता बिल्लू मालवी और भाई ने चाकू मारकर की थी। दरअसल युवती के पिता और भाई उसके द्वारा किए गए प्रेम विवाह से नाराज थे, वहीं गणेशोत्सव के दौरान दोनों ने उसके घर पहुंचकर अपनी बेटी को साथ ले जाने की बात कहते हुए युवती के पति से विवाद करने लगे और बाद में उसकी हत्या कर दी थी।

**प्रेम विवाह से नाराज युवती के पिता-भाई ने कर दी थी पति की हत्या**

**ससुराल में सदमे में रह रही थी युवती:** इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया था, जबकि पति की मौत के बाद से वह अपने ससुराल में ही रह रही थी। बताया जा रहा है कि सारे मामले को लेकर युवती अपना सुहाग उजाड़ने वाले पिता और भाई से नाराज थी। ऐसे में युवती ने भी आत्महत्या कर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि सारे मामले को लेकर जांच की जा रही है।

# तारों से टकराया महाकाली का रथ करंट फैलने से 3 लोगों की मौत

## सिवनी में दुर्गा विसर्जन जुलूस में हुआ दर्दनाक हादसा



**जागरण, सिवनी।** जिले की लखनादौन तहसील के धूमा में महाकाली के चल समारोह के दौरान हाईटेंशन तारों की चपेट में आने से 3 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 5 लोग घायल हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, धूमा मुख्यालय में 21 फिट ऊंची माता महाकाली की प्रतिमा का विसर्जन जुलूस निकाला जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इसी दौरान स्टेडियम के पास रथ हाईटेंशन तारों के संपर्क में आ गया। इससे रथ के साथ चल रहे कुछ युवकों को करंट का झटका लगा, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गए। घटना की जानकारी पुलिस और 108 एम्बुलेंस को दी गई। जिसके बाद घायलों को सिविल अस्पताल लखनादौन लाया गया। डॉक्टरों ने 3 लोगों को मृत घोषित कर दिया। 5 घायलों का इलाज चल रहा है। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच कर रही है। मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। लखनादौन एसडीओपी अपूर्व भलावी ने बताया कुछ युवक महाकाली का रथ ला रहे थे। रथ हाईटेंशन तारों के करीब आ गया और करंट फैल गया। हादसे में 3 की मौत हो गई और 5 घायल हो गए।

# इंदौर में 50 लाख रुपए की एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

## नशे के खिलाफ अभियान, भोपाल में मिली थी ड्रग्स की फैक्ट्री



**जागरण, इंदौर।** सराफा पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से आधा किलो एमडी ड्रग्स बरामद की है। इस ड्रग्स की कीमत 50 लाख रुपए बताई जा रही है। पकड़े गए आरोपियों के नाम पारस और रिंकू हैं। पुलिस दोनों से पूछताछ कर पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वे यह ड्रग्स कहा से लाए थे और किसे सप्लाई कर रहे थे। भोपाल और झाबुआ में ड्रग्स की फैक्ट्री पकड़े जाने के बाद से प्रदेशभर में पुलिस जगह-जगह कार्रवाई कर ड्रग्स बेचने वालों को गिरफ्तार कर रही है।

### जेल से भागने के बाद पारस चला रहा गैंग

ड्रग्स मामले में पकड़ाया आरोपी छोटा पारस छत्रीपुरा में एक चर्चित हत्याकांड के केस में उम्रकैद की सजा काट चुका है। वह इस दौरान जेल से भी फरार हो गया। वह एक गैंग संचालित करता है, जिसकी अन्य गैंग से दुश्मनी है। वहीं जेल से छूटने के बाद पारस द्वारकापुरी, छत्रीपुरा सहित अन्य इलाकों में सक्रिय था। कुछ समय पहले उसने छत्रीपुरा में बड़े पारस पर हमला किया था। वही क्राइम ब्रांच ने द्वारकापुरी इलाके में उसे पिस्टल के साथ भी पकड़ा था। वह जेल से छूटने के बाद नशे का कारोबार कर रहा था।

# रेप पीड़िता के घर मिली आरोपी युवक की लाश पीड़िता के परिजन फरार, हत्या की आशंका

## सीधी का मामला, फरार आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**जागरण, सीधी।** जिले के जमोड़ी थाना क्षेत्र में गुरुवार को रेप केस के आरोपी की लाश मिली है। लाश उसी लड़की के घर में मिली है, जिसने उस पर रेप का आरोप लगाया था। जानकारी लगते ही आसपास के क्षेत्र के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। डॉग स्क्वॉड के साथ पुलिस मौके पर पहुंची। युवक के सिर पर पत्थर से चोट लगने के निशान हैं। पुलिस का कहना है कि पत्थर से मारकर ही उसकी हत्या की है। लड़की के परिवार के लोग वारदात के बाद से फरार हैं। जमोड़ी थाना प्रभारी विशाल शर्मा ने बताया कि करीब तीन माह पहले युवती ने रेप की शिकायत की थी। युवती का कहना था कि कोटहा गांव में रहने वाले 32 वर्षीय धीरज सोनी ने उसके साथ रेप किया है। पुलिस ने तब केस दर्ज कर लिया था और धीरज को गिरफ्तार कर लिया था। धीरज हाल ही में जेल से जमानत पर छूटा था। जेल से बाहर आने के बाद वो युवती के घर पहुंचा था, जहां उसकी लाश मिली है।



### भाई को बुलाकर ले गई थी लड़की

धीरज के भाई ने मोनू बताया कि जिस लड़की ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था, वह बुधवार रात को मेरे भाई को बुला कर ले गई थी। जब सुबह तक भाई घर नहीं पहुंचा, तब मम्मी ढूंढने के लिए आसपास के क्षेत्र में गई। इस दौरान लड़की के घर जाकर देखा तो भाई की लाश खून से लथपथ पड़ी थी। इसके बाद मां ने मुझे बुलाया। लड़की ने ही घरवालों के साथ मिलकर भाई की हत्या की है।

### आरोपियों की तलाश, जल्द करेंगे खुलासा

एसडीओपी गायत्री तिवारी ने बताया कि डॉग स्क्वॉड और एफएसएल की टीम ने जांच की है। युवक के सिर पर पत्थर से हमले के निशान हैं। इससे जाहिर होता है कि पत्थर से मारकर ही उसकी हत्या की गई है। लड़की के परिवार के सभी लोग फरार हो चुके हैं, उनकी तलाश की जा रही है। वहीं एसपी डॉ. रवींद्र वर्मा ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि मामला प्रेम प्रसंग में हत्या का है। पुलिस सभी साक्ष्यों को इकट्ठा करके आरोपियों की तलाश कर रही है। जल्दी ही मामले का खुलासा करेंगे।

### नाबालिग को शराब के साथ पेट्रोल पिलाया

**जागरण, कटनी।** मासूम बच्चे को जातिगत गाली देते हुए उसे जबरन शराब के साथ पेट्रोल पिलाने के मामला समाने आया है। बच्चे की तबियत बिगड़ गई और उसे गंभीर हालत में कटनी जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। एसपी अभिजीत कुमार रंजन ने बताया कि पहरुआ ग्राम के निवासी शिवदयाल पटेल और उसका भाई बंधिया पटेल ने 12 वर्षीय बच्चे को जातिगत रूप से अपमानित किया और जबरन उसे शराब में डीजल मिलाकर पिलाया है। मामले की जांच टीआई को सौंपी है।

### पोर्टल से हो सकेगा पौधों का क्रय-विक्रय

**जागरण, नर्मदापुरम।** घर, गार्डन या खेतों में उत्तम गुणवत्ता के पौधे लगाने के लिये, अच्छे और स्वस्थ पौध के लिये अब नर्सरी के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है। उद्यानिकी विभाग द्वारा ई-नर्सरी पोर्टल पर 300 से अधिक नर्सरियों की जानकारी ऑनलाईन उपलब्ध करवाई गई है। इसके माध्यम से पौधों का क्रय-विक्रय आसानी से किया जा सकता है। नर्सरी प्रबंधन और पौधे विपणन की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार की यह नई पहल है, जिसे काफी सराहा जा रहा है। संचालक उद्यानिकी एसबी सिंह ने बताया कि ई-नर्सरी पोर्टल उद्यानिकी क्षेत्र में तकनीकी सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न केवल किसानों को बेहतर सेवाएं प्रदान कर रहा है, बल्कि राज्य के उद्यानिकी विकास में भी इसका योगदान सराहनीय है। उन्होंने बताया कि ई-नर्सरी पोर्टल पर विभाग की सभी नर्सरियों की पूरी जानकारी उपलब्ध हो गई है।

# तुअर-कपास की फसल के बीच गांजे की खेती, 75 लाख रु. के पौधे जब्त




**जागरण, खरगोन।** मध्य प्रदेश के खरगोन में पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 75 लाख का अवैध गांजा जब्त किया है। वहीं अवैध रूप से गांजा की खेती करने वाले एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। गांजे की खेती करने वालों के खिलाफ पुलिस की सबसे बड़ी कार्रवाई है। जानकारी के मुताबिक दृष्टान थाने के ग्राम सालकुंडी के पालिया में आरोपी श्यामलाल ने तुअर और कपास की फसल के बीच अवैध रूप से गांजे को उगाया था। आरोपी ने शेडो एरिया (नो मोबाइल नेटवर्क झोन) के पहाड़ी क्षेत्र में गांजे के पौधे लगाए थे, जिससे किसी को शक ना हो सके। गांजों के पौधों को पानी देने के लिए आरोपी ने एडवांस ड्रिप वाटर सिस्टम लगाया था। आरोपी श्यामलाल ने गांजे के पौधों की जड़ों के आसपास सफेद यूरिया खाद भी डाली हुई थी। अवैध गांजे के पौधों की औसत लंबाई करीबन 06 से 08 फीट थी। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान खेत से अवैध गांजे के कुल 620 पौधे जब्त किए हैं। इसका वजन 14 क्विंटल 26 किलोग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत 75 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है।


# डंपर ने बाइक को मारी टक्कर तीन लोगों की मौके पर मौत



**जागरण, सागर।** जिले के केसली थाना क्षेत्र में केसली-सिलवानी मार्ग पर जमुनिया गांव के पास गुरुवार दोपहर तीन से चार बजे के बीच तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को टक्कर मारी दी। टक्कर इतनी भीषण थी बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चकनाचूर हो गई। ग्रामीणों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची केसली पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शवों को पीएम के लिए अस्पताल भेजा। प्राथमिक जांच में मृतकों की पहचान नरसिंहपुर जिले के सुआतला थाना क्षेत्र के बितली गांव निवासी 32 वर्षीय संतोष तिवारी, 25 वर्षीय दिनेश कुमार गौंड और 42 वर्षीय लक्ष्मण गौंड के रूप में हुई है। जानकारी अनुसार गुरुवार शाम को डंपर तेज रफ्तार में एमपी 15 एचए 3727 सिलवानी की ओर से आ रहा था। इस दौरान उसने बाइक एमपी 15 क्यूसी 0960 को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक डंपर लेकर फरार हो गया। इसके बाद वह कुछ दूरी पर डंपर छोड़कर ड्राइवर भाग गया। मामले में केसली पुलिस प्रकरण दर्ज कर डंपर चालक की तलाश कर रही है। केसली थाना प्रभारी लोकेश पटेल ने बताया कि तीनों मृतक श्रमिक थे। वे केसली के आगे वन देवी के दर्शन करने के लिए गए थे। वहां से लौटते समय यह हादसा हुआ। पटेल ने बताया कि डंपर चालक हादसे के बाद वाहन छोड़कर भाग गया। डंपर को जब्त कर लिया है।

## दो ट्रेनें शार्ट टर्मिनेट और शार्ट ओरिजिनेट होंगी, कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्गों से चलाया जाएगा

# पूर्वोत्तर रेलवे में ब्लॉक: बदले रूट से चलेंगी नौ ट्रेनें, स्पेशल ट्रेनें भी चलेंगी




**जागरण, रतलाम।** पूर्वोत्तर रेलवे के कुसम्ही-गोरखपुर कैंट-गोरखपुर तीसरी लाइन के संबंध में डोमीगढ़ स्टेशन पर और गोरखपुर-गोंडा सेक्शन के डोमिनगढ़-जगतबेला के बीच ऑटोमैटिक सिग्नलिंग और अन्य कार्य किए जाने हैं। इसके लिए प्रस्तावित ब्लॉक के कारण रेल मंडल की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी। नौ ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी, वहीं दो ट्रेनें शार्ट टर्मिनेट और शार्ट ओरिजिनेट होंगी। एक ट्रेन रेगुलेट होगी। 17 और 25 अक्टूबर को 09146 बरौनी-मुंबई सेंट्रल स्पेशल परिवर्तित मार्ग से वाया गोरखपुर-बढ़नी-गोंडा चलेगी। 21 व 23 अक्टूबर को 09044 गोरखपुर-दहानू रोड स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया गोरखपुर-बढ़नी-गोंडा चलेगी। 20 व 22 अक्टूबर को 09043 दहानू रोड-गोरखपुर स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर चलेगी। 21 अक्टूबर को 09452 भागलपुर-गांधीधाम स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया गोरखपुर-बढ़नी-गोंडा चलेगी। 22 अक्टूबर को 09190 कटिहार-मुंबई सेंट्रल साप्ताहिक स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया गोरखपुर-बढ़नी-गोंडा चलेगी। 19 अक्टूबर को 09190 मुंबई सेंट्रल-कटिहार साप्ताहिक स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर चलेगी। 18 व 25 अक्टूबर को 05053 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया गोरखपुर-बढ़नी-गोंडा चलेगी। 19 व 26 अक्टूबर को 05054 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर स्पेशल को परिवर्तित मार्ग वाया गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर चलेगी। 27 अक्टूबर को 19038 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस अवध एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया गोरखपुर-बरहनी-गोंडा चलेगी।

### त्यौहारों पर ये स्पेशल ट्रेनें चलेंगीं

दीपावली, छठ पूजा के दौरान ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव के साथ उधना-कानपुर सेंट्रल तथा अहमदाबाद-ग्वालियर के बीच त्योहार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। 09069 उधना-कानपुर स्पेशल 21 अक्टूबर से 11 नवंबर तक प्रत्येक सोमवार को उधना से सुबह 5.30 बजे चलकर रतलाम, नागदा, उज्जैन व मक्सी होते हुए अगले दिन सुबह 6.30 बजे कानपुर सेंट्रल पहुंचेगी। इसी तरह 09070 कानपुर सेंट्रल-उधना स्पेशल 22 अक्टूबर से 12 नवंबर तक प्रत्येक मंगलवार को कानपुर सेंट्रल से 9.30 बजे चलकर मक्सी, उज्जैन, नागदा व रतलाम होते हुए अगले दिन सुबह 10 बजे उधना पहुंचेगी।

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल**
आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की पंचशील नगर सेक्टर-20X30 योजना में स्थित भूखण्ड/भवन क्रं.- 103 श्री साहेब राव आ. श्री अम्बू के नाम पर आवंटित है। आवंटी श्री साहेब राव आ. श्री अम्बू का स्वर्गवास दि. 12/2/2024 को हो जाने के कारण आवेदकों/वारिसो कमशः (1) श्रीमति लीला पाटिल W/o स्व. श्री साहेबराव (2) श्री गोकुल पाटिल (3) श्री रविन्द्र पाटिल (4) श्री पंकज पाटिल सभी पुत्रगण स्व. श्री साहेब राव के द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड/भवन अपने नाम पर/संयुक्त नाम पर नामांतरण कराना चाहा है। यदि उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल

**जाहिर सूचना**

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने श्री गजेन्द्र सिंह पुत्र श्री लखन सिंह आयु वयस्क निवासी-ग्राम/पोस्ट टीला खेड़ी, तहसील हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की एक किता कृषि भूमि खसरा क्रमांक 265/1 कुल रकबा 0.037 हेक्टेयर अर्थात 0.091 एकड़ अर्थात 3982 वर्गफिट भूमि जो ग्राम फन्दा कलां, पटवारी हल्का नंबर 38, राजस्व निरीक्षक मण्डल 4, विकास खण्ड फंदा, तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. में नगर निगम सीमाओं के बाहर इन्दौर-भोपाल मुख्य मार्ग पर स्थित है, को क्रय करने हेतु टोकन/ बयाना राशि अदा कर दी है यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी बैंक, सोसायटी, व्यक्ति, संस्था आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति अथवा लेन-देन या वाद विवाद या हिबा, दान, गिरवी, वसीयत विक्रय अनुबंध विक्रय विलेख आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय मे सम्पूर्ण साक्ष्य के साथ उपस्थित होकर मय दस्तावेज के आपत्ति प्रस्तुत करे समय अवधि व्यतीत होने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का पंजीयन अपने पक्ष मे कराने के लिये स्वतंत्र होंगे।

भवदीय राजेन्द्र सक्सेना अधिवक्ता
सक्सेना लॉ चेम्बर
कार्याः-शॉप नं. 58, हनुमान मंदिर केम्पस, करोन्द भोपाल
मो.8959237282

**जाहिर-सूचना**
एक किता आवासीय भवन क्रमांक पी-27, क्षेत्रफल 675 वर्गफिट (प्लाट साईज) स्थित नारायण नगर, होशंगाबाद रोड, ग्राम बागसेवनिया/शाहपुरा, तह. हुजूर जिला भोपाल के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार भारतीय स्टेट बैंक आर.ए.सी.पी.सी-2 से श्री दीनदयाल आजाद एवं श्रीमती मीरा शीर्षक अनुसार संपत्ति को बंधक रखाते हुए ऋण प्राप्त करने के लिये आवेदन प्रस्तुत किया है, जिसकी चतुर्थ सीमाऐं निम्नानुसार हैं : दिशा पूर्व-प्लाट नं 28 दिशा पश्चिम- प्लाट नं 26 दिशा उत्तर-रोड दिशा दक्षिण-भवन क्रमांक 18 यह कि उक्त संपत्ति का मूल विक्रय पत्र दिनांक 30.03.1996 जो कि उप-पंजीयक कार्यालय में श्री अरूण विलसन के नाम से निष्पादित हुआ था तथा श्री अरूण विलसन द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र दिनांक 30.03.1998 को श्री संजय यमदगनी के पक्ष में उप-पंजियक कार्यालय भोपाल में निष्पादित किया था। तत्पश्चात उक्त संपत्ति श्री संजय यमदगनी द्वारा श्री दीनदयाल आजाद एवं श्रीमती मीरा को दिनांक 23.01.2006 को विक्रय कर दी तब से ही उक्त संपत्ति श्री दीनदयाल आजाद एवं श्रीमती मीरा के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य में है। उक्त संपत्ति का मूल विक्रय पत्र दिनांक 30.03.1996 श्री दीनदयाल आजाद एवं श्रीमती मीरा द्वारा रास्ते में कहीं गिर जाने के कारण उनके द्वारा पुलिस थाने में धारा 174 बी.एन.एस.एस के अंतर्गत मूल विक्रय पत्र दिनांक 30.03.1996 गुम होने की सूचना दर्ज की है। यह कि वर्तमान मे श्री दीनदयाल आजाद एवं श्रीमती मीरा का उक्त संपत्ति पर कब्जा भौतिक एवं शांतिपूर्वक आधिपत्य है। यदि उक्त संपत्ति का मूल विक्रय पत्र दिनांक 30.03.1996 किसी अन्य के पास हो तो वह इस सूचना पत्र के प्रकाशन के पंद्राह (15) दिनों की अवधि में मेरे कार्यालय लिखित अथवा मौखिक रूप से प्रस्तुत करें। अन्यथा मेरा पक्षकार उपरोक्त उल्लेखित मूल विक्रय पत्र दिनांक 30.03.1996 की प्रमाणित प्रति को मूल दस्तावेज के रूप में शेष अन्य मूल दस्तावेजों/मूल विक्रय पत्र दिनांक 30.03.1998 एवं 23.01.2006 के साथ बंधक रखने के लिए अग्रसर होगा।

भवदीय-हिमांशु गुप्ता अधिवक्ता
कार्यालय/निवास-105, रामानंद नगर, लालघाटी भोपाल मो.नं.-982622331

**।। जाहिर सूचना ।।**
प्लाट क्रमांक-01-ए, ग्राम-बरखेड़ा नाथू तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.)

मै अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने श्री सुरेश रघुवंशी पिता श्री चतुराई रघुवंशी आयु वयस्क, निवासी-334, बानगंगा पलाश होटल के पीछे, तहसील हुजूर जिला-भोपाल (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य व मालिकाना हक का एक किता आवासीय प्लाट क्रमांक-01-ए, साईज 1140 वर्गफिट जिसका खासरा नंबर-50/2 का अंश भाग है जो कि ग्राम बरखेड़ा नाथू पटवारी हल्का नंबर-33/49, तहसील हुजूर जिला भोपाल में स्थित है। जिसकी चतुर्थ सीमाएं: पूर्व में-भूखंड क्रमांक-1, पश्चिम में-भूखंड क्रमांक-2-ए, उत्तर में-अन्य की भूमि, दक्षिण में-कालोनी रोड है। जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने हेतु बयाना राशि अदा कर विक्रय अनुबंध कर लिया है। उक्त संपत्ति/प्लाट को क्रय करने जा रहा है। उक्त वर्णित संपत्ति/प्लाट के संबंध मे किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, हाउसिंग फाइनेंस संस्था, फर्म, शासकीय व गैर शासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो या अटार्नी, हस्तांतरण, अंतरण इत्यादि हो तो वह व्यक्ति संस्था, बैंक, शासकीय, अर्धशासकीय कार्यालय आदि की जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय मूल दस्तावेज सहित उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा वर्णित संपत्ति/प्लाट का विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करा लेगा, ऐसी स्थिति में कोई भी आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी।

संजय कुमार सेन अधिवक्ता सीनियर मेंबर (DBA)
भवदीय-भूपेन्द्र सेन अधिवक्ता
कार्या.214-215, 2nd फ्लोर, DBA लायर्स चेंबर जिला न्यायालय के पीछे, अरेरा हिल्स, भोपाल
9827381331, 7509366230

**जाहिर सूचना**
भू-खण्ड क्रमांक बी-339, इन्द्र विहार कालोनी (तिलक गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या.भोपाल), तहसील हजुर. जिला भोपाल, म.प्र. (462030) एवं उक्त भू-खण्ड पर निर्मित भवन के संबंध में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति को क्रय करने हेतु एक अनुबंध उक्त संपत्ति के स्वामी श्री संजय लेडवानी आत्मज स्व. श्री नंदलाल लेडवानी, निवासी पचमड़ी के साथ कर लिया है। उक्त संपत्ति विक्रेता के स्वर्गीय पिता, स्व. श्री नंदलाल लेडवानी के नाम से दर्ज है तथा उनके स्वर्गवास के पश्चात उक्त संपत्ति के वह पूर्ण रूप से स्वामी हैं, यदि किसी संस्था /व्यक्ति/बैंक सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय इत्यादि का हित प्रभावित होता है अन्यथा किसी प्रकार की आपत्ति हो तो आज दिनांक से सात (7) दिवस के भीतर, कार्यालीन समय में, उक्त आपत्ति मेरे कार्यालय में मय प्रासंगिक दस्तावेज के दर्ज करावें। उक्त समय की मियाद निकल जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा एवं मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति का पंजीक्रत दस्तावेज अपने पक्ष में निष्पादित करवा लिया जाएगा। अतः सर्वसाधारण सूचित हों।

करन चौहान अधिवक्ता
कार्यालय : ई-5 /43-बी, अरेरा कालोनी, भोपाल मोब: 9993645782

**जाहिर सूचना**
फ्लैट क्रमांक 202 रीगल नेस्ट, ग्राम - खजूरी कलां

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्रीमती मारिया अब्राहम पत्नि श्री अब्राहम माईकल एवं श्री अब्राहम माईकल आत्मज श्री माईकल जेकब, निवासी-मकान नं. 123, सेंट फ्रांसिस चर्च के पीछे, जहांगीराबाद, हुजूर, भोपाल (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का एक किता आवासीय फ्लैट क्रमांक-202, ब्लॉक 02, फ्लोर द्वितीय, टाईप जूनियर एम.आई.जी., पर निर्मित बहुमंजिला भवन, रीगल नेस्ट, ग्राम-खजूरी कलां (मुख्य मार्ग से अंदर) तहसील हुजूर, जिला-भोपाल में नगर निगम सीमाओं के अंदर वार्ड क्रमांक 60 में स्थित है, उक्त फ्लैट का कुल क्षेत्रफल 693 वर्गफिट अर्थात् 64.40 वर्गमीटर है जो कि खसरा क्रमांक-215/1/1ख के अंश भाग पर स्थित है। उक्त संपत्ति क्रय करने के संबंध में विक्रेता से मौखिक अनुबंध पत्र किया गया है, उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी बैंक, संस्था, व्यक्ति, शासकीय, अशासकीय, वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व, हित या रहन आदि हो तो उक्त संबंध में इस सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के अंदर स्वत्व संबंधित मय दस्तावेज सहित मेरे कार्यालयीन समय में मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त अवधि पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त फ्लैट को अंतिम रूप से क्रय कर फ्लैट के स्वामी से अपने पक्ष में विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा और निर्धारित अवधि पश्चात् कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी व मान्य नहीं होगी।

भवदीय यशवंत मालवीय, (अधिवक्ता)
नि./कार्या- दुकान नं-10 आई. एस. बी. टी. परिसर भोपाल
निवासी - 66 सुरभि विहार कॉलोनी अवधपुरी
बी. डी. ए. रोड भोपाल (म.प्र.)
मो.नं.- 9827020394

**मौसम अपडेट**

प्रदेश के चार महानगरों का तापमान

| | भोपाल | इंदौर | जबलपुर | ग्वालियर |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम | 30.0 | 30.0 | 33.0 | 35.0 |
| न्यूनतम | 21.0 | 22.0 | 22.0 | 22.0 |

देश के चार महानगरों का तापमान

| | दिल्ली | मुंबई | चेन्नई | कोलकाता |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम | 35 | 31 | 32 | 33 |
| न्यूनतम | 23 | 26 | 26 | 26 |

## अवैध शराब के विरुद्व आबकारी और पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

**जागरण प्रतिनिधि औबेदुल्लागंज ।** कलेक्टर अरविंद कुमार दुबे वंदना पाण्डेय सहायक आयुक्त आबकारी के आदेश से वृत्त ओबेदुल्लागंज एवं थाना औबेदुल्लागंज की संयुक्त टीम का गठन किया गया जिसके द्वारा अर्जुन नगर, सिंधी कैंप, देवटिया, इकलमा, नेशनल हाइवे 12 पर स्थित ढाबो एवं कच्ची शराब के अड्डों पर दबिश दी गयी जिसमे 14 प्रकरण दर्ज हुए 8 लोगो को मोके पर गिरफ्तार किया गया कार्यवाही मे 80 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब 98 पाव प्लेन मदिरा, 15 बोतल बियर,40 पाव अंग्रेजी मदिरा जब्त की गई एवं लगभग 1800 किलो महुआ लहान सैंपल लेकर मौके पर नष्ट किया गया जिसका मूल्य 410150 रुपये है कार्यवाही आबकारी उप निरीक्षक गौरव भद्रसेन, मुकेश श्रीवास्तव, माजीद खान, भावेश चौहान, मनोज अहिरवार, ड्ब्बद्ध रमेश शाक्य , पंकज चौधरी,जितेंद्र सिंह की विशेष टीम ने की।

# नाली निर्माण व सीवेज का काम फिर एक माह से ठप, रहवासी परेशान

### समय पर काम पूरा नहीं होने से सड़क बंद, गन्दगी से लोगों का हो रहा बुरा हाल

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रही भोपाल नगर निगम निर्माण व विकास के काम तो प्रारंभ कर देता है लेकिन वे समय पर पूर्ण होना तो दूर, बीच में ही काम ठप हो जाने से आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी तरह का हाल कुछ संत हिरदाराम नगर में हो रहा है जहां वार्ड 5 में दो बार भूमि पूजन के बाद वन ट्री हिल्स की मुख्य सड़क के किनारे नाली निमार्ण का काम प्रारंभ हुआ और एक माह से ठप पड़ा है, वहीं वार्ड 4 में वर्षा स्वीट हाउस से लेकर शिव मंदिर से सड़क निर्माण के साथ ही सीवेज सिस्टम में सुधार हेतु की गई खुदाई के बाद काम ठप होने से जनता बेहद परेशान है और पार्षदों एवं नगर निगम को कोस रही है।



### दो बार हुआ नाली का भूमि पूजन

दीपावली सिर पर ऐसे में अगर बात की जाए वार्ड 5 स्थित वन ट्री हिल्स कालोनी की मुख्य सड़क पर नाली निर्माण की तो 14 लाख से सड़क के सीमेंट कांक्रीट एवं 12 लाख की लागत से नाली निर्माण का भूमि पूजन विधायक रामेश्वर शर्मा ने 20 मई 2023 को किया था। लेकिन सालभर बाद भी निर्माण नहीं हुआ इसके बाद विधायक प्रतिनिधि एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल रैनवाल ने 19 जुलाई 2024 को एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी के साथ काम प्रारंभ करने के लिए नारियल फोड़ा लेकिन इसके दो माह बाद मुश्किल से जाकर काम प्रारंभ हो पाया जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली लेकिन एक माह से नाली निर्माण का काम फिर ठप पड़ा है। इस कारण न केवल आधी अधूरी निर्मित नाली में गन्दगी का अम्बार लगा है बल्कि स्व. नानकराम वाधवानी सभागार जाने वाला रास्ता भी दो माह से बंद है। भाजपा नेता एवं सिंधी सेन्ट्रल पंचायत संरक्षक वासुदेव वाधवानी ने बताया कि अधूरे निर्माण के बाद काम ठप होने से गन्दगी एवं बदबू से रहवासियों का बुरा हाल है। बता दें कि यहां नाली के बाद सड़क का भी निर्माण होना है।

### यहां भी बुरा हाल

इधर वार्ड 4 में 20 सितम्बर को महापौर मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा एवं भगवानदास सबनानी ने एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी के वार्ड 4 में 1.11 करोड़ की लागत से जिन एक दर्जन से अधिक कार्यो का भूमि पूजन किया था, उनमें स्टेशन रोड के समीप वर्षा स्वीट हाउस की बहुप्रतीक्षित गली का सीमेंट कांक्रीट एवं 7 लाख की लागत से सीवेज सिस्टम में सुधार का काम भी शामिल था हालांकि इसका भी दूसरी बार नारियल फोड़कर एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने काम प्रारंभ करवाया लेकिन यहां भी एक माह से काम ठप पड़ा है। खुदाई के बाद काम नहीं होने से रहवासियों का अपने घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। स्थानीय रहवासी सोनी सतानी ने बताया कि खुदाई के बाद काम पूरा नहीं करने से बच्चों एवं महिलाओं का घरों से बाहर निकलना ही बंद हो गया है जो कारोबारी हैं, उनका व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है।

### सवा साल में नहीं बनी सड़क

संत नगर एवं गांधीनगर में कांग्रेसी पार्षदों लक्ष्मण राजपूत एवं अशोक मारन के वार्ड एक एवं पांच की हालत तो इससे भी अधिक खराब है। लक्ष्मण राजपूत का कहना है कि उनके वार्ड के अनेक प्रस्ताव तैयार हैं, वर्क आर्डर भी हो चुका है लेकिन काम प्रारंभ नहीं किए जा रहे हैं इसी तरह अशोक मारन ने सैनिक कालोनी सहित अन्य जगहों पर भूमि पूजन किया लेकिन सवा साल बाद भी सीमेंट कांक्रीट का कार्य नहीं हुआ है। इस तरह राशि स्वीकृति, वर्क आर्डर एवं अनेक जगहों पर तो काम शुरू होने के बाद भी थोड़े समय ठप हो जाने से जनता को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

## मनोहर उपाध्यक्ष, अमित सचिव, नंदलाल कोषाध्यक्ष, नारायण फैसला बोर्ड में

### कपड़ा एसोसिएशन के शेष पदाधिकारियों की हुई घोषणा

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** प्रदेश ही नहीं देश के कपड़ा व्यापार में अग्रणी स्थान रखने वाली कारोबारियों की संस्था थोक वस्त्र व्यवसाय संघ के बहुतप्रीतिक्ष शेष 9 पदाधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। अध्यक्ष कन्हैयालाल ईसरानी एवं महासचिवव दिनेश वाधवानी ने गुरूवार देर शाम सूची को अंतिम रूप दिया। इस बार उपाध्यक्ष 3 की जगह 4 बनाए गए हैं। एक पद पहली बार निर्मित हुआ है। मनोहर वीधानी जिनके संघ के अध्यक्ष बनने की प्रबल संभावना थी, लेकिन अंतिम समय 28 सितबंर की बैठक में पासा पलट गया, उन्हें वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है।

उपाध्यक्ष राजकुमार सुखावानी एवं पूर्व में उपाध्यक्ष रह चुके संजय अग्रवाल उपाध्यक्ष पद पर रिपीट किए गए हैं। मनोज जनियानी नए व चैथे उपाध्यक्ष होंगे। अमित बिनवानी का प्रोमोशन हुआ है। पहले वे आडीटर थे अब नए सचिव बने हैं जबकि नंदलाल पंजवानी ने भी कन्हैयालाल ईसरानी एवं दिनेश वाधवानी की तरह इतिहास रचा है वे






लगातार चैथी बार कोषाध्यक्ष बने हैं। हीरालाल खुशालानी को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है। निर्मल जैन आडीटर होंगे। संघ के पूर्व महासचिव नारायणदास लालवानी को फैंसला बोर्ड का संयोजक मनोनीत किया गया है। सभी पदाधिकारी अब 41 सदसीय कार्यकारिणी का गठन करेंगे जिसमें सभी पूर्व अध्यक्षों को अनिवार्य रूप से शामिल किए जाने की प्रथा है, जिसका इस बार भी पालन किया जाएगा।

## गुरुद्वारा में शरद पूर्णिमा पर्व एवं मुनि वाल्मीकि जयंती मनाई गई

**औबेदुल्लागंज।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर वार्ड नंबर 10 अर्जुन नगर में स्थित संत संतोंखसिंह भजनगढ गुरुद्वारा में आज सिख समुदाय के द्वारा शरद पूर्णिमा संकरात पर्व और मुनी वाल्मीकि जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास से मनाई गई। प्रातः से गुरुग्रंथ साहब का पाठ संपन्न हुआ। तत्पश्चात भजन कीर्तन कथा आदि की गई, वरिष्ठ कथाकार जगजीत सिंह (जीते भैया) ने सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को बताया कि महर्षि मुनि वाल्मीकि जी का जन्म भील परिवार में हुआ था, उनका बचपन का नाम रत्नाकर था, वे अपनी युवावस्था में लूटपाट का काम करने लगा, बे जिनको लूटते थे, लूटने के बाद उनको जान से खत्म कर देते थे। उनकी हत्या इसलिए करते थे कि यह लोग कहीं जाकर राजा से शिकायत ना कर दे। एक वार मुनी वाल्मीकि जी को संतों की टोली रास्ते में मिली , रत्नाकर मुनि बाल्मीक ने बोला आप लोग अपना अपना सामान निकाल कर मुझे दे दे , तब संतों ने कहा कि हमारे पास तो एक लोटा और एक लंगोटी है और कुछ भी नहीं है , उन संतों ने रत्नाकर से पूछा कि यह लूटपाट का काम तुम किसके के लिए करते हो , तब रत्नाकर ने संतो को बताया कि मेरे माता-पिता और मेरे परिवार के सदस्यों के लिये में यह काम करता हूं। संतों ने रत्नाकर से कहा कि आप अपने माता-पिता और परिवार से पूछना कि इस किए गए कर्म की सजा कौन भोगेगा , रत्नाकर के द्वारा घर परिवार में जब पूछा गया, तब उन्होंने कहा कि आप कर रहे हैं इसका फल भी आपको ही भुगतना पड़ेगा, हम नहीं भुगतेंगे, तब संतों ने रत्नाकर को समझाया कि तुम हमारे साथ में चलो और भगवान के नाम का सुमिरन करों, तब आपका जीवन सफल हो जाएगा।



# भक्तों ने भजन-कीर्तन और महाआरती के साथ मनाया शरद पूर्णिमा का पर्व

### टेम्पल आफ संबोधि पर जुटे सैकड़ों श्रद्धालु



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर में बुधवार दे रात तक शरद पूर्णिमा के विभिन्न कार्यक्रम होते रहे। मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना एवं आरती के साथ प्रसद व खीर का वितरण भी किया गया। मुख्य समारोह में टेम्पल ऑफ संबोधि में शरद पूर्णिमा का पर्व अत्यंत हर्ष और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। यहां वेदांत संत एवं विचारक लाल साईं महाराज ने उपस्थित भक्तों को श्रीकृष्ण के दिव्य संदेश पर विस्तार से प्रवचन दिया, जिससे भक्तगण अध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठे। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुई। संत लाल साईं महाराज ने अपने प्रवचन में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनकी लीलाओं का वर्णन करते हुए उनके संदेशों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने गीता के उपदेशों का महत्व बताते हुए कहा कि श्रीकृष्ण ने कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानयोग के माध्यम से जीवन को सही मार्ग पर ले जाने की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का यह संदेश, कर्म करते रहो, फल की चिंता मत करोष, जीवन के हर क्षेत्र में अपनाया जा सकता है और यह हमें सच्ची सफलता और शांति की ओर ले जाता है। विशेष रूप से शरद पूर्णिमा के दिन को भी श्रीकृष्ण से जोड़ते हुए कहा कि इस दिन श्रीकृष्ण ने गोपियों के साथ महारास रचाया था, जो प्रेम, भक्ति और समर्पण का प्रतीक है।

उन्होंने बताया कि शरद पूर्णिमा की रात्रि आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण मानी जाती है, क्योंकि चंद्रमा की किरणों से स्वास्थ्यवर्धक और शीतल ऊर्जा प्राप्त होती है, जिसे अमृततुल्य माना गया है। रात्रि के समय चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित किया गया और विशेष रूप से तैयार की गई खीर को चंद्रमा की किरणों में रखकर प्रसाद के रूप में वितरित किया गया।

भक्तों ने रातभर जागरण किया और भजन-कीर्तन में भाग लेकर अध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। मंदिर परिसर को सुंदर रोशनी और फूलों से सजाया गया था, जिससे वातावरण और भी पवित्र और दिव्य लग रहा था। समापन महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। श्रद्धालु भक्तों ने वेदांत संत लाल साईं के प्रवचनों से प्राप्त ज्ञान को आत्मसात करने का संकल्प लिया और शरद पूर्णिमा की इस पावन रात का लाभ उठाया।

## महर्षि वाल्मीकि ने आदर्श मूल्यों व नैतिकता की शिक्षा दी: राकेश कुकरेजा

### प्रतिभावन विद्यार्थियों व वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** पवित्र महाकाव्य रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर आज वाल्मीकि वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राजकुमारी डागोर एंवम संदीप कल्याणे द्वारा समाज के प्रतिभावान 51 छात्र छात्राओ का सम्मान भगवान श्री राम जी एवं वाल्मीकि जी का चित्र एवं मेडल उपहार स्वरूप भेंट कर एंवन समाज के 21 वरिष्ठजनों समाजसेवीयो का सम्मान शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। इस अवसर पर गुरुनानक मण्डल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा वाल्मीकि जी ने अपनी रचना रामायण से हमें जीवन के मूल्यों और नैतिकता की शिक्षा दी। उनकी रचना ने हमें यह सिखाया कि जीवन में सच्चाई, न्याय, और धर्म का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर संदीप कल्याणे एंवम राजकुमारी डागोर ने बताया समारोह में, हम प्रतिभा सम्मान के माध्यम से समाज की प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं एंवम समाज के समाजसेवीयो को सम्मानित कर रहे हैं।यह सम्मान उनकी मेहनत, लगन, और प्रतिभा का प्रतीक है। कार्यक्रम में महेश मकवाना, विनोद चैरसिया, भगवानदास ढालिया, राजा शर्मा, सुनिल सराठे,सुकांति ठकुरिया, मुकेश सोलंकी, दीपचंद तिवारी, महेश मालवीय, चंदू यादव, जितेन्द्र डागोर, प्रभात मालवीय, शैलेन्द्र सियोंते आदि मौजूद थे।

## 46 पशुओं को कांजी हाउस, 25 गायों को गौशाला भेजा

**जागरण, भोपाल।** नगर निगम की गौवर्धन शाखा ने गुरुवार को कटारा हिल्स, बागमुगालिया, रातीबड़, नीलबड़, अयोध्या नगर बायपास, करोंद चौराहा, करोंद मंडी, जेल रोड सहित अन्य स्थानों पर 46 आवारा पशुओं को पकड़कर कांजी हाउसों में भेजा। वहीं कांजी हाउसों में पहले से बंद 25 गायों को डूंगरिया गौशाला भेजा गया है। निगम अमले ने 02 घायल पशुओं को पशु आश्रय स्थल आसरा भेजा है।

## भोजपुर विस में भाजपा को मजबूत करने के लिए 81000 सदस्यों को परिवार में जोड़ा



**मंडीदीप।** भारतीय जनता पार्टी देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया आयाम स्थापित कर रही है और सफलताओं के शिखर पर निरंतर आगे बढ़ती जा रही है जो बीमारू राज्य से निकाल कर विकासशील राज्य बनाने का हर संभव प्रयत्न कर रही है यह बात भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव ने कहीं साथ ही बताया कि भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा के नेतृत्व में संगठन पर्व के रूप में भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय संगठन एवं प्रदेश संगठन के द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान मैं रायसेन जिले में प्रथम श्रेणी में सबसे अधिक सदस्य बनने वाली विधानसभा भोजपुर विधानसभा क्षेत्र हे जो कि पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है और मध्य प्रदेश संगठन द्वारा जो टारगेट दिया गया था 77500 जो कि भोजपुर विधानसभा ने टारगेट पूरा कर 81000 सदस्य बनाये गए और भाजपा परिवार को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत है जारी है भाजपा सरकार की लाभकारी योजनाओं से खुश होकर दिन प्रतिदिन सदस्य बढ़ते जा रहे हैं।

**भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा की मेहनत रंग लाई संगठन ने लक्ष्य दिया था 77500 सदस्य बने 81000**

## वाल्मीकि जयंती धूम धाम से मनी, निकला भव्य चल समारोह



**मंडीदीप।** शहर मे गुरुवार को बाल्मीकि जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई वाल्मीकि समाज द्वारा चल समारोह निकाला गया जो वार्ड क्रमांक 10 शांति नगर से प्रारंभ होकर पटेल नगर.मंगल बाजार.गांधीचौक होता हुआ आयोजन स्थल पहुंचा जिसका जगह-जगह स्वागत किया गया मंगलवार बाजार में नगर पालिका गेट पर पहुंचते ही नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र अग्रवाल एवं सीएमओ सुधीर उपाध्याय द्वारा भव्य स्वागत किया गया इस मौके पर भाजपा नेता प्रेम शंकर साहू.अरविंद जैन .पवन श्रीवास्तव.अमरेंद्र सिंह. आकाश पाल. सहित अनेक लोग मौजूद थे।

**नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र अग्रवाल एवं सीएमओ सुधीर उपाध्याय ने किया स्वागत**

# बिना टिकट यात्रा करते 871 यात्री पकड़ गए रेलवे ने वसूला 4 लाख से अधिक का जुर्माना

### भोपाल, रानी कमलापति, संत हिरदाराम नगर, गुना, इटारसी, विदिशा स्टेशनों पर चला अभियान

**जागरण, भोपाल।** भोपाल मंडल के नौ स्टेशनों भोपाल, रानी कमलापति, संत हिरदाराम नगर, गुना, बीना, इटारसी, हरदा, विदिशा, नर्मदापुरम स्टेशनों पर एक साथ अभियान चलाकर बिना टिकट यात्रा कर रहे 871 यात्रियों को रेलवे ने पकड़ा। जिनसे 4 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया है। रेलवे ने ये अभियान गुरुवार को सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलाया। जिसमें रेलवे के वाणिज्य विभाग के 10 पर्यवेक्षक, 99 टिकट चेकिंग स्टाफ और 5 रेल सुरक्षा बल स्टाफ शामिल रहा।

### बाहर निकलने वाले रास्तों की घेराबंदी की

इस किला बंदी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशन के बाहर निकलने वाले रास्ते की घेराबंदी की गई, ताकि कोई भी यात्री बिना जांच के स्टेशन के बाहर न जा सकें। रेलवे ने स्टेशनों पर आने-जाने वाली कुल 156 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई।

### गंदगी करने वालों पर भी ठोका जुर्माना

जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले कुल 564 यात्री पकड़े गए, जिनसे रुपये 284930/- बतौर किराया/जुर्माना वसूला किया गया। अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले कुल 296 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 134110/- बतौर जुर्माना/किराया वसूल किया गया। बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा कर रहे 50 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 8300/- बतौर जुर्माना/किराया वसूल किया गया एवं स्टेशन पर गंदगी फैलाते हुए 11 यात्रियों से 2000/- रुपये जुर्माना वसूलने के साथ ही यात्रियों को उचित टिकट लेकर ही यात्रा करने एवं गंदगी ना करने की समझाईश दी गई।

### कहां क्या की कार्रवाई

**भोपाल स्टेशन :** 239 मामलों से कुल रुपये 126440/- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।
**रानी कमलापति :** 40 यात्रियों से कुल रुपये 16520/- का जुर्माना वसूल किया।
**इटारसी स्टेशन :** 188 मामलों से कुल रुपये 100960/- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।
**संत हिरदाराम नगर :** 56 यात्रियों से कुल रुपये 26150/- का जुर्माना वसूला।
**गुना स्टेशन :** 95 मामलों से कुल रुपये 41765/- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।
**बीना स्टेशन :** 73 मामलों से कुल रुपये 33945/- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।
**हरदा स्टेशन :** 93 यात्रियों से कुल रुपये 41900/- का जुर्माना वसूल किया गया।
**विदिशा स्टेशन :** 45 मामलों से कुल रुपये 18910/- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।
**नर्मदापुरम स्टेशन :** 42 यात्रियों से कुल रुपये 22750/- का जुर्माना वसूल किया।

## भोपाल से दिल्ली जाने वाली ट्रेन का मथुरा स्टापेज की मांग




सांसद आलोक शर्मा को लिखा पत्र

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** मथुरा भगवान श्रीकृष्ण की जन्म स्थली है, जहां प्रति वर्ष संत हिरदाराम नगर एवं भोपाल के कोने कोने से श्रद्धालु मथुरा जाते हैं, लेकिन रानी कमलापति स्टेशन से दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन तक चलने वाली ट्रेन संख्या 12155 एवं 12156 का मथुरा स्टेशन स्टापेज नहीं होने से काफी परेशानी होती है। रेलवे सलाहकार समिति के राष्ट्रीय सदस्य नितेश लाल ने इसके लिए सांसद आलोक शर्मा को पत्र लिखकर कहा है कि काफी समय से राजधानी एवं संत हिरदाराम नगर के यात्रियों की यह मांग रही है कि उक्त ट्रेन का मथुरा स्टापेज किया जाए इसके अभाव में यात्रियों को मथुरा स्टेशन के पहले या फिर आगे के स्टेशन उतरकर फिर मथुरा आना होता है, जिससे समय के अलावा पैसे की भी बर्बादी होती है। यह समझ से बाहर है कि मथुरा जो कि जंक्शन है, और उत्तरप्रदेश का महत्वपूर्ण धार्मिक के अलावा पर्यटन स्थल भी है, वहां उक्त ट्रेन का स्टापेज क्यों छूटा हुआ है। नितेश लाल ने सांसद आलोक शर्मा को लिखित में पत्र सौंपते हुए आग्रह किया है कि दिल्ली में केन्द्रीय रेल मंत्री से मिलकर उक्त ट्रेन का मथुरा स्टेशन स्टापेज किया जाए, ताकि इस धार्मिक स्थल तक जाने वाले यात्रियों को सुविधा हो सके।

## 38 आवार कुत्तों को नसबंदी केंद्रों में भेजा

**जागरण, भोपाल।** नगर निगम द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़कर नसबंदी व एंटीरैबीज टीकाकरण की कार्रवाई निरंतर की जा रही है। निगम के डाग स्क्वाड के दलों ने गुरुवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 38 आवारा कुत्तों को पकड़कर नसबंदी केन्द्रों में भेजा। वहीं निगम अमले ने नसबंदी के बाद 18 श्वानों को वापस उसी स्थान पर छोड़ा जहां से उन्हें पकड़ा गया था। निगम के डाग स्क्वाड के दलों ने गुरूवार को इन्द्रपुरी, अयोध्या नगर, हथाईखेड़ा, जम्बूरी मैदान, बरखेड़ा पठानी, अशोका गार्डन, चांदबढ़, करोंद, कोहेफिजा, बैरागढ़, दाता कालोनी, कैम्प नंबर 12, गांधी नगर आदि क्षेत्रों में आवारा श्वानों को पकड़ने की कार्यवाही करते हुए 38 श्वानों को नसबंदी केन्द्र भेजा।

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

81,006

-495

**Nifty 50 Top5 Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Infosys | 1,978.00 | 2.50% |
| Tech Mahindra | 1,709.90 | 2.33% |
| Power Grid Corp | 331.90 | 1.21% |
| Larsen | 3,583.00 | 1.07% |
| SBI | 819.50 | 0.70% |

**Nifty 50 Top5 Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Bajaj Auto | 10,071.00 | -12.89% |
| Shriram Finance | 3,245.95 | -3.89% |
| Nestle | 2,365.00 | -3.39% |
| M&M | 2,952.20 | -3.37% |
| Hero Motocorp | 5,100.00 | -3.35% |

**फॉरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 84.07 |
| € यूरो | 91.01 |
| ¥ येन | 05.59 |
| £ पौंड | 109.38 |

# टेलीकॉम सेक्टर में शुरू हुई नई जंग में एलन मस्क की एंट्री

**मुंबई, जेएनएन।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क भारतीय अरबपतियों से सीधी जंग में उतर गए हैं। ये जंग टेलीकॉम सेक्टर में होती दिख रही है। दरअसल, परंपरागत टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स यानी जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया की जंग एलॉन मस्क की कंपनी स्टारलिंक से हो रही है। ये जंग स्पेक्ट्रम एलॉकेशन को लेकर है। जियो और एयरटेल सैटेलाइट स्पेक्ट्रम की नीलामी चाहते हैं, जबकि मस्क की मांग कुछ और है। रिलायंस जियो इस मुद्दे पर सबसे ज्यादा मुखर है। कंपनी कई मौकों पर सैटेलाइट स्पेक्ट्रम को लेकर बोल चुकी है।

### ट्राई को जियो ने लिखी थी चिट्ठी

हाल में कंपनी ने इस पूरे मामले में ट्राई को चिट्ठी भी लिखी थी। जियो का मानना है कि इस तरह के स्पेक्ट्रम को नीलामी के जरिए दिया जाना चाहिए, जिससे लेगेसी ऑपरेटर्स को बराबर का मौका मिलेगा। यहां लेगेसी ऑपरेटर्स से मतलब जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया से है, जिन्होंने टेलीकॉम स्पेक्ट्रम खरीदे हैं और उसके लिए टेलीकॉम टावर का इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया है।



वहीं दूसरी तरफ मस्क की कंपनी स्टारलिंक की मांग एडमिनिस्ट्रेटिव एलॉटमेंट की है। स्टारलिंक का कहना है कि इसमें ग्लोबल ट्रेंड को फॉलो किया जाना चाहिए. ऐसा लग रहा है कि इस पूरे मामले में टेलीकॉम मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया का झुकाव भी ग्लोबल ट्रेंड की ओर ही है।

### टेलीकॉम मंत्री ने क्या कहा?

उन्होंने पहले भी कहा है कि इस तरह की एयरवेव्स को एडमिनिस्ट्रेटिव एलॉकेशन के जरिए दिया जाना चाहिए ना कि नीलामी के। सिंधिया ने कहा था कि Telecom Act 2023 जो दिसंबर में पास हो चुका है, उसके शेड्यूल 1 में इस मामले को रखा गया है। इसका मतलब है कि सैटकॉम स्पेक्ट्रम को एडमिनिस्ट्रेटिव तरीके से जारी किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा था, इसका ये मतलब नहीं है कि ये स्पेक्ट्रम बिना किसी खर्च के मिल जाएंगे। इसकी कीमत क्या होगी और कीमत तय करने का क्या फॉर्मूला होगा, ये हम और आप तय नहीं करेंगे... इसे ट्राई तय करेगा। इसे लेकर ट्राई ने एक पेपर भी सर्कुलेट किया है और हमारे पास टेलीकॉम के लिए एक रेगुलेटरी अथॉरिटी है। उस अथॉरिटी को संविधान द्वारा यह तय करने का अधिकार दिया गया है कि एडमिनिस्ट्रेटिव कीमत क्या होगी? टेलीकॉम मंत्री ने कहा है कि ट्राइ बेस्ट प्राइसिंग के साथ आएगा, जिसे अपनाया जाएगा। सिंधिया ने कहा, सैटेलाइट स्पेक्ट्रम दुनियाभर में एडमिनिस्ट्रेटिव तरीके से जारी किए जाते हैं, इसलिए भारत कुछ अलग नहीं कर रहा है। वहीं अगर आप इसे नीलामी के जरिए जारी करेंगे, तो ये जरूर दुनियाभर से अलग होगा।

### क्या है असली मामला?

दरअसल, जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया जैसी कंपनियों ने टेलीकॉम स्पेक्ट्रम और इंफ्रास्ट्रक्चर में बहुत पैसा खर्च किया है। अगर स्टारलिंक जैसी कंपनियां भारत में आती हैं और स्पेक्ट्रम के लिए पैसे खर्च नहीं करने पड़ेंगे, तो उन्हें इन परंपरागत कंपनियों को एक लीड मिल सकती है। इस मामले पर एयरटेल के प्रमुख सुनील भारती मित्तल ने कहा, जो सैटेलाइट कंपनियां, भारत के अर्बन एरिया में काम करना चाहती हैं और रिटेल कस्टमर्स को सेवा देना चाहती हैं, उन्हें भी दूसरों की तरह ही टेलीकॉम लाइसेंस के लिए भुगतान करना चाहिए. उन पर वहीं शर्तें लागू होनी चाहिए, जो दूसरी कंपनियों पर हैं। मस्क ने भी इस जंग में एंट्री कर ली है। उन्होंने जिओ के लेटर के साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा, मैं कॉल करूंगा और पूछूंगा कि क्या भारत के लोगों को इंटरनेट सर्विस प्रदान करने के लिए स्टारलिंक को कंपीट करने की

# हुंडई मोटर इंडिया का आईपीओ कुल 2.37 गुना सब्सक्राइब हुआ

**मुंबई, जेएनएन।** कोरियाई कार मैन्युफैक्चरर हुंडई मोटर इंडिया का आईपीओ आखिरी दिन टोटल 2.37 गुना सब्सक्राइब हुआ। रिटेल कैटेगरी में यह इश्यू 0.50 गुना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स में 6.97 गुना और नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स कैटगरी में 1.11 गुना सब्सक्राइब हुआ। 22 अक्टूबर को कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। यह इनिशियल पब्लिक ऑफर 15 अक्टूबर को ओपन हुआ था।



### 27,870.16 करोड़ का है हुंडई मोटर इंडिया का इश्यू

हुंडई मोटर इंडिया का ये इश्यू टोटल 27,870.16 करोड़ का है। इसके लिए कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल यानी ओएफएस के जरिए पूरे 27,870.16 करोड़ के 142,194,700 शेयर बेच रहे हैं। हुंडई एक भी नए शेयर इश्यू नहीं कर रही है। यह देश का सबसे बड़ा आईपीओ है। इससे पहले सबसे बड़े आईपीओ का रिकार्ड एलआईसी के नाम था, जो 20,557 करोड़ का इश्यू लाई थी।

### चौथी बड़ी लिस्टेड ऑटो कंपनी हुंडई मोटर्स

हुंडई मोटर इंडिया शेयर मार्केट में लिस्ट होने वाली चौथी सबसे बड़ी कंपनी होगी। ये मारुति-सुजुकी, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा के बाद चौथी बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी होगी। हुंडई मोटर इंडिया मारुति के बाद देश की दूसरी सबसे बड़ी कार कंपनी है।

### मैक्सिमम 98 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते थे रिटेल निवेशक

हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने इस इश्यू का प्राइस बैंड 1865-1960 तय किया था।

रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 7 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते थे। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 1960 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते, तो इसके लिए 13,720 इन्वेस्ट करने होते। वहीं, मैक्सिमम 13 लॉट यानी 98 शेयर्स के लिए रिटेल निवेशक अप्लाय कर सकते थे। इसके लिए निवेशकों को अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 192,080 इन्वेस्ट करने होते।

## ईपीएफओ सदस्यों को बीमा लाभ 28 अप्रैल से

**नई दिल्ली, भाषा।** केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने कर्मचारी जमा संबद्ध बीमा योजना के तहत सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ के सभी सदस्यों के लिए बढ़े हुए बीमा लाभ के विस्तार की घोषणा की। इस कदम से छह करोड़ से अधिक ईपीएफओ सदस्यों को सात लाख रुपए तक की जीवन बीमा सुरक्षा सुनिश्चित होगी। मांडविया ने यहां संवाददाताओं को बताया कि इस योजना को 28 अप्रैल, 2024 से पिछली तारीख से बढ़ा दिया गया है। वर्ष 1976 में शुरू की गई ईडीएलआई योजना का उद्देश्य कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ई पी एफ ओ) के सदस्यों को बीमा लाभ प्रदान करना है ताकि सदस्य की मृत्यु के मामले में प्रत्एक सदस्य के परिवार को कुछ वित्तीय सहायता सुनिश्चित की जा सके। अप्रैल 2021 तक, मृतक कर्मचारी के कानूनी उत्तराधिकारी को ईडीएलआई योजना में परिभाषित मानदंडों के अनुसार अधिकतम लाभ छह लाख रुपए तक सीमित था। बाद में, सरकार ने 28 अप्रैल, 2021 को जारी एक अधिसूचना के माध्यम से, योजना के तहत न्यूनतम और अधिकतम लाभ दोनों को अगले तीन वर्षों के लिए क्रमशः 2.5 लाख रुपए और सात लाख रुपए तक बढ़ा दिया।

# शहरी गैस वितरण कंपनियों की घरेलू गैस में सरकार ने कटौती की

**नई दिल्ली, भाषा।** सरकार ने वाहनों को सीएनजी की बिक्री करने वाली शहरी गैस वितरण कंपनियों को सस्ती गैस की आपूर्ति में पांचवें हिस्से तक की कटौती कर दी है। इससे महंगे आयातित ईंधन पर उनकी निर्भरता बढ़ जाएगी। सस्ती गैस में आई कमी की भरपाई के लिए कंपनियों को महंगी आयातित गैस खरीदनी होगी जिससे उनके द्वारा आपूर्ति की जाने वाली सीएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। हालांकि, सीएनजी कीमतों में बढ़ोतरी को महाराष्ट्र एवं झारखंड में होने जा रहे विधानसभा चुनावों तक टाला जा सकता है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) और महानगर गैस लिमिटेड ने शेयर बाजारों को सूचित किया है कि घरेलू स्तर पर उत्पादित गैस की आपूर्ति, जो आयातित कीमत की आधी कीमत पर उपलब्ध थी, में कटौती कर दी गई है। आईजीएल ने एक नियामकीय सूचना में कहा, कंपनी को सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य (6.5 डॉलर प्रति एमबीटीयू) पर सीएनजी बिक्री मात्रा की जरूरत पूरी करने के लिए घरेलू गैस मिलती है। लेकिन नोडल एजेंसी गेल (इंडिया) लिमिटेड से मिली सूचना के मुताबिक 16 अक्टूबर से कंपनी को घरेलू गैस आवंटन में बड़ी कमी आई है। आईजीएल ने कहा कि उसका संशोधित घरेलू गैस आवंटन पिछले आवंटन से लगभग 21 प्रतिशत कम है जिसका असर उसकी लाभप्रदता पर पड़ेगा। इस प्रभाव को कम करने के लिए आईजीएल प्रमुख हितधारकों के साथ चर्चा कर रही है। महानगर गैस लिमिटेड ने कहा कि सीएनजी के लिए उसका आवंटन पिछले औसत तिमाही आवंटन की तुलना में 20 प्रतिशत कम कर दिया गया है। इस कमी को पूरा करने के लिए कंपनी नए विकल्पों की तलाश कर रही है। रेटिंग एजेंसी इक्रा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरीश कदम ने कहा कि शहरी गैस वितरण के लिए नियंत्रित मूल्य पर होने वाले गैस आवंटन में 20 प्रतिशत की कमी की गई है। इसकी भरपाई अधिक महंगी आयातित एलएनजी से की जाएगी जिससे इस क्षेत्र के लिए समग्र गैस लागत में वृद्धि होगी।

## पर्सनल कम्प्यूटर का निर्यात अप्रैल-अगस्त में बढ़ा

**नई दिल्ली, भाषा।** देश में बने स्मार्टफोन के बादलैपटॉप सहित पर्सनल कंप्यूटर का निर्यात चालू वित्त वर्ष केपहले पांच महीनों में तेजी से बढ़ा है और यह इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादनिर्यात में प्रमुख स्थान पर रहा है।वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-अगस्त,2024 के दौरान शीर्ष पांच बाजारों में लैपटॉप का निर्यातबढ़कर 10.26 करोड़ डॉलर हो गया जो पिछले वर्ष की समानअवधि में सिर्फ 3.7 करोड़ डॉलर था।भारत से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), रूस, बांग्लादेश, अमेरिकाऔर श्रीलंका को पर्सनल कंप्यूटर का निर्यात अच्छी रफ्तार से बढ़ा है।उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के जरिए देश मेंपर्सनल कंप्यूटर के विनिर्माण को बढ़ावा देने और कारोबारीसुगमता लाने की दिशा में सरकार के प्रयासों से पर्सनल कंप्यूटरके निर्यात को समर्थन मिला है।भारत में निर्मित लैपटॉप, पामटॉप और हैंडहेल्ड कंप्यूटर कासबसे बड़ा बाजार यूएई है जिसने चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनोंमें इन उपकरणों का 6.4 करोड़ डॉलर का आयात किया।

## रिलायंस की मदरकेयर के साथ संयुक्त उद्यम बनाने की घोषणा

**नई दिल्ली, भाषा।** भारत की अग्रणी खुदरा विक्रेता कंपनी रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड ने माता-पिता और छोटे बच्चों के लिए उत्पादों के क्षेत्र में वैश्विक विशेषज्ञ मदरकेयर पीएलसी के साथ संयुक्त उद्यम बनाने की घोषणा की है। रिलायंस ब्रांड्स लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी रिलायंस ब्रांड्स होल्डिंग यूके लिमिटेड (आरबीएल यूके) संयुक्त उद्यम बनाएगी, जो मदरकेयर ब्रांड और भारत तथा पड़ोसी बाजारों- नेपाल, श्रीलंका, भूटान और बांग्लादेश से संबंधित इसकी बौद्धिक संपदा परिसंपत्तियों का स्वामित्व रखेगी। बृहस्पतिवार को जारी संयुक्त बयान के अनुसार, समझौते के तहत, आरबीएल यूके संयुक्त उद्यम में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी रखेगी, जबकि मदरकेयर ग्लोबल ब्रांड लिमिटेड शेष 49 प्रतिशत हिस्सेदारी अपने पास रखेगी। आरबीएल यूके 1.6 करोड़ पाउंड की नकद कीमत पर हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। बयान के अनुसार, यह संयुक्त उद्यम निर्दिष्ट दक्षिण एशियाई क्षेत्रों में मदरकेयर ब्रांड की फ्रेंचाइजी के रूप में कार्य करेगा, जिससे दोनों संगठनों की ताकत का लाभ उठाते हुए वृद्धि के नए अवसर खुलेंगे।


# दीवाली से पहले बजाज ऑटो शेयर 13% टूटे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** गुरुवार के कारोबारी सत्र के के बाद बजाज ऑटो के शेयर 13 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए। कोरोना संकट यानी मार्च 2020 के बाद कंपनी के शेयरों में आई यह सबसे बड़ी गिरावट है।

कंपनी के शेयरों में कमजोरी का सबसे बड़ा कारण त्यौहारी सीजन के दौरान उम्मीद से कम बिक्री का अनुमान है। दोपहर तीन बजकर 30 मिनट पर कंपनी के शेयर 1,523.45 अंकों यानी 13.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 10,093.50 रुपये के भाव पर बंद हुए।

### त्योहारी सीजन में कम बिक्री का अनुमान

विश्लेषकों से बातचीत के दौरान बजाज ऑटो के कार्यकारी निदेशक राकेश शर्मा ने बताया कि आगामी अक्टूबर-नवंबर त्योहारी सीजन के दौरान मोटरसाइकिल की बिक्री में केवल 1 प्रतिशत से 2 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। यह उद्योग जगत के अनुमान 5 प्रतिशत से 6 प्रतिशत की वृद्धि से काफी कम है। संभावित रूप से उम्मीद से कमतर बिक्री अनुमानों से निवेशकों को निराशा हुई और उन्होंने बिकवाली की, वे त्योहारी सीजन से पहले मजबूत बिक्री की उम्मीद कर रहे थे।



यही कारण है कि उनकी ओर से शेयरों में बिकवाली की गई। हालांकि, यह स्थिति सिर्फ बजाज ऑटो के लिए चुनौतीपूर्ण हैं, ऐसा नहीं है। आने वाले समय में पूरे ऑटो उद्योग पर इसका असर पड़ सकता है। बजाज ऑटो के शेयरों में गिरावट पूरे दोपहिया वाहन उद्योग के लिए चिंता की खबर है। गुरुवार को हीरो मोटो कॉर्प के शेयर भी 3.39 प्रतिशत कमजोर होकर 5,214.95 रुपये के भाव पर बंद हुए। टीवीएस मोटर कंपनी के शेयरों में भी 3.43 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 2,679 रुपये के भाव पर बंद हुआ। ऐसा नहीं है कि केवल बजाज ऑटो के शेयरों में गिरावट दिखी, हीरो मोटोकॉर्प और टीवीएस मोटर जैसी प्रतिद्वंद्वी कंपनियों के शेयरों में भी लगभग 5 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। बजाज ऑटो के प्रति निवेशकों के सतर्क रुख का असर पूरे बाजार की अवधारणा पर भी पड़ा।

### बढ़ती महंगाई के कारण उपभोक्ता वस्तुओं की मांग में आ रही नरमी

जानकार मानते हैं कि बजाज ऑटो के शेयरों में तेज गिरावट से एक और संकेत मिलता है, वह यह कि त्योहारी सीजन के दौरान पारंपरिक रूप से मजबूत रहने वाली उपभोक्ता मांग इस साल सुस्त रह सकती है। भारतीय आमतौर पर त्योहारी सीजन के दौरान मोटरसाइकिल जैसे वाहनों की बड़ी खरीदारी करते हैं, लेकिन लगातार बढ़ती महंगाई खासकर, खाने-पीने के चीजों की कीमतों में वृद्धि के कारण उपभोक्ताओं के खर्च करने की क्षमता बुरी तरह प्रभावित हुई है। ऑटो सेक्टर के की बात करें तो खुदरा विक्रेताओं ने पहले ही अपनी रिपोर्ट में कहा है कि त्यौहारी सीजन के दौरान उपभोक्ता महंगी खरीदारी से बच रहे हैं, इसलिए उद्योग जगत को और अधिक सतर्क दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। हालांकि बजाज ऑटो ने तिमाही परिणामों में लाभ वृद्धि और मार्जिन की जो जानकारी दी थी, वे बाजार की उम्मीदों के अनुरुप ही थे, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि कंपनी के स्टॉक पहले से ही ऊंचे मूल्यांकन पर कारोबार कर रहा हैं, इससे और वृद्धि की बहुत कम गुंजाइश रह गई। ऐसी स्थिति में निवेशक सावधान रुख अपना रहे हैं।

**पश्चिम मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधन विभाग

(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई' निविदा सूचना, संख्या EPS/44/2024)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाईट "https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| Sr No. | Tender No. | Short Description | Tendered Qty. |
|---|---|---|---|
| 1 | 38240026 | Non-asbestos L type composition brake block. | 168883 Nos. |
| 2 | 8124WCRTP-66 | Current Lowest Bid (Subject to Min. Decrement) | 1 Set. |
| 3 | 40245029 | Joint less Hard drawn Grooved copper Contact wire | 57.41 MT. |
| 4 | 30241544 | PROCUREMENT OF SECONDARY VERTICAL DAMPER FOR LHB AC COACHES | 1802 Nos. |
| 5 | 20244134A | ALUMINIUM IMPELLER FOR OIL COLLING BLOWER | 201 Nos. |
| 6 | 65235002B | Fully Automatic Coach Washing Plant | 5 Set. |
| 7 | 61242527A | MANUAL METAL WELDING ELECTRODE | 57283 Kgs. |

उपरोक्त सभी निविदाओं की नियत तिथि क्रमांक 1 से 3 – 14.11.2024, क्रमांक 4 से 6 – 18.11.2024, और क्रमांक 7 – 19.11.2024 है। 50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए, इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**

ई निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक(सिंगनल एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल, भोपाल भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिये करते हुये निम्न कार्यों हेतु ई निविदा आमंत्रित करते है। इन टेन्डर्स के तहत मैनुअल प्रस्ताव मान्य नहीं होगें एवं ऐसे प्राप्त कोई भी मैनु अल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा से संबंधित दस्तावेज वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिये गये है। **निविदा सूचना एवं क्रमांकः** बीपीएलएनवर्क्स 2024-25 सिगलन16, **कार्य का नामः** इम्प्रूव्मन्ट ऑफ गुड्ज़ शेड फेसिलिटी एट SMT स्टेशन एण्ड शिफ्टिंग ऑफ गुड्ज़ शेड एट BET स्टेशन इन भोपाल डिविशन WCR, **कार्य की अनुमानित लागतः** 1,53,39,707.75, **निविदा फार्म की कीमतः** लागू नहीं, **जमा की जाने वाली बयाना राशीः** 2,26,700, **कार्य समापन की अवधीः** 12 माह, **निविदा जमा करने एवं खोलने की दिनांक एवं समयः** दिनांक 06/11/2024 को 15.00 बजे तक दिनांक 06/11/2024 को 15.30 बजे, **मिनिमम इलिजिविजिटी क्राइटेरियाः** MEC Applicable. निविदाकर्ता/बिडर्स के पास क्लास III डीजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना आवश्यक है एवं IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बिडर्स ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। ई-टेंडरिंग के दौरान ही सभी संबंधित दस्तावेज अपलोड करना आवश्यक है। पेमेन्ट गेटवे के द्वारा ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज की कीमत, बयाना राशि आदि का भुगतान ऑनलाइन मल्टीपल नेटबैंकिंग, डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड द्वारा किया जा सकता है।

मण्डल रेल प्रबंधक (सिगनल एंव दूरसंचार), पमरे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India**

क्षेत्रीय कार्यालयः भोपाल सेंट्रल, यूनियन बैंक भवन, 1513/1/1,अरेरा हिल्स, भोपाल-462011
फोन : 0755-2676720 / 2676731

**होशंगाबाद रोड शाखा हेतु परिसर की आवश्यकता**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को अपनी हेतु वर्तमान होशंगाबाद रोड शाखा के आस पास के 1 किमी तक के स्थान पर स्थित व्यावसायिक स्थानों पर भूतल पर 1700 वर्ग फिट कार्पेट क्षेत्र (± 10% वर्गफुट क्षेत्र) के परिसर की आवश्यकता है।
2. आवेदन पत्र के दो भाग हैं: तकनीकी बोली तथा वित्तीय बोली
3. तकनीकी बोली तथा वित्तीय बोली के प्रारूप हमारी अरेरा कॉलोनी शाखा अथवा क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल से कार्यालयीन समय मे दिनांक 18.10.2024 से दिनांक 02.11.2024 को दोपहर 2.00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं।
4. तकनीकी बोली तथा वित्तीय बोली के प्रारूप बैंक के वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in या www.eprocure.in से भी प्राप्त किए जा सकते हैं।
5. आवेदन प्रस्तुति की अंतिम तिथि 02.11.2024 को सायं 03.00 बजे तक है।
6. तकनीकी बोली / वित्तीय बोली दो अलग अलग बंद लिफाफों मे, जिसमे लिफाफा क्र. 1 मे तकनीकी बोली तथा लिफाफा क्र. 2 मे वित्तीय बोली रखकर, एक मुख्य बड़े लिफाफे मे, जिस पर ''शाखा परिसर हेतु आवेदन'' लिखकर दिनांक 02.11.2024 को सायं 03.00 बजे तक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल यूनियन बैंक भवन, 1513/1/1, अरेरा हिल्स भोपाल (म.प्र.) मे प्रस्तुत किए जाएंगे। तकनीकी बोली के साथ रु. 1000/- का पे-ऑर्डर/डिमांड ड्राफ्ट जो यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के पक्ष में तथा भोपाल में देय होगा, लगाना अनिवार्य है.
7. डाक के माध्यम से उपरोक्त अवधि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार्य नही होंगे।
8. तकनीकी बोली दिनांक 02.11.2024 को सायं 04.00 बजे प्रस्तावकर्ता अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी।
9. बैंक परिसर का किराया जगह के प्रति वर्गफुट कार्पेट क्षेत्र के अनुसार देना है।
10. परिसर का लीज डीड / इकरारनामा न्यूनतम 15 वर्ष के लिए किया जाना है।
11. परिसर के मासिक किराए मे वृद्धि प्रति 5 वर्ष के अंतराल पर की जाएगी।
12. शाखा परिसर में स्ट्रोंग रूम एवं 25 केवी के इलेक्ट्रिक सप्लाई की व्यवस्था भूस्वामी को ही करनी होगी।
13. महिला एवं पुरुषों के लिए अलग अलग शौचालय का प्रबंध, परिसर मे होना चाहिए।
14. शाखा परिसर मे बैंक के स्टाफ सदस्य तथा ग्राहकों के लिए वाहनों की पार्किंग की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए।
15. शाखा परिसर में पानी की सप्लाई, वेंटिलेशन की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए एवं दिव्यांगजन के लिए रैंप की व्यवस्था भी होनी चाहिए।
16. शाखा परिसर में सोलर पैनल के इंस्टालेशन के लिए छत पर पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए।
17. शाखा का अग्रभाग न्यूनतम 20 फीट होना चाहिए।
18. बैंक किसी भी समय बिना किसी स्पष्टीकरण निविदा रद्द करने/ स्थगित करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।

क्षेत्र प्रमुख

## प्रथम पृष्ठ के शेष

**उज्जैन की निकिता...**

वे सिलेक्ट हुई थीं। निकिता को एक्टिंग के अलावा लिखने का भी शौक है। निकिता कई नेशनल और इंटरनेशनल स्टेज ड्रामा की स्क्रिप्ट लिख चुकी हैं, उनके लिखे ड्रामा में 250 पेज की कृष्ण लीला भी है। ये पहली बार है, जब मध्यप्रदेश से किसी ने मिस इंडिया का खिताब जीता है। निकिता उज्जैन के पेट्रो केमिकल व्यापारी अशोक पोरवाल की बेटी हैं। निकिता ने अपनी स्कूली शिक्षा उज्जैन में ही की और फिर उच्च शिक्षा के लिए बाहर गईं। पिछले कुछ वर्षों से वह मुंबई में हैं।

**स्कूल का सपना सच हुआ: निकिता:** अपनी उपलब्धि पर निकिता ने कहा कि उन्हें मिस इंडिया ही बनना था, इसलिए मॉडलिंग और थियेटर में अपना करियर बनाना शुरू किया। शुरुआत में रामलीला में माता सीता और राधा का किरदार निभाया। निकिता ने बताया कि जब वे स्कूल में थीं, तब उन्हें मम्मी अक्सर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में मिस इंडिया बनाकर ही भेजा करती थी। अब उनका ये सपना पूरा हुआ और वे सच में मिस इंडिया बन गईं। निकिता ने भविष्य को लेकर कहा कि उन्हें पशुओं से बहुत प्रेम है। पशुओं की देखरेख के लिए वे देश में कुछ बड़ा करना चाहती हैं।

**जस्टिस संजीव खन्ना...**

सूची में जस्टिस संजीव खन्ना का नाम है, इसलिए जस्टिस खन्ना का नाम आगे बढ़ाया है। हालांकि उनका कार्यकाल सिर्फ 6 महीने का होगा। 64 साल के जस्टिस खन्ना 13 मई 2025 को रिटायर होंगे। सुप्रीम कोर्ट जज के तौर पर जस्टिस खन्ना ने 65 फैसले लिखे हैं। इस दौरान वे करीब 275 बेंचों का हिस्सा रहे हैं।

**फ्रेंकफर्ट-मुंबई ...**

को दी, विमान पाकिस्तान के एयर स्पेस में उड़ान भर रहा था। फ्लाइट में 147 यात्री सवार थे। लैंडिंग के बाद विमान को आइसोलेशन में ले जाया गया, जहां सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। इसके बाद तुर्की से मुंबई आ रही एक और फ्लाइट के बारे में धमकी दी गई। वहीं फ्लाइट 24 रडार के मुताबिक मुंबई से लंदन जा रही एअर इंडिया की एक फ्लाइट इमरजेंसी अलर्ट दे रही थी। हालांकि इमरजेंसी अलर्ट की वजह सामने नहीं आई है। फ्लाइट ने लंदन के एयरस्पेस में कुछ चक्कर भी काटे, जिसकी भी वजह साफ नहीं है। हालांकि फ्लाइट ने लैंड कर चुकी है। धमकियों से परेशान होकर अथॉरिटी ने फ्लाइट में एयर मार्शलों की संख्या दोगुनी की।

**शेख हसीना के खिलाफ...**

हनन से जुड़े कई मामलों की जांच चल रही है। उन पर छात्र आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले कई छात्रों की हत्या का भी आरोप है। बांग्लादेश में कई बार शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग उठ चुकी है। इस मामले में भारत के सामने कूटनीतिक संकट भी खड़ा हो गया है।

**इजराइल पर हमले ....**

के मारे जाने की खबर आई थी। बाद में पता चला कि इनमें से एक याह्या सिनवार है। सोशल मीडिया पर इसके फोटो वायरल हुए। इसमें उसके चेहरे, दांत और घड़ी से दावा किया गया कि मारा गया शख्स याह्या सिनवार है। तब से दोनों के बीच जंग जारी है। सिनवार की मौत की जांच के लिए डीएनए टेस्ट किया गया। इससे पहले भी सिनवार को मारने के लिए इजराइल ने कई कोशिशें की थीं, हालांकि उसे नाकामयाबी ही हाथ लगी थी। उसकी मौत को लेकर पहले भी दावे हुए थे। 23 सितंबर को भी सिनवार की मौत का दावा किया गया था। सिनवार की मौत के बाद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि होलोकॉस्ट के बाद इतिहास में हमारे लोगों का सबसे बड़ा नरसंहार करने वाले का इजराइल ने हिसाब चुकता कर दिया है।

**अर्थांक**

| | |
|---|---|
| तारा | 467-7, 680-4 |
| दिन | 159-5, 139-3 |
| ताराना | 138-2, 349-6 |
| रात | 267-5, 258-5 |

**दूसरी बार हरियाणा...**

मप्र की सीएम डॉ. मोहन यादव सहित 18 राज्यों के सीएम व डिप्टी सीएम भी पहुंचे थे। सीएम सैनी के साथ 13 मंत्रियों ने शपथ ली। इनमें सबसे ज्यादा 5 चेहरे ओबीसी वर्ग से हैं। जाट, ब्राह्मण और एससी वर्ग से 2-2 मंत्री बनाए गए हैं। इसके अलावा पंजाबी, राजपूत और वैश्य बिरादरी से एक-एक मंत्री बनाया गया है। नए बनाए मंत्रियों में अनिल विज, कृष्णलाल पंवार, राव नरबीर, महिपाल ढांडा, विपुल गोयल और कृष्ण बेदी पहले मंत्री रह चुके हैं। इसके अलावा रणबीर गंगवा पिछली बीजेपी सरकार में डिप्टी स्पीकर थे। नए चेहरों में अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा, आरती राव, श्रुति चौधरी और गौरव गौतम पहली बार मंत्री बने हैं। भाजपा ने हरियाणा में यूपी, राजस्थान और मध्यप्रदेश की तरह डिप्टी सीएम बनाने का फॉर्मूला नहीं अपनाया। नई सरकार बनते ही सीएम नायब सैनी ने शुक्रवार सुबह कैबिनेट की पहली मीटिंग बुला ली है, जिसमें विभागों का बंटवारा किया जा सकता है।

**पहली बार होमग्राउंड ...**

नवंबर 1987 में दिल्ली में दर्ज हुआ था। भारत का न्यूनतम टेस्ट स्कोर चार साल पहले आस्ट्रेलिया के खिलाफ एडीलेड में बना, जब टीम 36 रन पर आउट हो गई थी।

**एक करोड़ की इनामी...**

हिडमा को भी ट्रेनिंग दी है, साथ ही कई महिला नक्सली संगठन तैयार किए हैं। सुजाता ने काफी पहले ही बस्तर छोड़ दिया था। इसके बाद वो तेलंगाना में रह रही थी। वह दक्षिण बस्तर डिवीजनल प्रभारी सहित कई पदों पर रही है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल**

**यात्रिक विभाग जोन क्र.16-**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्र. 397/यां/वि/16/2024 — भोपाल, दिनांक 15.10.2024

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत ( रु. लाख में ) | निविदा क्र. करने की अंतिम | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिनांक | समय |
| 1 | 2024_UAD_376348_1 | PROVIDING AND FIXING OF CI BENCHES AT DIFFERENT PARKS OF TIRUPATI ABHINAV HOMES, KARARIYA, KAILASH NAGAR AND OTHER PLACES OF WARD 74 ZONE 16 | 2,53,650/- | 29.10.2024 | 17:30 PM |
| 2 | 2024_UAD_376349_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AT GOLDEN BIRD SCHOOL GATE TO KASHIRAM KUSHWAHA INDUS STATE KARARIYA WARD 74 ZONE 16 | 5,98,416/- | 29.10.2024 | 17:30 PM |

नोट - संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

नि.क्र. 606/024/025

सहायक यंत्री ( सिविल )
जोन क्र.-16
नगर निगम, भोपाल





## पहला टेस्ट दूसरा दिनः न्यूजीलैंड को 134 रन की बढ़त, हेनरी-ओ राउरकी ने झटके 9 विकेट, कोंवे ने बनाए 91 रन

# 91 साल के टेस्ट इतिहास में पहली बार भारत ने घरेलू मैदान पर बनाया सबसे छोटा स्कोर

जेएनएन/भाषा, बेंगलुरु

तेज गेंदबाजों के दम पर भारत को रिकॉर्ड 46 रन पर समेटने के बाद डेवोन कोंवे के 91 रन की मदद से न्यूजीलैंड ने वर्षाबाधित पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को पहली पारी में तीन विकेट पर 180 रन बनाए लिए। डेरिल मिचेल 14 और रचिन रविंद्र 22 रन बनाकर क्रीज पर हैं। न्यूजीलैंड के पास 134 रन की बढ़त है। इससे पहले मैट हेनरी (पांच विकेट) और विलियम ओ राउरकी (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने भारतीय बल्लेबाजी की बखिया उधेड़ दी। एडिलेड टेस्ट की यादें ताजा कराते हुए भारतीय टीम घरेलू टेस्ट में अपने न्यूनतम स्कोर 46 रन पर आउट हो गई थी। भारत 1933 से अपने देश में टेस्ट खेल रहा है और 91 साल में यह न्यूनतम स्कोर है। इससे पहले भारत में उसका न्यूनतम टेस्ट स्कोर 75 रन था, जो 1987 में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था। कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन कप्तान समेत कोई बल्लेबाज सहज नजर नहीं आया। भारत के पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। ऑस्ट्रेलिया के 2020-21 के दौरे पर एडीलेड टेस्ट में भारतीय टीम 36 रन पर आउट हो गई थी। भारत को दिन के आखिर में एक और झटका लगा जब रविंद्र जडेजा की टर्न लेती गेंद उनके बाएं घुटने से जा लगी। उन्हें मैदान छोड़कर जाना पड़ा। न्यूजीलैंड ने मजबूत शुरुआत की जब कोंवे ने कप्तान टॉम लाथम (15) के साथ पहले विकेट के लिए 67 रन जोड़े।



**05** बल्लेबाज कोहली, सरफराज, राहुल, जडेजा व अश्विन शून्य पर आउट हुए और यह सभी शीर्ष आठ में थे। यह केवल दूसरी बार है, जब टेस्ट की एक पारी में शीर्ष आठ में से पांच बल्लेबाज शून्य पर लौटे हों। पिछला मौका 1888 में आया था, जब मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की पारी ढह गई थी। घरेलू टेस्ट में भी यह दूसरा मौका है जब न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच भारतीय बल्लेबाज खाता नहीं खोल सके। इससे पहले 1999 में मोहाली टेस्ट में ऐसा हुआ था।

**100** विकेट मैट हेनरी के 26 टेस्ट मैच में पूरे हो गए। यह न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों में संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज 100 विकेट का आंकड़ा है। रिचर्ड हेडली ने 25 मैचों में 100 विकेट लिए, जबकि नील वैगनर ने 26 मैच में लिए।

बतौर कप्तान 46 रन का स्कोर देखकर दुखी हूं, क्योंकि पहले बल्लेबाजी का फैसला मेरा था। लेकिन साल में एक या दो खराब फैसले चलते हैं। हमारे सामने जो चुनौती थी, उसका हम अच्छी तरह से जवाब नहीं दे पाए। कई बार आप सही फैसला करते हैं, कई बार नहीं। इस बार मैं सही तरफ नहीं था। हमें लगा कि पिच पर घास नहीं है। हमने सोचा कि पहले कुछ सत्र में यह अपना काम कर लेगी और फिर टर्न लेगी।
■ **रोहित शर्मा, कप्तान, भारत**

**46** रन भारत का ऑलआउट होना किसी भी टीम द्वारा एशिया में सबसे न्यूनतम है। पिछला रिकॉर्ड एशिया में 53 ऑलआउट था। 1986 में फैसलाबाद में पाकिस्तान के खिलाफ वेस्टइंडीज इस स्कोर पर ढेर हुआ, तो 2002 शारजाह में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पाकिस्तान इसी स्कोर पर ढेर हुआ था। यह किसी भी टीम का न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में सबसे न्यूनतम स्कोर है। पिछला रिकॉर्ड जिम्बाब्वे के नाम था, जो 2012 में नेपियर में 51 रनों पर ऑलआउट हुआ था।

**15** रन ही जोड़कर भारत ने सात विकेट गंवा दिए। यानी 31 पर 3 से स्कोर 46 ऑलआउट हो गया। इससे पहले केवल एक ही बार भारतीय टीम ने टेस्ट की पारी में आखिरी सात विकेट के लिए इससे कम रन जोड़े। यह मौका 2017 में पुणे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आया था, जब आखिरी सात विकेट के लिए केवल 11 रन जोड़े गए।

**2012** में भी भारत के खिलाफ टेस्ट की एक पारी में मेहमान टीम के तेज गेंदबाजों ने ही आपस में सभी विकेट बांटे थे। अब यह रिकॉर्ड बेंगलुरु में बन गया।

### घरेलू मैदान पर भारत का सबसे छोटा स्कोर

| स्कोर | पारी | विरुद्ध | मैदान | साल |
|---|---|---|---|---|
| 46 | 01 | न्यूजीलैंड | बेंगलुरु | 2024 |
| 75 | 01 | वेस्ट इंडीज | दिल्ली | 1987 |
| 76 | 01 | दक्षिण अफ्रीका | अहमदाबाद | 2008 |
| 83 | 04 | इंग्लैंड | चेन्नई | 1977 |
| 83 | 01 | न्यूजीलैंड | मोहाली | 1999 |

### विदेश में भारत का सबसे छोटा स्कोर

| स्कोर | पारी | विरुद्ध | मैदान | साल |
|---|---|---|---|---|
| 36 | 03 | ऑस्ट्रेलिया | एडिलेड | 2020 |
| 42 | 03 | इंग्लैंड | लॉर्ड्स | 1974 |
| 46 | 01 | न्यूजीलैंड | बेंगलुरु | 2024 |
| 58 | 02 | ऑस्ट्रेलिया | ब्रिसबेन | 1947 |
| 58 | 02 | इंग्लैंड | मैनचेस्टर | 1952 |

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी : 46/10 (31.2 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का. पटेल बो. ओ राउरकी | 13 | 63 | 1 | 0 |
| रोहित शर्मा बो. साउदी | 2 | 16 | 0 | 0 |
| कोहली का. फिलिप्स बो. ओ राउरकी | 0 | 9 | 0 | 0 |
| सरफराज का. कोंवे बो. हेनरी | 0 | 3 | 0 | 0 |
| रिषभ पंत का. लाथम बो. हेनरी | 20 | 49 | 2 | 0 |
| राहुल का. ब्लंडेल बो. ओ राउरकी | 0 | 6 | 0 | 0 |
| रविंद्र जडेजा का. पटेल बो. हेनरी | 0 | 6 | 0 | 0 |
| अश्विन का. फिलिप्स बो. हेनरी | 0 | 1 | 0 | 0 |
| कुलदीप का. ब्रासवेल बो. हेनरी | 2 | 17 | 0 | 0 |
| बुमराह का. हेनरी बो. ओ राउरकी | 1 | 3 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 4 | 16 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त** : 4 रन, **कुलः** 31.2 ओवर में 46 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन** : 1-9, 2-9, 3-10, 4-31, 5-33, 6-34, 7-34, 8-39, 9-40, 10-46 **गेंदबाजी** : टिम साउदी 6-4-8-1 हेनरी 13.2-3-15-5, ओ राउरकी 12-6-22-4.

**न्यूजीलैंड : 180/3 (50 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| लाथम पगबाधा बो. कुलदीप | 15 | 49 | 3 | 0 |
| डेवोन कोंवे बो. अश्विन | 91 | 105 | 11 | 3 |
| विल का. कुलदीप बो. जडेजा | 33 | 73 | 5 | 0 |
| रचिन रविंद्र नाबाद | 22 | 34 | 2 | 0 |
| डेरिल मिचेल नाबाद | 14 | 39 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त** : 5 रन, **कुलः** 50 ओवर में तीन विकेट पर 180 रन, विकेट **पतन** : 1-67, 2-142, 3-154, **गेंदबाजीः** बुमराह 10-4-23-0, सिराज 7-1-21-0, अश्विन 11-1-46-1, कुलदीप 12-1-57-1, जडेजा 10-0-28-1.

## खेल एक नजर

### डेनमार्क ओपन में चीन की हेप युई को हराकर सिंधू क्वार्टर फाइनल में



**ओडेन्से, भाषा।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने खराब शुरुआत से उबरते हुए गुरुवार को चीन की दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी हेन युई को हराकर डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पूर्व विश्व चैंपियन और अभी दुनिया की 18वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने दूसरे दौर के मुकाबले में 63 मिनट में 18-21, 21-12, 21-16 से जीत दर्ज की। मई में मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में हेन को हराने के बाद शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी के खिलाफ यह सिंधू की पहली जीत है। हेन के खिलाफ आठ मुकाबलों में यह सिंधू की सातवीं जीत है, जबकि उन्हें एक बार हार का सामना करना पड़ा है। वह अगले दौर में इंडोनेशिया की पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग और डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी।

### निशानेबाजी वर्ल्ड कप फाइनल में विवान को रजत, नरूका को कांस्य

**नई दिल्ली, भाषा।** जयपुर के दो युवा शॉटगन निशानेबाजों विवान कपूर और अनंतजीत सिंह नरूका ने सत्रांत विश्व कप फाइनल के अंतिम दिन गुरुवार को क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीतकर भारत के निराशाजनक अभियान को रोशन किया। 22 वर्षीय ट्रैप निशानेबाज विवान और 26 वर्षीय ओलंपियन स्कीट निशानेबाज नरूका ने कर्णी सिंह रेंज में अपने करियर के सबसे बड़े पदक जीते, जिससे मेजबान टीम ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अपने अभियान का अंत दो रजत और दो कांस्य पदक सहित चार पदक के साथ किया। उन्होंने फाइनल में 44 का स्कोर बनाया और वह चीन के स्वर्ण पदक विजेता यिंग की से पीछे रहे जिन्होंने 47 का स्कोर बनाया। तुर्की के टोल्गा एन टुंसर ने 35 के स्कोर से कांस्य पदक जीता।

### बदानी बने दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच, राव बने निदेशक



**नई दिल्ली, भाषा।** दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को आईपीएल-2025 सत्र से पहले नए कोचिंग स्टाफ की नियुक्ति की, जिसमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर हेमांग बदानी को मुख्य कोच और वेणुगोपाल राव को क्रिकेट निदेशक बनाया गया। भारत के लिए चार टेस्ट और 40 वनडे खेल चुके 47 वर्षीय बदानी को विभिन्न क्रिकेट लीग में कोचिंग का अनुभव है। 2021 से 2023 तक उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के साथ फील्डिंग कोच और फिर बल्लेबाजी कोच के तौर पर काम किया।

### दूसरा टेस्ट : पाकिस्तान ने इंग्लैंड को जीत के लिए दिया 297 का लक्ष्य

**मुल्तान, जेएनएन।** पाकिस्तान ने गुरुवार को दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में आगा सलमान के (63) अर्धशतक की मदद से 221 रन बनाकर इंग्लैंड़ को जीत के लिए 297 रनों का लक्ष्य दिया था। जवाब में इंग्लैंड दूसरी पारी में 36 रन पर दो विकेट खोकर संकट में फंस गया है। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम की शुरुआत खराब रही और पहले ओवर की तीसरी गेंद पर ही साजिद खान ने बेन डकेट को शून्य पर रिजवान के हाथों कैच आउट कराकर टीम को पहली सफलता दिला दी। चौथे ओवर में नौमन अली ने जैक क्रॉली (तीन) को रिजवान के हाथों कैच आउट करा इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। उस समय टीम का स्कोर मात्र 11 रन था। तीसरे दिन का खेल समाप्ति पर ऑली पोप (21) तथा जो रुट (12) रनों पर नाबाद रहे।

## महिला टी-20 वर्ल्ड कप : आठ विकेट से हारकर ऑस्ट्रेलिया का 8वीं फाइनल में पहुंचने का सपना टूटा

# उलटफेर : छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर दक्षिण अफ्रीका फाइनल में पहुंची

**दुबई, जेएनएन/भाषा।** दक्षिण अफ्रीका ने गुरुवार को छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम को आठ विकेट से हराकर उलटफेर करते हुए महिला टी-20 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया। दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्व कप में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी। दोनों टीमों के बीच 2023 सत्र का फाइनल खेला गया था, जिसमें आस्ट्रेलिया ने 19 रन से जीत दर्ज की थी। अब रविवार को दक्षिण अफ्रीका का सामना न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा। दक्षिण अफ्रीका ने प्लेयर ऑफ द मैच एनेके बोश (नाबाद 74 रन) और कप्तान लौरा वोलवार्ट (42 रन) की पारियों की मदद से 17.2 ओवर में दो विकेट पर 135 रन बनाकर ऑस्ट्रेलियाई टीम का आठवीं बार फाइनल में प्रवेश करने का सपना तोड़ दिया। बोश और लौरा के बीच 65 गेंद में 96 रन की साझेदारी हुई। इससे पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद धीमी शुरुआत करने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम पांच विकेट पर 134 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया ने 2009 से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में सभी नौ सत्र में सेमीफाइनल खेले हैं। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी बार सेमीफाइनल गंवाया है। इससे पहले 2009 में इंग्लैंड के खिलाफ टीम हारी थी। वहीं 2015 में वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को फाइनल में हराया था।



### टी-20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनलः न्यूजीलैंड का सामना आज वेस्ट इंडीज की महिला टीम से

**शारजाह, भाषा।** न्यूजीलैंड की महिला टीम टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में शुक्रवार को जब वेस्टइंडीज से खेलेगी, तो उसका इरादा शानदार फॉर्म बरकरार रखने का होगा। न्यूजीलैंड ने इस टूर्नामेंट में भारत और श्रीलंका जैसी टीमों को हराकर ग्रुप-ए से अंतिम चार में जगह बनाई। टूर्नामेंट से पहले दस मुकाबले हारी टीम ने जबर्दस्त खेल का प्रदर्शन किया। वहीं वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को पिछले मैच में हराया था। ग्रुप-बी में शीर्ष पर रही कैरेबियाई टीम ने एक ही मैच गंवाया। वेस्टइंडीज ने 2018 में अपनी मेजबानी में हुए टूर्नामेंट के बाद पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। उसने आखिरी ग्रुप मैच में इंग्लैंड को हराया, जिससे वह पिछले 13 मैच हार चुकी थी। न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अब तक खेले गए 23 में से 15 मैच जीते, जबकि दो मैच टाई और एक बेनतीजा रहा।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में कप्तान रहेंगी हरमनप्रीत कौर

**नई दिल्ली, भाषा।** हरमनप्रीत कौर को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए गुरुवार को भारतीय महिला टीम क्रिकेट टीम का कप्तान बरकरार रखा गया। चयनकर्ताओं ने 24 अक्टूबर से शुरू हो रही सीरीज के लिए चार अनकैप्ड (जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) खिलाड़ियों को भी चुना है। अनकैप्ड खिलाड़ियों में तेजल हसबनीस, सयाली सतगरे और प्रिया मिश्रा शामिल हैं। टी-20 विश्व कप से भारत के जल्दी बाहर होने के बाद कप्तान के रूप में हरमनप्रीत के भविष्य पर सवाल उठने लगे थे। हालांकि चयनकर्ताओं ने फिलहाल उनके साथ बने रहने का फैसला किया है। बीसीसीआई ने कहा कि 21 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं होंगी, क्योंकि इसकी तारीखें उनकी 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के साथ टकरा रही हैं। तीनों मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाएंगे।



**टीम इस प्रकार है :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, डी हेमलता, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, यस्तिका भाटिया, उमा छेत्री, सयाली सतगरे, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, तेजल हसबनीस, साइमा ठाकोर, प्रिया मिश्रा, राधा यादव और श्रेयंका पाटिल।

## सिटी-स्पोर्ट्स

### फुटबॉल : केडीपीएस सेमीफाइनल में



**भोपाल, खेप्र।** कमला देवी पब्लिक स्कूल (केडीपीएस) भोपाल ने पर्वतीय अनुग्रह स्कूल को हराकर पीपुल्स कप सीबीएसई नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंडर-19 वर्ग में राजगीजी पब्लिक स्कूल एवं लालाजी मेमोरियल स्कूल के बीच मुकाबला एक-एक गोल से ड्रॉ पर समाप्त हुआ। आरफा इंग्लिश स्कूल ने संत बाबा इंटरनेशनल स्कूल को 3-0 से और ममता मॉडर्न स्कूल ने संजय घोड़ावत स्कूल को 2-1 से शिकस्त दी। अंडर-14 में आर्मी पब्लिक स्कूल (बेंगलुरु) ने ओडियन ग्लोबल स्कूल को 7-0 से, केडीपीएस ने पर्वतीय स्कूल को 5-0 से, एमेनिटी ने रॉयल इंटरनेशनल स्कूल को 6-0 से और डीपीएस ने अबू धाबी इंडियन स्कूल को 8-1 से हराया।

### तीन दिवसीय रग्बी ट्रेनिंग एंड एज्युकेशन प्रोग्राम आज से

**भोपाल, खेप्र।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन मध्यप्रदेश द्वारा रग्बी ट्रेनिंग एंड एज्युकेशन प्रोग्राम 18 से 20 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय ट्रेनिंग एंड एजुकेशन प्रोग्राम में कोचेस, रग्बी मेडिकल ऑफीसर, टीम मैनेजर एवं रेफरी कोर्स के बारे में बताया जाएगा। एसोसिएशन मप्र के सचिव अबरार एहमद शेख एवं कोषाध्यक्ष पंकज कुमार जैन ने बताया कि रग्बी ट्रेनिंग एंड एज्युकेशन प्रोग्राम में प्रत्येक कोर्स में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से चुने गए 40 ऑफिशियल भाग लें रहे है।

### हुकुम सिंह ठाकुर स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत आज

**भोपाल, खेप्र।** पांच लाख रुपए इनामी राशि वाला स्व. हुकुम सिंह ठाकुर स्मृति (पुरुष व महिला) डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 18 अक्टूबर से शुरू होने जा रहा है। टूर्नामेंट का शुभारंभ शाम छह बजे खेल मंत्री विश्वास सारंग, बीडीसीए के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह और चेयरमैन सैयद साजिद अली करेंगे। यह प्रतियोगिता ओल्ड कैंपियन मैदान पर दूधिया रोशनी में होगी। प्रतियोगिता दो प्रारूपों में खेली जाएगी, जो कि अंतर क्लब/अकादमी एक दिवसीय व कॉर्पोरेट/डिपार्टमेंटल व अखिल भारतीय महिला टी-20 लिमिटेड ओवर होगी।

### नेशनल चैंपियनशिप में खेलेगी मप्र की टीम



**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश की टीम चौथी महिला ब्लाइंड फुटबॉल नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी। यह चैंपियनशिप 17 से 21 अक्टूबर तक पुणे में खेली जा रही है। इंदौर की विनीता के नेतृत्व में मप्र ब्लाइंड टीम टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए रवाना हो गई है। रोटरी क्लब के भूतपूर्व अध्यक्ष संजय निगम, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष एजाज खान और मप्र ब्लाइंड फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव मोहम्मद साहिद ने ट्रैकसूट प्रदान किया। **टीम इस प्रकार है :** तनु, विनीता मंडलोई, प्रकृति गुप्ता, तनीषा काग, मुस्कान वर्मा, पूजा यादव, पूजा कुशवाह (गोलकीपर) और कंचन पटेल।

## देश विदेश

### एनकाउंटर में दो को लगी गोली, नेपाल भागने की फिराक में थे

# बहराइच हिंसा मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार


**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में हुई हिंसा के 2 आरोपियों का एनकाउंटर हो गया है। आरोपी नेपाल भागने की फिराक में थे। घटना वाले दिन से पुलिस इनके पीछे लगी हुई थी। आज पुलिस को इनकी लोकेशन हाथ लगी, जिसके बाद इनको ट्रैक किया गया। जिन आरोपियों का एनकाउंटर हुआ उनके नाम सरफराज उर्फ रिंकू और मोहम्मद तालीम उर्फ सबलू है। दोनों के पैरों में गोली लगी है। एनकाउंटर को लेकर पुलिस मुख्यालय में बड़ी बैठक भी हुई। इस बैठक में एडीजी लॉ एंड ऑर्डर सहित कई बड़े अधिकारी मौजूद रहे। मामले में एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने बताया कि कैजुअल्टी नहीं हुई है। जानकारी है कि कुल 5 आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। मामला नेपाल सीमा के पास हांडा बसेहरी नहर के पास का है। वहीं, घायल आरोपियों का इलाज करने वाले समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा के डॉक्टर ने कहा कि दोनों के पैर में गोली लगी है। एक के दाएं और एक बाएं पैर में। बुलेट एग्जिट पॉइंट नहीं मिला है। गोली अंदर फंसी हुई है। ऐसे में उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।



### पुलिस पर की फायरिंग

13 अक्टूबर को महराजगंज कस्बे में रामगोपाल की गोली मार कर हत्या करने के केस में बहराइच पुलिस द्वारा पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके नाम हैं- मोहम्मद फहीन, मोहम्मद तालीम उर्फ सबलू, मोहम्मद सरफराज, अब्दुल हमीद, मोहम्मद अफजल। इनमें से दो आरोपियों की निशानदेही पर मर्डर में प्रयुक्त हुए हथियार की बरामदगी के लिए जब पुलिस टीम लेकर गई तो इनके द्वारा वहां रखे हथियारों से पुलिस पर फायरिंग की गई। जवाबी फायरिंग में दोनों को गोली लगी है। दोनों गंभीर रूप से घायल हुए हैं, उनका उपचार कराया जा रहा है। मर्डर में उपयोग किया हथियार बरामद हो गया है।

### जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने याचिका



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किए जाने की समयसीमा तय करने का अनुरोध से जुड़ी याचिका दायर की गई है। वकील गोपाल शंकरनारायण ने मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए आवेदन का उल्लेख किया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वह मामले को सूचीबद्ध करेगी। याचिका में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा जल्द से जल्द समयबद्ध तरीके से बहाल करने के लिए उचित निर्देश पारित किए जाए। कॉलेज शिक्षक जहूर अहमद भट और कार्यकर्ता खुर्शीद अहमद मलिक द्वारा यह याचिका दायर की गई। याचिका में कहा गया, सॉलिसिटर जनरल द्वारा दिए गए आश्वासन के बावजूद कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा, सरकार ने पिछले दस महीनों में इस संबंध में कोई कदम नहीं उठाया है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बयान दिया था कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव होंगे।

### कंगना की इमरजेंसी को सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट मिला



**नई दिल्ली, जेएनएन।** कंगना रनौत तेजस के बाद अब जल्द ही एक बार फिर से बड़े पर्दे पर अपने अभिनय का जादू बिखेरती हुई नजर आएंगी। वह लंबे समय से अपनी पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म इमरजेंसी को लेकर सुर्खियों में हैं। वह फिल्म में भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका अदा कर रही हैं। अब हाल ही में जैसे ही फिल्म को सेंसर बोर्ड की तरफ से सर्टिफिकेट मिला है, तुरंत कंगना रनौत ने इस खुशी को अपने फैंस के साथ शेयर किया। कंगना रनौत ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, मुझे ये बताते हुए बेहद ही खुशी हो रही है कि हमारी फिल्म इमरजेंसी को सेंसर बोर्ड की तरफ से सर्टिफिकेट मिल गया है। हम फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा जल्द करेंगे। छह सितंबर को ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन सेंसर बोर्ड ने मूवी को विवादित बताते हुए इसे प्रमाण पत्र देने से साफ इंकार कर दिया था।



## देशभर में दिखाई दिया सुपरमून

नई दिल्ली। दुनियाभर में गुरुवार को सुपरमून दिखाई दिया। इस दौरान चंद्रमा का आकार सामान्य से 14 प्रतिशत बड़ा दिखाई दिया। चांद 30 प्रतिशत ज्यादा चमकीला भी नजर आया। सुपरमून तब होता है, जब पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी सबसे कम हो जाती है। इस सुपरमून को देखने दिल्ली, गुवाहाटी, कश्मीर समेत देश के कई हिस्सों में लोग एकजुट हुए। फोटो दिल्ली में रायसीना हिल के ऊपर दिखते सुपरमून का है। इसे देखने कर्तव्यपथ पर जुटी भीड़।

# सोनिया गांधी के पैटर्न पर हुई प्रियंका की चुनावी एंट्री

### गांधी परिवार को निराश नहीं करता साउथ

## सोनिया का संसद प्रवेश बेल्लारी के रास्ते हुआ था, प्रियंका ने वायनाड चुना

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वायनाड सीट से कांग्रेस ने प्रियंका गांधी को चुनाव मैदान में उतारने का ऐलान कर दिया है। प्रियंका साउथ से चुनाव मैदान में उतरने वाली गांधी परिवार की चौथी सदस्य हैं। उनसे पहले नेहरू-गांधी परिवार के तीन अन्य सदस्य साउथ के रास्ते संसद का सफर तय कर चुके हैं। प्रियंका गांधी की ही तरह उनकी मां सोनिया गांधी ने भी पहला चुनाव साउथ की सीट से लड़ा था। सोनिया गांधी 1999 के लोकसभा चुनाव में कर्नाटक की बेल्लारी सीट से निर्वाचित हुई थीं। हालांकि, तब वह दो सीटों से चुनी गई थीं। सोनिया गांधी ने कर्नाटक की बेल्लारी और यूपी की अमेठी, दोनों ही सीटों से चुनाव जीता था और बाद में साउथ की सीट छोड़ दी थी। चुनावी राजनीति में साउथ के रास्ते एंट्री करने वाली प्रियंका गांधी अपनी मां सोनिया गांधी के बाद गांधी परिवार की दूसरी ही सदस्य हैं। दरअसल, साउथ ने गांधी



परिवार के लिए सेफ पैसेज का रोल भी निभाया है। वैसे तो गांधी परिवार की सियासत का सेंटर नॉर्थ ही रहा है, लेकिन जब भी परिवार के किसी सदस्य ने साउथ की किसी सीट का रुख किया, उसे सफलता ही मिली। हर चुनाव में यह नैरेटिव गढ़ने की कोशिशें भी हुईं कि ये फिर से नॉर्थ चले जाएंगे, नॉर्थ से जीते तो साउथ की सीट छोड़ जाएंगे, लेकिन इन तमाम धारणाओं को परे रखते हुए साउथ के मतदाताओं ने गांधी परिवार को कभी निराश नहीं किया।

### साउथ से मिला था इंदिरा गांधी को रास्ता

आपातकाल के बाद हुए आम चुनाव में जब इंदिरा गांधी को अपने गढ़ रायबरेली में शिकस्त का सामना करना पड़ा, तब उन्होंने संसद पहुंचने के लिए साउथ की ओर ही रुख किया। इंदिरा गांधी ने 1978 में कर्नाटक की चिकमंगलूर सीट से उपचुनाव लड़ा था और सांसद निर्वाचित हुई थीं। इंदिरा गांधी से लेकर सोनिया गांधी तक, गांधी परिवार की दो पीढ़ियों ने जब भी साउथ का रुख किया, तब उनकी तलाश कर्नाटक पहुंचकर पूरी हुई, लेकिन नई पीढ़ी ने केरल को केंद्र बना लिया।

## राम माधव बनाए जा सकते हैं जम्मू-कश्मीर के एलजी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राम माधव के नाम की चर्चा इन दिनों जोर-शोर से हो रही है। ऐसी चर्चा है कि उन्हें जम्मू-कश्मीर का उपराज्यपाल बनाया जा सकता है। हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा गर्म है। राम माधव की कश्मीर मामलों पर गहरी समझ और अनुभव को देखते हुए, ऐसा माना जा रहा है कि उन्हें यह जिम्मेदारी दी जा सकती है। कुछ अन्य प्रदेशों में भी नए राज्यपालों की नियुक्तियां की जा सकती हैं। जम्मू-कश्मीर के मामलों में राम माधव की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने पीडीपी और बीजेपी के गठबंधन में मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी। धारा 370 को हटाने की योजना भी उनके मार्गदर्शन में तैयार की गई थी, जो कश्मीर के इतिहास में एक बड़ा बदलाव साबित हुआ। उनका अनुभव और समझ कश्मीर के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। जम्मू-कश्मीर में हाल ही में विधानसभा चुनाव हुए हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में नई सरकार ने सत्ता भी संभाल ली। भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव की रणनीति तैयार करने के लिए राम माधव को महत्वपूर्ण भूमिका में रखा था।



## संक्षिप्त समाचार


### सलमान को मारने की 25 लाख में दी थी सुपारी

**मुंबई, जेएनएन।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की हत्या की साजिश रचने के मामले में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की है। पुलिस ने गुरुवार को दावा किया कि सलमान खान को महाराष्ट्र के पनवेल स्थित उनके फार्महाउस के पास मारने की साजिश रची गई थी। इसके लिए 25 लाख रुपए में कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था। यह सुपारी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने दी थी। इस केस में पुलिस ने 5 लोगों के नाम चार्जशीट दाखिल की है। पुलिस का कहना है कि आरोपी घटना को अंजाम देने के लिए एके-47, एके-92 और एम-16 जैसे खतरनाक हथियार पाकिस्तान से लेने की तैयारी में थे। इसके अलावा तुर्की मेड जिगना पिस्तौल भी इन लोगों के पास थी, जिसका इस्तेमाल पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के मर्डर में किया गया था। इस मामले में आरोपी ने 18 साल से भी कम के कई लड़कों को हायर किया था। सलमान खान पर 60 से 70 लोग नजर रख रहे थे। चार्जशीट के अनुसार सलमान खान की हत्या की साजिश अगस्त 2023 से अप्रैल 2024 के दौरान रची गई।



### उत्तराखंड के मदरसों में पढ़ाई जाएगी संस्कृत

**देहरादून, जेएनएन।** उत्तराखंड के मदरसों में जल्द ही संस्कृति पढ़ाई जाएगी। इसे राज्य के 400 से ज्यादा मदरसों में ऑप्शनल सब्जेक्ट के तौर पर रखा जाएगा। मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून ने गुरुवार को कहा कि हम इस योजना पर लंबे समय से काम कर रहे हैं। राज्य सरकार की अनुमति मिलते ही इसे लागू किया जाएगा। सीएम पुष्कर सिंह धामी मदरसा जाने वाले बच्चों को मेनस्ट्रीम से जोड़ना चाहते हैं, इसी को ध्यान में रखते हुए हमने यह योजना बनाई है। मदरसों में एनसीईआरटी का सिलेबस लागू होने के अच्छे परिणाम मिले हैं। इससे 96 प्रतिशत से ज्यादा बच्चे पास हुए। इससे पता चलता है कि मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। मौका मिलने पर वे संस्कृति समेत सभी सब्जेक्ट में अच्छा प्रदर्शन कर सकते है।



**मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष बोले- राज्य सरकार की अनुमति मिलते ही पढ़ाएंगे**

# असम में अप्रवासियों को नागरिकता देने वाला कानून वैध है: सुप्रीम कोर्ट

## पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने सिटिजनशिप एक्ट की धारा 6-ए को चार-एक के बहुमत से माना सही

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने सिटिजनशिप एक्ट की धारा 6-ए की वैधता को बरकरार रखा है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 5 जजों की कॉन्स्टिट्यूशन बेंच ने इस पर गुरुवार को चार-एक के बहुमत से फैसला सुनाया। बेंच में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के अलावा जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे। फैसले पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ सहित चार जजों ने सहमति जताई है। वहीं जस्टिस जेबी पारदीवाला ने असहमति जताई। दरअसल, सिटिजनशिप एक्ट की धारा 6-ए को 1985 में असम समझौते के दौरान जोड़ा गया था। इस कानून के तहत जो बांग्लादेशी अप्रवासी 1 जनवरी 1966 से 25 मार्च 1971 तक असम आए हैं, वो भारतीय नागरिक के तौर पर खुद को रजिस्टर करा सकते हैं। हालांकि 25 मार्च 1971 के बाद असम आने वाले विदेशी भारतीय नागरिकता के लायक नहीं हैं। इस कानून पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- हमने धारा 6-ए की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा है। हम किसी को अपने पड़ोसी चुनने की अनुमति नहीं दे सकते और यह उनके भाईचारे के सिद्धांत के खिलाफ है। हमारा सिद्धांत है जियो और जीने दो।





### कुल 17 याचिकाओं पर सुनवाई की

सुप्रीम कोर्ट ने असम नागरिकता मामले को लेकर 17 याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान धारा 6-ए के खिलाफ याचिकाओं पर श्याम दीवान और सोमिरन शर्मा अखिल असम अहोम एसोसिएशन की ओर से पेश हुए। केएन चौधरी असम संयुक्त महासंघ की ओर से उपस्थित हुए। विजय हंसारिया प्रणव मजूमदार की ओर से पेश हुए। धारा 6-ए के पक्ष में केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, एडवोकेट स्नेहा कलिता और असम सरकार की ओर से एडवोकेट शुवोदीप रॉय उपस्थित हुए। मालविका त्रिवेदी अखिल असम छात्र संघ की ओर से उपस्थित हुईं। संजय आर हेगड़े और अदील अहमद असम सांख्य लघु संग्राम परिषद की ओर से पेश हुए। असम जमीयत उलेमा की ओर से सलमान खुर्शीद उपस्थित हुए।

### जस्टिस पारदीवाला का नजरिया अलग रहा

पांच सदस्यीय संविधान पीठ में सिर्फ जस्टिस पारदीवाला का नजरिया अलग रहा। उन्होंने कहा- इस कानून के मुताबिक नागरिकता लेने वाले अप्रवासियों को 10 साल तक वोट डालने का अधिकार नहीं था। इसका मतलब है कि इस समझौते का उद्देश्य नागरिकता प्रदान करना नहीं था। मेरा मानना है कि धारा 6-ए की वैधता निर्धारित करते समय समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले लोगों के उद्देश्यों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। धारा 6-ए समय बीतने के साथ असंवैधानिक हो गई है। यहां एक बात ध्यान रखनी होगी कि असम में अभी भी अप्रवासियों का आना लगा हुआ है। इस तरह के अप्रवास को धारा 6-ए के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।



### ये है सिटिजनशिप एक्ट की धारा 6-ए

सिटीजनशिप एक्ट 1955 की धारा 6-ए, भारतीय मूल के विदेशी प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्राप्त करने की अनुमति देती है। जो 1 जनवरी, 1966 के बाद लेकिन 25 मार्च, 1971 से पहले असम आए थे। यह प्रावधान 1985 में असम समझौते के बाद डाला गया था, जो भारत सरकार और असम आंदोलन के नेताओं के बीच हुआ समझौता था। असम के कुछ स्वदेशी समूहों ने इस प्रावधान को चुनौती दी, उनका तर्क था कि यह बांग्लादेश से विदेशी प्रवासियों की अवैध घुसपैठ को वैध बनाता है।

# दुनिया युद्ध नहीं, बुद्ध में खोजे समस्याओं का समाधान: मोदी

## अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस पर पीएम मोदी बोले-गुलाम मानसिकता वालों ने भारत की पहचान मिटाने की कोशिश की

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने के समारोह में भाग लिया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया युद्ध में नहीं बल्कि बुद्ध में समाधान ढूंढ सकती है। दुनिया को शांति के रास्ते पर चलने के लिए बुद्ध की शिक्षाओं से सीखना चाहिए। मोदी ने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया अस्थिरता से ग्रस्त है, बुद्ध न केवल प्रासंगिक हैं बल्कि एक जरूरत भी हैं। हर देश अपनी विरासत को अपनी पहचान से जोड़ता है, लेकिन भारत इस मामले में बहुत पीछे रह गया है। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले आक्रमणकारियों ने भारत की पहचान को मिटाने की कोशिश की। बाद में गुलाम मानसिकता से पीड़ित लोगों ने ऐसा किया। एक ग्रुप ने देश पर कब्जा कर लिया जो इसे अपनी विरासत के विपरीत दिशा में ले गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देना भगवान बुद्ध की महान विरासत का सम्मान है।



### जारी है बुद्ध से जुड़ने की यात्रा

प्रधानमंत्री ने कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि मेरे जन्म के समय भगवान बुद्ध से जुड़ने की जो यात्रा शुरू हुई, वह आज भी जारी है। मेरा जन्म गुजरात के वडनगर में हुआ, जो कभी बौद्ध धर्म का प्रमुख केंद्र था। पिछले 10 सालों में मुझे भारत के ऐतिहासिक बौद्ध स्थलों से लेकर दुनिया के विभिन्न देशों में कई कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिला है। मैंने नेपाल में भगवान बुद्ध के जन्मस्थान का दौरा करने से लेकर मंगोलिया में उनकी प्रतिमा के अनावरण किया।

### क्या होती हैं शास्त्रीय भाषाएं

केंद्र सरकार ने 2004 में शास्त्रीय भाषा की एक कैटेगरी बनाई थी। शास्त्रीय भाषा के मानदंडों के अनुसार, भाषा का 1500 से 2000 पुराना रिकॉर्ड होना चाहिए। इसके साथ ही भाषा का प्राचीन साहित्य या ग्रंथों का संग्रह होना चाहिए। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 3 अक्टूबर को पाली के अलावा मराठी, प्राकृत, असमिया और बांगला को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने की मंजूरी दी थी। शास्त्रीय भाषा का दर्जा पाने वाली तमिल पहली भाषा तमिल 2004 में शास्त्रीय भाषा का दर्जा पाने वाली पहली भाषा थी। उसके बाद 2005 में संस्कृत को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया। इसके बाद तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और उड़िया को क्रमशः शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता मिली थी। मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने की मांग 2013 से ही लंबित थी।

# अब रेलवे टिकट की एडवांस बुकिंग 2 महीने पहले होगी

## अभी यात्रा से 4 महीने पहले ले सकते हैं टिकट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** यात्रियों की सुगम यात्रा के लिए भारतीय रेलवे समय-समय पर कदम उठाता रहता है। अब रेलवे ने टिकट रिजर्वेशन को लेकर बड़ा फैसला लिया है। रेल से सफर करने वाले यात्री अब केवल 60 दिन पहले तक ही टिकट बुक कर सकेंगे। आगामी एक नवंबर से रेल मंत्रालय द्वारा यह व्यवस्था शुरू की जा रही है। अभी रेल यात्री 120 दिन पहले रेलगाड़ी की टिकट बुक कर सकते हैं। गुरुवार को रेल मंत्रालय की तरफ से यह आदेश जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि आरक्षित टिकट लेने के लिए अभी यात्री 120 दिन पहले बुकिंग करते हैं, लेकिन आगामी 1 नवंबर से इसमें बदलाव किया जा रहा है और इस अवधि को घटाकर 60 दिन किया जा रहा है। इसका असर






31 अक्टूबर तक बुक की जाने वाली टिकटों पर नहीं पड़ेगा और यात्री 120 दिन पहले टिकट ले सकेंगे। यात्री उन टिकटों को भी कैंसल कर सकेंगे, जिनके जाने में 60 दिन से अधिक समय बचा हुआ है। दिन के समय चलने वाली गाड़ियां जैसे ताज एक्सप्रेस, गोमती एक्सप्रेस आदि पर इस नियम का कोई असर नहीं पड़ेगा। उनमें पहले की तरह ही समय सीमा जारी रहेगी। इसके अलावा फॉरेन टूरिस्ट्स गाड़ियों पर भी इस आदेश का असर नहीं होगा।

# पुष्पा 2 ने रिलीज से पहले कर ली 900 करोड़ की कमाई

**मुंबई, जेएनएन।** अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म 6 दिसंबर को रिलीज होगी और अब खबर आ रही है कि प्री-रिलीज में ही यह तगड़ा बिजनस कर चुकी है। मूवी का पहला पार्ट दर्शकों को काफी पसंद आया था। हिंदी बेल्ट में भी फिल्म ने काफी अच्छी कमाई की थी। रिलीज के पहले फिल्म ने 900 करोड़ कमा लिए हैं। यह इसके ओटीटी और सैटेलाइट राइट्स की कमाई है। बता दें कि साल 2021 में आई पुष्पा द राइज के बाद अल्लू अर्जुन हिंदी दर्शकों के दिलों में जगह बना चुके हैं। फिल्म देखने वाला हर कोई इसके दूसरे पार्ट का इंतजार कर रहा था। मेकर्स फिल्म से जुड़े अपडेट्स देते रहते हैं। हालांकि, फिल्म मेकर्स की तरफ से इस तरह का कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया जा रहा है कि फिल्म के थिएटर राइट्स ही 650 करोड़ रुपये में बिके हैं। रिपोर्ट्स हैं कि नेटफ्लिक्स ने पुष्पा 2 के राइट्स लिए हैं।



**6 दिसंबर को रिलीज होगी फिल्म**

### गंगा नदी पर एक नए रेल-सह-सड़क पुल का होगा निर्माण

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय मल्टीट्रैकिंग के निर्माण को केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मंत्रिमंडल ने गंगा नदी पर एक नए रेल-सह-सड़क पुल सहित वाराणसी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय मल्टीट्रैकिंग के निर्माण को मंजूरी दी है। कनेक्टिविटी प्रदान करने, यात्रा को आसान बनाने, रसद लागत को कम करने, तेल आयात को कम करने और सीओ2 उत्सर्जन को कम करने के लिए प्रस्तावित परियोजना असंबद्ध क्षेत्रों को जोड़कर रसद दक्षता में सुधार करेगी और परिवहन नेटवर्क को बढ़ाएगी, जिससे सुव्यवस्थित आपूर्ति श्रृंखला और त्वरित आर्थिक विकास होगा। परियोजना की कुल अनुमानित लागत 2,642 करोड़ रुपए है और इसे चार वर्षों में पूरा किया जाएगा। परियोजना निर्माण के दौरान लगभग 10 लाख मानव-दिनों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार भी पैदा करेगी। 16 अक्टूबर 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल मंत्रालय की एक परियोजना को मंजूरी दी है। प्रस्तावित मल्टी-





ट्रैकिंग परियोजना परिचालन को आसान बनाएगी और भीड़भाड़ को कम करेगी, जिससे भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्ततम खंडों पर आवश्यक बुनियादी ढांचागत विकास होगा। यह परियोजना उत्तर प्रदेश के वाराणसी और चंदौली जिलों से होकर गुजरती है। वाराणसी रेलवे स्टेशन, भारतीय रेलवे का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जो प्रमुख क्षेत्रों को जोड़ता है और तीर्थयात्रियों, पर्यटकों और स्थानीय आबादी के लिए प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है।

### महाकुंभ | रेलिंग व स्ट्रीट लाइट होगी एंटिक, डिवाइडर पर होगी आकर्षक पेंटिंग, सफेद पट्टी से खूबसूरत दिखेगी सड़क

# संगम नगरी में बन रहे कॉरिडोर के 84 स्तंभों पर दिखेगा सृष्टि का सार

**प्रयागराज, जेएनएन।** प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके लिए महानगर को सजाया जा रहा है। महाकुंभ के दृष्टिगत बनाया जा रहा वीवीआईपी रोड कारिडोर देखते ही बनेगा। एयरपोर्ट के ठीक सामने इस विशेष सड़क पर 84 स्तंभ स्थापित किए जाएंगे। लगभग 525 की लंबाई में स्थापित होने वाले ये स्तंभ 84 लाख योनियों को दर्शाएंगे, जिससे सृष्टि का सार प्रदर्शित हो सकेगा। इसमें शिव के सहस्त्र नाम लिखे जाएंगे। देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को ये स्तंभ आकर्षित करेंगे। स्तंभ लगाने का कार्य शुरू हो गया है। वीवीआईपी रोड कॉरिडोर एयरपोर्ट से संगम तक के लिए बनाया जा रहा है। इस वीवीआईपी रोड कारिडोर से एयरपोर्ट और संगम के बीच की 16 किलोमीटर की दूरी ज्यादा से ज्यादा 25 मिनट में तय की जा सकेगी। एयरपोर्ट के बाहर आधा किलोमीटर की दूरी पर यह वीवीआईपी रोड कॉरिडोर बेहद खास होगा। इस सड़क के दोनों किनारे पर जो स्तंभ स्थापित किए जाएंगे, वे विदेश का लुक देंगे। प्रत्येक स्तंभ



12.5 मीटर की दूरी पर स्थापित होंगे। इनके अगल-बगल रंग-बिरंगे सजावटी फूलदार पौधे रोपे जाएंगे। सड़क कारिडोर की रेलिंग व स्ट्रीट लाइट तथा बेंच एंटीक होगी। इसके डिवाइडर पर आकर्षक पेंटिंग कराई जाएगी। सफेद पट्टी से सड़क बेहद खूबसूरत दिखेगी। इन स्तंभों पर सरकार 21 करोड़ 30 लाख रुपए खर्च करेगी। सरकार ने इसके निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए की पहली किश्त जारी भी कर दिया है। इस वीवीआईपी रोड कारिडोर पर बनने वाले सूबेदारगंज आरओबी भी विशेष होगा।

### रामपुर में बनेगा शिव द्वार

एयरपोर्ट से संगम तक सड़क के किनारे कई स्थानों पर ग्रीनरी विकसित की जाएगी। मकानों, प्रतिष्ठानों व संस्थानों की दीवार तथा चहारदीवारी पर वाल पेंटिंग कराई जाएगी। इस मार्ग पर स्थित चौराहों का विशेष तौर पर सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। इस वीवीआईपी कारिडोर के निर्माण पर सरकार लगभग 550 करोड़ खर्च कर रही है। इसके अलावा झूंसी में मुख्य चौराहे के किनारों पर गोलाई में छह स्तंभ लगाए जाएंगे। यहां पर ये स्तंभ 15 मीटर की दूरी पर स्थापित किए जाएंगे। चौराहे का विशेष सौंदर्यीकरण भी कराया जाएगा। वहीं मीरजापुर मार्ग पर रामपुर के पास शिव द्वार का निर्माण कराया जा रहा है। इससे अब तीर्थराज में प्रवेश के लिए चारो दिशाओं की सड़क पर विशेष द्वार हो जाएंगे। अभी तक रीवा मार्ग पर, लखनऊ मार्ग पर वाराणसी मार्ग पर द्वार हैं, जिनका गंगा, यमुना व सरस्वती द्वार है। इन सभी का पुनर्विकास का कार्य चल रहा है। मीरजापुर मार्ग पर द्वार नहीं था, जो इस बार बन जाएगा।

दैनिक जागरण वर्गीकृत
आवश्यकता शिक्षा प्रापर्टी दूरसंचार ऑटो मोबाइल, ट्रेवल्स शॉपिंग बाजार इलेक्ट्रॉनिक्स रेस्टोरेंट

जागरण क्लासीफाइड
डबल धमाका
हमारा वादा, कम में ज्यादा
एक के साथ एक फ्री स्कीम
रनिंग क्लासीफाइड के साथ
भोपाल संस्करण ₹300/-
संपूर्ण म.प्र. संस्करण ₹500/-
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें
9826433122
9826065324
Email : advtbhopaljagran@gmail.com
डिस्प्ले क्लासीफाइड ₹50/- per sqcm.

अण्डा
BHOPAL EGG RATE
515/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह
पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है।
-व्यवस्थापक

## कुंड में स्नान करने गए दो दोस्त, एक डूबा

**जागरण, उज्जैन।** कालियादेह महल पर स्नान करने पहुंचे दो दोस्त गहरे पानी में जाने से डूब गए। वहां मौजूद तैराकों ने एक को बचा लिया, जबकि दूसरे की मौत हो गई। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि, इंदौर के पीथमपुर के रहने वाले मनीष जायसवाल अपने दोस्त राजा और अन्य लोगों के साथ उज्जैन के कालियादेह स्थित 52 कुंड में पर्व स्नान करने पहुंचा था। यहां गहरे पानी में मनीष डूब गया। राजा को गोताखोरों ने बचा लिया।

## रीवा में नकली सोना देकर तीन लाख ठगे, केस दर्ज

**जागरण, रीवा।** जिले के सोहागी थाना क्षेत्र में पहाड़ में एक व्यक्ति को नकली सोना बेचकर बदमाशों ने तीन लाख रुपए की ठगी कर ली। नईगढ़ी थाने के शिवराजपुर निवासी पीड़ित प्रभाकर प्रसाद मिश्रा को आरोपियों ने एक माह पहले फोन करके सस्ता सोना लेने के लिए बुलाया था। जहां वे आरोपियों के झांसे में आ गए। पुलिस ने गुरुवार को मामले में केस दर्ज किया है।

### "ट्वीट ऑफ द डे"



असदुद्दीन ओवैसी
सांसद

बहराइच हिंसा के आरोपियों का पुलिस से एनकाउंटर का सच जानना मुश्किल नहीं है। योगी की ठोक देंगे नीति के बारे में सब जानते हैं। अगर पुलिस के पास इतना सबूत होता तो आरोपियों को कानूनी सजा दिलाने की कोशिश होती।

## संक्षिप्त खबरें

### एयरफोर्स स्टेशन और एयरपोर्ट क्षेत्र में हर्ष फायरिंग पर रोक



**जागरण, ग्वालियर।** देश के बड़े एयरफोर्स स्टेशन में शामिल ग्वालियर के महाराजपुरा एयरफोर्स स्टेशन के आसपास हर्ष फायरिंग पर रोक लगा दी गई है। विंग कमांडर स्टेशन एयरोस्पेस सुरक्षा अधिकारी ने अपने शिकायती आवेदन में बताया है कि एयरफोर्स स्टेशन और सिविल एयरपोर्ट एरिये में लगातार हर्ष फायरिंग के चलते असुरक्षा का माहौल बन गया था। कलेक्टर से एसपी की चर्चा के बाद बड़ा निर्णय लिया, जिसके तहत कलेक्टर रुचिका चौहान ने धारा 163 के तहत हर्ष फायरिंग के खिलाफ प्रतिबन्धनात्मक आदेश जारी कर पूरी तरह से रोक लगा दी है। बीते 2 साल में एयरफोर्स स्टेशन परिसर में 6 से ज्यादा मेटेलिक फायर बुलेट्स बरामद हो चुकी है। लगातार पुलिस प्रशासन के साथ बैठक भी की गई, लेकिन रनवे पर बुलेट्स मिलने के बाद अब एयरफोर्स सुरक्षा अधिकारी की शिकायत पर कलेक्टर रुचिका ने यह सख्त आदेश जारी किया है, आदेश का उलंघन करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### रिटायर्ड जज के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी एक लाख किए पार

**जागरण, इंदौर।** रिटायर्ड जज के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। दरअसल, रिटायर्ड जज ने ऑनलाइन कंपनी में ऑर्डर कर सामान मंगवाया था, उसे कैंसिल करने के लिए ऑनलाइन नंबर पर कॉल किया, जो लिंक आई उस पर क्लिक किया तो बैंक खाते से एक लाख रुपए कट गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्राइम ब्रांच एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि इंदौर में रहने वाले रिटायर जज के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि उन्होंने स्विगी कंपनी से ऑनलाइन सामान ऑर्डर किया था और उसे कैंसिल करने के लिए ऑनलाइन नंबर ढूंढा, फिर उन्हें ऑनलाइन नंबर मिला। उन्होंने उस नंबर पर कॉल किया तो एक ऑनलाइन लिंक प्राप्त हुई थी, जिस पर क्लिक किया तो स्क्रीन शेयरिंग का ऑप्शन ऑन हो गया और फिर उनके पास जो ओटीपी आया वह सामने वाले साइबर अपराधी को भी नजर आने लगा था। इसके बाद उनके खाते से एक लाख की राशि कट गई, जिसका मैसेज उन्हें प्राप्त हुआ है।

## श्योपुर विधायक पर एफआईआर, भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह फूंका पुतला, मुंह काला करने की चेतावनी दी

# कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल ने भगवान शिव को कहे अपशब्द, वीडियो वायरल होने के बाद मचा बवाल

भाजपा नेता नरेंद्र सलूजा ने एक्स पर साझा किया वीडियो

**जागरण, श्योपुर।** कांग्रेस के श्योपुर से विधायक बाबू जंडेल का एक वीडियो वायरल होने के बाद बवाल मच गया है। वीडियो में विधायक भगवान शिव का नाम लेते हुए अपशब्द कहते सुनाई दे रहे हैं। वीडियो करीब एक साल पुराना बताया जा रहा है। कांग्रेस विधायक का वीडियो सामने आने के बाद श्योपुर में विश्व हिंदू परिषद ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। वीडियो सामने आने के बाद भाजपा और हिंदू संगठनों ने विरोध शुरू कर दिया है।

इंदौर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक का पुतला फूंककर उनका मुंह काला करने की चेतावनी दी है। वहीं ग्वालियर के दौलतगंज में अखिल भारतीय हिंदू महासभा के नेता और कार्यकर्ताओं ने शिवजी के मंदिर के बाहर बाबू जंडेल का पुतला जलाया। उनके पुतले को जूते चप्पलों से भी पीटा। गुरुवार को इस वीडियो को भाजपा नेता नरेंद्र सलूजा ने अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया है। सलूजा ने लिखा- कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल का भगवान भोलेनाथ का नाम लेकर गाली बकते हुए वीडियो वायरल। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, एक दिन पहले आप भी नशे की हालत में भाषण दे रहे थे। अब देख लो अपनी पार्टी के नेताओं के चरित्र।




इंदौर में कांग्रेस विधायक का विवादित वीडियो सामने आने के बाद पुतला जलाते भाजपा कार्यकर्ता।

### इंदौर आए तो मुंह काला करेंगे: विधायक शुक्ला

विधायक का वीडियो सामने आने के बाद विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गया है। इंदौर में बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा ने जंडेल का पुतला जलाकर विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने इसे लेकर कांग्रेस पार्टी को घेरा और कहा कि किसी भी कीमत पर देवी-देवताओं का अपमान सहन नहीं किया जाएगा। इंदौर 3 से बीजेपी विधायक गोलू शुक्ला ने कहा- यह कांग्रेसी मानसिकता के लोग हैं। जंडेल ने भगवान शंकर के प्रति जो बात बोली है, मैं उसकी निंदा करता हूं। इस तरह का कृत्य आगे से किया जाएगा तो उसका जवाब दिया जाएगा। शुक्ला ने कहा-विधायक इंदौर आए तो हम उसका मुंह काला करेंगे। यह मुद्दा विधानसभा में भी उठाया जाएगा। इस तरह भगवान के प्रति कोई अपशब्द कहेगा तो उसको छोड़ेंगे नहीं।

### देवताओं का अपमान करना कांग्रेस का एजेंडा: वीडी

बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने बाबू जंडेल के विवादित वीडियो का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल ने भगवान शंकर को अभद्र भाषा में अपमानित किया है। यह कांग्रेस की सनातन धर्म को खत्म करने की मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मैं राहुल गांधी और खड़गे जी से पूछना चाहता हूं कि आपकी पार्टी की मोहब्बत की दुकान है या गाली की दुकान? शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं की चुप्पी, यह बताती है कि कांग्रेस के एजेंडे में सनातन धर्म और हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करना शामिल है।



### काट-छांटकर जारी किया वीडियो: जंडेल

मामले पर सफाई देते हुए विधायक बाबू जंडेल ने कहा- वीडियो काट-छांट करके रामनिवास रावत के लोगों ने मुझे बदनाम करने के लिए वायरल किया है। वह वीडियो रक्षाबंधन के टाइम का है। मेरी कलाई पर राखी बंधी हुई है।



### बयान देकर पहले भी विवादों में रहे जंडेल

विधायक बाबू जंडेल अपने काम से ज्यादा अपने बयानों को लेकर चर्चित रहते हैं। जनवरी महीने में विधायक बाबू जंडेल श्योपुर में पशु पालकों और वनांचल के कार्यक्रम में काथा कि भाइयों, अगर अपनी सरकार आई तो आप चिंता मत करो। जंगल में बकरियों को जलाने वालों को मैं जिंदा जला दूंगा। अक्टूबर 2024 में कराहल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में कहा- अगर यहां कांग्रेस नहीं जीती तो मैं अपना मुंह काला करा लूंगा। अगस्त 2023 में श्योपुर में बारिश नहीं होने पर कहा था- श्योपुर की जनता से अपील है कि क्षेत्र के मुखिया यानी विधायक को गधे पर बैठाकर गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाले तो इंद्रदेव प्रसन्न होंगे और बारिश जरूर होगी। इसके अलावा मार्च 2023 में सब इंस्पेक्टर माधवी शाक्य को फोन पर गालियां दी थीं। इसका ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था और अब केस भी कोर्ट में चल रहा है।

### कांग्रेस ने जारी किया पूर्व मंत्री कुसुम मेहदेले का विवादित बयान



**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल का वीडियो वायरल होने पर बीजेपी हमलावर है। वहीं कांग्रेस ने पूर्व मंत्री कुसुम मेहदेले का बयान जारी कर दिया है, जो उन्होंने 2021 में दिया था। कांग्रेस ने पुराने बयान की खबर की लिंक जारी की है। दरअसल तत्कालीन महाचसिव भाजपा कैलाश विजयवर्गीय ने महाकाल दर्शन को लेकर अपने ट्विटर हैंडल पर एक फोटो शेयर किया था। इस फोटो पर पूर्व मंत्री कुसुम मेहदेले ने टिप्पणी करते हुए लिखा था कि शिव के लिंग का श्रृंगार अजीब नहीं लगता! श्रृंगार तो शिवजी की मूर्ति का होना चाहिए। इस तरह उन्होने शिवलिंग पूजन और श्रृंगार को लेकर सवाल खड़े किए थे।

## वर्ग 1 शिक्षक भर्ती 2023 के 1500 उम्मीदवारों के लिए दो महीने में दोबारा होगी चयन परीक्षा

**हाईकोर्ट के निर्देश:** कोविड-19 के बाद पहली भर्ती परीक्षा में देनी थी आयु सीमा में छूट

**जागरण, भोपाल।** एमपी हाईकोर्ट ने कोविड-19 के कारण उम्र की छूट के पात्र उम्मीदवारों के मामलों की सुनवाई करते हुए 2 महीने के अंदर दोबारा चयन परीक्षा आयोजित करने का आदेश दिया है। नियमानुसार स्कूल शिक्षा विभाग को कोविड-19 महामारी के बाद पहली भर्ती परीक्षा में उम्मीदवारों को आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट देना थी, लेकिन विभाग ने ऐसा नहीं किया। इसके बाद उम्मीदवारों ने हाईकोर्ट में मामले को लेकर 61 अलग अलग याचिकाएं लगा दी। मामले की सुनवाई करते हुए 4 अक्टूबर को हाईकोर्ट ने आदेश सुरक्षित रख लिया था, इसे अब जारी किया गया है। आदेश जारी होने के 2 महीने के अंदर विभाग को पात्र उम्मीदवारों के लिए दोबारा चयन परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रथम काउंसलिंग अंतिम चरण में

भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत विभाग की प्रथम काउंसलिंग अंतिम चरण में है। 3100 से अधिक चयनित शिक्षकों के डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन हो चुके हैं, च्वाइस फीलिंग भी हो गई है। सिर्फ च्वाइनिंग लेटर भर जारी होने हैं। ऐसे में अब करीब दो हजार से अधिक उम्मीदवारों के लिये दोबारा चयन परीक्षा के आयोजन का मतलब मेरिट डिस्टर्ब होना है। विभाग के सामने ये दिक्कत होगी कि समान अंक आने पर वह किसे नौकरी देगा? पहले चयन परीक्षा से मेरिट में आने वाले उम्मीदवार को या कोर्ट के आदेश पर दोबारा आयोजित होने वाली चयन परीक्षा में कटआफ नंबर लाने वाले उम्मीदवार को नौकरी मिलेगी।

### सरकारी वकील साबित नहीं कर सके अपने तर्क



सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के वकील इस स्थिति पर विवाद करने में असमर्थ रहे कि उच्च माध्यमिक शिक्षक के लिए टीईटी 2018 में अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों के लिए कोई और चयन परीक्षा आयोजित नहीं की गई थी और जिन्हें 1 दिसंबर 2022 तक नियुक्ति दी गई थी (जिस तारीख को नियमों में संशोधन किया गया था)। निर्विवाद रूप से, 1 दिसंबर 2022 तक की सभी नियुक्तियाँ बिना किसी अलग भर्ती परीक्षा के की गई थीं।

### याचिकाकर्ता के वकील का ये रहा पक्ष

एमपी हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस की डबल बेंच ने याचिकाकर्ताओं के वकील की दलील में दम पाया। जिसमें ये कहा गया कि टीईटी 2018 के परिणामों की घोषणा के बाद नियुक्ति के लिए आयोजित बार-बार की गई प्रक्रियाएँ कुछ और नहीं, बल्कि नियुक्ति के लिए मात्र काउंसलिंग प्रक्रियाएं थीं, क्योंकि आगे कोई चयन परीक्षा कभी आयोजित नहीं की गई थी। इन राउंड के लिए इन नोटिसों को विज्ञापन के रूप में शीर्षक दिया जा सकता है, लेकिन ये किसी भी नई रिक्तियों के लिए विज्ञापन नहीं थे, बल्कि उच्च माध्यमिक शिक्षक के लिए टीईटी 2018 को अधिसूचित करने के समय घोषित लगभग 17000 रिक्तियों को भरने के लिए केवल बार-बार किए गए राउंड थे।

### चीफ जस्टिस ने सुनाया ऐतिहासिक फैसला

एमपी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की डबल बेंच ने दो महीने के अंदर ऐसे उम्मीदवारों के लिये दोबारा चयन परीक्षा आयोजित करने के लिये कहा है जिन्होंने परीक्षा की तारीख से पहले याचिका दायर करने के बावजूद चयन परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई थी। बता दें कि ऐसे उम्मीदवारों की संख्या करीब दो हजार के आसपास हो सकती है। इस एक अकेले मुद्दे पर ही 61 याचिकाएं हाईकोर्ट में लगी हुई थीं।

### हाईकोर्ट की बेंच ने ये पाया

बेंच ने ये पाया कि कोविड-19 महामारी के कारण पिछले 3 वर्षों से भर्ती परीक्षाओं को नियमित रूप से विज्ञापित नहीं किया गया है और इसलिए, राज्य ‟अगले पहले विज्ञापन" के लिए अधिकतम आयु सीमा में 3 वर्ष की अतिरिक्त छूट देगा। यह उन रिक्तियों के लिए है जो कोविड-19 महामारी के बाद पहली बार विज्ञापित की जा रही हैं। उच्च माध्यमिक शिक्षक के लिए टीईटी 2018 को कोविड-19 महामारी से पहले अधिसूचित और आयोजित किया गया था।

## विधायक निर्मला सप्रे के घर जाने की कोशिश में कांग्रेसियों की पुलिस से झड़प, चलाई वाटर कैनन

**जागरण, बीना।** बीना से विधायक निर्मला सप्रे के खिलाफ गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और उनके घर और कार्यालय पर कांग्रेस का झंडा लगाने पर अड़ गए। इसके बाद पुलिस के साथ उनकी झूमाझटकी हुई। पुलिस ने उन्हें वाटर कैनन से खदेड़ दिया। कांग्रेस का आरोप है कि जब विधायक भाजपा में शामिल हो चुकी हैं, तो इस्तीफा क्यों नहीं दे रहीं। दरअसल, इस मामले ने विधायक के एक जवाब के बाद तूल पकड़ा है। 10 अक्टूबर को विधानसभा को भेजे गए जवाब में विधायक ने ये कहा है कि वो भाजपा में नहीं, बल्कि कांग्रेस में हैं। दरअसल सुबह कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक के घर जाने का प्रयास किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं और पुलिस में झड़प हो गई। पुलिस ने कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है।

मालूम हो कि बीना में कांग्रेस पार्टी से चुनाव जीतकर विधायक निर्वाचित हुई निर्मला सप्रे ने लोकसभा चुनाव के समय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के समक्ष मंच पर पहुंची थीं और भारतीय जनता पार्टी के लगभग हर कार्यक्रम में मौजूद रहती नजर आई हैं। वहीं हाल ही में निर्मला सप्रे का विधानसभा अध्यक्ष को जो लिखित बयान दिया था कि उन्होंने कांग्रेस से त्यागपत्र नहीं दिया, इसे लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता सर्वोदय चौराहे पर एकत्र हुए और विधायक निर्मला सप्रे के कार्यालय में कांग्रेस का झंडा लगाने चल पड़े।



### हम अपनी विधायक को गुलदस्ता देने जा रहे थे

विधायक कार्यालय की ओर जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बैरिकेट्स लगाकर रोका तथा आगे नहीं जाने दिया, जब इन कार्यकर्ताओं ने जबरदस्ती जाने की कोशिश की तो पुलिस ने इन्हें वॉटर केनन से खदेड़कर गिरफ्तार कर लिया। कांग्रेसियों का कहना था कि वह हमारी विधायक हैं और हम उन्हें गुलदस्ता देने जा रहे थे तथा जब उन्होंने कांग्रेस से त्यागपत्र नहीं दिया है तो उनके कार्यालय पर कांग्रेस का झंडा लगाएंगे। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं का कहना है कि विधायक स्पष्ट करें कि वह कांग्रेस विधायक हैं अथवा बीजेपी में शामिल हो गई हैं।

## उप्र में नौ सीटों पर होने वाले उपचुनाव एक सप्ताह टालने चुनाव आयोग पहुंची बीजेपी

**लखनऊ, जेएनएन।** यूपी में नौ सीटों पर होने वाले उपचुनाव को एक हफ्ते टालने के लिए बीजेपी चुनाव आयोग पहुंची है। बीजेपी ने 13 नवंबर की जगह 20 नवंबर को वोटिंग कराने की मांग की है। बीजेपी ने यूपी के मुख्य निर्वाचल अधिकारी इस बाबत पत्र लिखा है। पत्र में कई जिलों का जिक्र करते हुए बताया है कि 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिया का स्नान पर्व होने के कारण लोग दो तीन दिन पहले ही इसमें भागीदारी करने चले जाएंगे। ऐसे में बहुसंख्यक मतदाता वोट देने से वंचित रह जाएंगे। गौरतलब है कि दो दिन पहले ही चुनाव आयोग ने यूपी की दस में से नौ सीटों पर चुनाव की घोषणा की थी। आयोग के अनुसार 18 नवंबर को नामांकन के साथ चुनावी प्रक्रिया शुरू होगी। 13 नवंबर को वोटिंग और 23 नवंबर को मतगणना होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे पत्र में बीजेपी ने कहा कि उप्र में कार्तिक पूर्णिमा के स्नान पर्व और पूजन का धार्मिक महत्व है।

## प्रत्याशी तय नहीं, रथ बनकर तैयार

### वीडियो वायरल होने से मतदाता पसोपेश में

**जागरण, भैरुंदा भोपाल।** बुधनी विधानसभा के लिए भाजपा ने भले ही अभी तक प्रत्याशी के नाम का एलान नहीं किया हो,लेकिन एक वायरल वीडियो ने दावेदारों की धड़कने बढ़ा दी है। वीडियो को पूर्व सासंद रमाकांत भार्गव का चुनावी रथ दिखाया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में एक प्रचार रथ दिखाई दे रहा है, जिसमें बुदनी उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रुप में रमाकांत भार्गव लिखा हुआ है। हालांकि सोशल मीडिया पर वायरल इस फोटो की पुष्टि किसी के द्वारा नहीं की जा रही। उल्लेखनीय है कि बुधनी उपचुनाव के लिए आगामी 13 नवंबर को मतदान होना है। भाजपा एवं कांग्रेस के द्वारा अभी तक विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है। इस वीडियो के वायरल होने पर लोग कयास लगा रहे है कि कहीं पार्टी नेतृत्व द्वारा रमाकांत भार्गव को पूर्व से ही संकेत दिए गए है। जिसके चलते भार्गव समर्थक रथ के जरिए प्रचार पर निकलने की तैयारी कर रहे है। इससे क्षेत्र के आम मतदाताओं के बीच भ्रम की स्थिति बनी हुई है। इस संबंध में सीहोर भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मालवीय का कहना है कि मेरे संज्ञान में इस तरह की कोई बात नहीं है। टिकट का फैसला प्रदेश नेतृत्व करेगा,लेकिन अगर इस तरह की कोई चीज चल रही है, तो यह जांच का विषय है।




## सिंहस्थ की तैयारी अभी से करें अधिकारी

**विसं भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सनातन धर्म की सन्यासी परम्पराओं के सभी वैष्णव और शैव संत 12 साल में सिंहस्थ में आते हैं और भविष्य में सनातन धर्म की दिशा, आचरण, स्वरूप तय करते है। मानवता की स्थापना के लिये सर्वोच्च सिंहस्थ मेला-2028 में पुनः होने वाला है। सिंहस्थ की तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक महाकाल ज्योर्तिलिंग उज्जैन के महाकाल लोक और दूसरे ज्योर्तिलिंग ओंकारेश्वर में बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। मप्र की पहचान धार्मिक नगरी उज्जयिनी में हर 12 वर्ष में होने वाले सिंहस्थ के रूप में होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दृष्टि से सिंहस्थ प्रदेश के साथ ही राष्ट्र के लिये एक महत्वपूर्ण आयोजन है। पूरे विश्व में इसकी गूंज होती है। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अधिक से अधिक सुविधाएं देने के लिए नये निर्माण कार्य भी कराये जा रहे हैं। साथ ही वर्तमान सुविधाओं का उन्नयन भी किया जा रहा है। सिंहस्थ की सफलता के लिये अभी से तैयारियाँ शुरू करनी होगी। इन सभी कार्यों को शासकीय विभागों और अन्य उपक्रमों तालमेल के साथ पूर्ण करने के लिये जुटना होगा। उन्होंने कहा कि ऐसी योजना तैयार की जाये कि क्षिप्रा नदी हर हाल में पूरी तरह से प्रदूषण मुक्त हो और क्षिप्रा नदी में निरंतर शुद्ध जल का अविरल प्रवाह हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-महाकुंभ में दुनिया भर से करीब 15 करोड़ लोगों के शामिल होने की संभावना है। इस वजह से उज्जैन में ट्रैफिक व्यवस्था बनाये रखना बड़ी चुनौतीपूर्ण होगा।



दैनिक जागरण
समाचार पत्र के लिए
संपादकीय विभाग हेतु
आवश्यकता है
- सिटी रिपोर्टर - 4 पद
- उप संपादक (प्रांतीय डेस्क) - 2 पद
- उप संपादक (फीचर डेस्क) - 2 पद
- उप संपादक (सेन्ट्रल डेस्क) - 2 पद
- उप संपादक (व्यापार पृष्ठ) - 1 पद

न्यूनतम योग्यता:-स्नातक/पत्रकारिता स्नातक
(प्रतिष्ठित समाचार पत्र में 4 से 5 वर्ष के अनुभवी को प्राथमिकता)
वेतन योग्यतानुसार
अपना आवेदन-फोटो के साथ निम्न ईमेल आईडी पर भेजे।
Email : satianil04@gmail.com
दैनिक जागरण
33, प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी. नगर, जोन-1, भोपाल, फोन : 0755-6723200



जंगल लव
सतना:जंगल में प्रेमी जोड़ों के अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले बदमाश की हत्या का मामला।
कंकाल की गवाही
चंदेरी: राक्षसी यौन हरकत करने वाले पति को प्रेमी और भाई के साथ मिलकर पत्नी ने उतारा था मौत के घाट।
कामुक तांत्रिक
बागली: झाड़-फूंक के बहाने बेटी से दुराचार कर रहे तांत्रिक की पिता ने की हत्या।
दीवानी चोरनी
मुरैना: बीस साल छोटे प्रेमी को ऐश करवाने नौकरानी ने मालिक के घर से उड़ाए लाखों।
...एवं अन्य रोचक कहानियां

मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या.** : 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।